www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, सोमवार, 8 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -274 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

ब्रिटेन की यात्रा पर आज जाएंगे राजनाथ 02
■ भुटानी और ग्रुप-108 में 200 लोगों ने ...
■ उल्लू गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार 04
■ बाइडेन ने 'लोकतंत्र बचाओ' अपील के साथ शुरू...
■ उत्तरी गाजा में हमास का कमांड नष्ट... 07
कंगना रनौत ने कलाकार होने का सबसे अच्छा पहलू बताया 10

गुजरात में जिला अदालतों के वकीलों से बोले सीजेआई

# ऐसे काम करें, आने वाली पीढ़ियों तक 'न्याय की ध्वजा' फहरती रहे

- राजकोट में नए कोर्ट की इमारत के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल
- लोग पहले जिला कोर्ट जाते हैं, उनका भरोसा बनाए रखें
- महात्मा गांधी के जीवन व आदर्श से प्रेरित हैं सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़




**राजकोट**, 7 जनवरी (एजेंसियां) । सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने मंदिरों पर लगे ध्वजों से प्रेरणा लेते हुए जिला अदालतों के वकीलों से इस तरह काम करने के लिए कहा कि आने वाली पीढ़ियों तक 'न्याय की ध्वजा' फहराती रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज की कल्पना करें जहां हर एक नागरिक को इंसाफ का अधिकार मिले। लोग सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट नहीं आते। शुरुआत में लोग जिला अदालतों में जाते हैं। जिला अदालतें ही इंसाफ की पहली सीढ़ी के रूप में उभरती हैं। उन्होंने जिला अदालतों के वकीलों से कहा कि बार के सदस्यों के रूप में आपको नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा करना होगा। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, जिला अदालत के वकील के रूप में यह हमारी दक्षता है कि हम वास्तव में यह सुनिश्चित करेंगे कि न्याय की यह ध्वजा आने वाली पीढ़ियों तक फहरती रहे। यहां पर वे जामनगर रोड पर 110 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुई नई कोर्ट बिल्डिंग के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। सीजेआई ने कहा कि उन्होंने ज्यूडिशियरी के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और उनके समाधानों की पहचानने के लिए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरित होकर विभिन्न राज्यों का दौरा करना शुरू किया है। दो दिवसीय गुजरात यात्रा इसी का हिस्सा है।

## दोषियों को सजा में छूट के खिलाफ याचिकाओं आज फैसला

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार और बेटी समेत उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों की जल्द रिहाई की अनुमति देने वाले गुजरात सरकार के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार (8 जनवरी) को अपना फैसला सुनाएगा। उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ दरिंदगी 2002 के गुजरात दंगों के दौरान की गई थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की विशेष पीठ 8 जनवरी को फैसला सुनाएगी।

## गुजराती सबसे सरल चीजों को भी नया करने का एक तरीका ढूंढ लेता है

जस्टिस चंद्रचूड़ ने नए जिला न्यायालय भवन के उद्घाटन के अवसर पर गुजरातियों के संबंध में एक मजेदार कहावत सुनाई। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, आज जब हम इस शानदार नए जिला न्यायालय भवन के साथ एक नए युग के मुहाने पर खड़े हैं। मुझे एक मजेदार कहावत याद आती है जो गुजरात की भावना को दर्शाती है। सीजेआई ने कहा, वे कहते हैं कि जबकि बाकी दुनिया नई तकनीकियों के पीछे दौड़ती है, एक गुजराती सबसे सरल चीजों को भी नया करने का एक तरीका ढूंढ लेगा, उदाहरण के लिए चाय ब्रेक को एक व्यापार रणनीति बैठक में बदलना सर्वोत्कृष्ट गुजराती ह्यूमर है।

बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हमले का मामला

# फरार तृणमूल नेता को गिरफ्तार करने का राज्यपाल ने दिया निर्देश



**राज्यपाल की इस मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हुई चर्चा**

कोलकाता, 7 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस को एक कड़ा संदेश देते हुए राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ईडी और केंद्रीय पुलिस बलों के अधिकारियों पर हमले के मास्टरमाइंड और फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां का तत्काल पता लगाने और गिरफ्तारी का आदेश दिया है। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, राजभवन के शांति-कक्ष को शाहजहां को प्रभावशाली राजनीतिक संरक्षण मिलने की शिकायतें मिली थीं। उन शिकायतों में पुलिस प्रशासन के एक वर्ग पर भी इस सांठगांठ में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। राज्यपाल ने कहा है कि इस मामले पर उनकी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से चर्चा हुई है। राज्यपाल ने चर्चा का ब्योरा देने से इनकार करते हुए कहा कि बातचीत में क्या हुआ, इसके बारे में वह सही समय पर खुलासा करेंगे। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि पता चला है कि राज्य पुलिस इस बात की जांच करेगी कि क्या फरार नेता अभी भी राज्य में है या किसी दूसरे राज्य या किसी पड़ोसी देश में भाग गया है।

## टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रविवार को टीएमसी नेता सत्यन चौधरी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दरअसल, कुछ लोग बाइक पर आए थे, उन्होंने चौधरी पर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। लोग सत्यन को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सत्यन चौधरी एक वक्त में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के करीबी हुआ करते थे। बाद में उन्होंने टीएमसी ज्वाइन कर ली।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने पत्रकारों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थानीय भाषाओं के दो प्रमुख अखबारों के संपादकों को गिरफ्तार करने की कड़ी निंदा करते हुए इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला करार दिया तथा राज्य सरकार से प्रेस की स्वतंत्रता बनाए रखने का आग्रह करते हुए दोनों पत्रकारों की तत्काल रिहाई की मांग की है। गिरफ्तारी को प्रेस की स्वतंत्रता पर एक और हमला करार देते हुए कहा कि इन पत्रकारों को तत्काल रिहा कर प्रेस की आजादी को बरक़रार रखा जाना चाहिए।

### पांच गारंटियों के लिए 1.05 करोड़ से अधिक आवेदन




**हैदराबाद।** हाल के चुनावों में कांग्रेस पार्टी द्वारा वादा की गई छह में से पांच गारंटी के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए तेलंगाना सरकार को 1.05 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। नई सरकार के सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम 'प्रजा पालन' के दौरान, जो 6 जनवरी को समाप्त हुआ, राज्य भर में 1.25 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

### मालदीव ने मोदी के खिलाफ टिप्पणियों को बताया निजी



**नई दिल्ली।** मालदीव सरकार ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर अपने राजनेताओं की ओर से दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि ये राय व्यक्तिगत हैं और मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। मालदीव सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग लोकतांत्रिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए।

### सिक्किम राज्यसभा सीट के लिए दोरजी भाजपा उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सभा में आगामी द्विवार्षिक चुनावों में सिक्किम की एक सीट के लिए श्री दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने श्री दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाने को अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

### नीरज बवाना गिरोह के दो वांछित सदस्य दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने खूंखार नीरज बवाना और नवीन बाली गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट आदि के कई मामलों में शामिल थे। दोनों की पहचान सुबेग सिंह उर्फ शिब्बू (32) और सौरभ उर्फ गौरव (32) के रूप में हुई।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कसी कमर

# कांग्रेस ने प्रदेश चुनाव समितियों का किया ऐलान

## राजस्थान में डोटासरा को व मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी को जिम्मेदारी



**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु) । कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। पार्टी रोजाना चुनाव को लेकर कोई न कोई घोषणा कर रही है। कांग्रेस ने अब 9 राज्यों में अपनी चुनाव समिति का गठन कर दिया है। इनमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, नगालैंड, असम और मणिपुर शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने सेंट्रल वॉर रूम और प्रचार समिति का भी गठन किया है। मध्य प्रदेश की चुनाव समिति की जिम्मेदारी जीतू पटवारी को सौंपी गई है। वहीं, राजस्थान में गोविंद सिंह डोटासरा पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उधर, तेलंगाना में चुनाव समिति के अध्यक्ष के लिए कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुना है। सूत्रों के मुताबिक, ये कमेटी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में पार्टी की जमीनी हकीकत का आकलन करेंगी। पार्टी कहां मजबूत है और कहां पिछड़ रही है, इसकी पूरी रिपोर्ट सेंट्रल कमेटी को देगी।

## असम में भूपेन कुमार बोहरा को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम में पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपेन कुमार बोहरा की अध्यक्षता में 38 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन करके त्रिपुरा में प्रदेश कांग्रेस समिति का विस्तार किया है। पार्टी ने त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस के लिए भी छह उपाध्यक्ष, सात महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, 19 सचिव तथा कार्यकारिणी के लिए 41 पदाधिकारी की नियुक्ति की है। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने समिति के सदस्यों के नाम को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने के लिए कहा है।

वायु सेवा ने बनाया नया कीर्तिमान

# कारगिल में रात के अंधेरे में उतरा विमान



- टेरेन मास्किंग तकनीक का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां) । भारतीय वायु सेना के विमान हर्क्यूलीज 'सी-130जे' ने कारगिल हवाई पट्टी पर पहली बार रात में लैंडिंग की है। वायु सेना ने रविवार को इस उपलब्धि की जानकारी साझा की। कारगिल की यह हवाई पट्टी चारों ओर से पहड़ियों से घिरी है। ऐसे में यहां रात में लैंडिग एक महत्वपूर्ण उपलब्धि व वायु सेना का नया कीर्तिमान माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि कारगिल में अपने इस मिशन के दौरान टेरेन मास्किंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। टेरेन मास्किंग वह रणनीति होती है, जिसके अंतर्गत वायु सेना के विमान दुश्मन देश या सेना के रडार को चकमा देकर अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं। माना जा रहा है कि भारतीय वायुसेना का यह मिशन एक ऐसे अभ्यास का हिस्सा है जिसके तहत कमांडो को कठिन परिस्थितियों में अविलंब मोर्चे पर भेजा जा सकता है। अपनी इस उपलब्धि पर भारतीय वायु सेना का कहना है कि कारगिल हवाई पट्टी पर रात में विमान की लैंडिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का कार्य किया गया। इसके साथ ही वायुसेना ने कहा कि इस अभ्यास से गरुड़ कमांडो के प्रशिक्षण मिशन में भी मदद मिली। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की क्षमताओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है।

### वायु सेना रात में भी बढ़ा रही निगरानी

थल सेना के साथ-साथ वायु सेना भी दिन के अलावा रात में भी भारतीयों सीमाओं पर अपनी निगरानी को बढ़ा रही है। दिन और रात दोनों ही समय निगरानी को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के इरादे से भारतीय वायुसेना के हर्क्यूलीज विमान घनी पहाड़ियों के बीच कारगिल की एयरस्ट्रिप पर रात में उतारने का सफल प्रयास किया है।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यहां मौजूद भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए इसे वायु सेना की एक बड़ी सफलता कहा जा सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि कारगिल एयरस्ट्रिप पर रात के अंधेरे में किसी विमान की लैंडिंग बेहद मुश्किल कार्य है। ऐसे ही मुश्किल कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करके भारतीय वायुसेना ने अपनी साहसिक क्षमताओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# बंग्लादेश में आम चुनाव के लिए हुआ मतदान, गिनती शुरू

- 299 सीटों के लिए 42,000 से अधिक केंद्रों पर मतदान हुआ
- विपक्ष ने किया था बहिष्कार, हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई

**ढाका,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। बंग्लादेश की 12वीं संसद के चुनाव में मतदान रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे समाप्त हो गया। चुनाव आयोग के मुताबिक मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे शुरू हुआ। संसद की 299 सीटों के लिए



देश भर के 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर चुनाव हुआ। करीब 40 फीसदी मतदान हुआ। मतदान बंद होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई। बंगलादेश में रविवार को हुए चुनाव के दौरान बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सहित विपक्षी दलों की ओर से हड़ताल और बहिष्कार के आह्वान तथा छिटपुट झड़पों के बीच कई मतदान केंद्रों पर मतदान कम रहा। चुनाव आयोग (ईसी) के सचिव जहांगीर आलम ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, 12वें संसदीय चुनाव में दोपहर 12:10 बजे तक 18.5 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। राजधानी के कई मतदान केंद्रों समेत विभिन्न स्थानों के बूथों पर मतदान काफी कम हुआ। दो मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारियों ने कहा कि ठंड के मौसम के कारण मतदान का प्रतिशत कुछ कम रहा। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे के बाद मतदाताओं की संख्या बढ़ी। इस बीच, सुबह मतदान शुरू होने के बाद छिटपुट झड़पों की सूचना मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थकों ने एक शख्स पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# कोविड के 756 नए मामले सामने आए

- पिछले 24 घंटों में पांच की मौत हुई
- कर्नाटक 199 मामलों के साथ सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 के 756 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही पांच संक्रमितों की मौत भी हुई है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पांच नई मौतें महाराष्ट्र, केरल और जम्मू-कश्मीर में हुईं। इससे पहले शनिवार को तमिलनाडु और गुजरात में दो-दो मौतें हुईं, जबकि शुक्रवार को 12 मौतें हुईं। केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और उत्तर प्रदेश में एक मौत हुई। इस बीच, सक्रिय मामलों की कुल संख्या शनिवार को 4,187 से गिरकर 4,049 हो गई। अब तक जनवरी 2020 में शुरुआती प्रकोप के बाद से भारत में कोरोनो वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,18,134 तक पहुंच गई है, जबकि कुल मृत्यु का आंकड़ा 5,33,392 हो गया है। नया जेएनडॉट1 सब-वेरिएंट ओमीक्रॉन सबवेरिएंट का वंशज है जिसे बीएडॉट2डॉट86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है। भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के अनुसार केरल, कर्नाटक में जेएनडॉट1 प्रकार के मामले देखे गए, जबकि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना, ओडिशा और हरियाणा भी प्रभावित हुए।

# दिल्ली में 5वीं तक की कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी

**मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय**

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। शिक्षा निदेशालय ने रविवार को कहा कि दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूल और फिजिकल कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी।

शिक्षा निदेशालय ने कहा, मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए किसी भी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्राथमिक वर्गों (नर्सरी से कक्षा 5 तक) के लिए फिजिकल मोड में कोई कक्षाएं नहीं होंगी।

यह आदेश आठ जनवरी से 12 जनवरी तक अगले पांच दिनों के लिए है।

शिक्षा निदेशालय ने कहा, जहां तक संभव हो, स्कूल प्राथमिक कक्षाओं के अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन आयोजित कर सकते हैं।

शोध — *आईआईएम-रोहतक के अध्ययन से सामने आई जानकारी*

# सोशल मीडिया पर औसतन 7 घंटे रोज बिता रहे युवा



**शाम के सबसे ज्यादा समय बिताते हैं मनोरंजन संबंधित सामग्री देखते हैं ज्यादा**

**नई दिल्ली**, 7 जनवरी (एजेसियां) । युवाओं द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि एक पुरुष का औसत स्क्रीन टाइम 6 घंटे 45 मिनट है, जबकि एक महिला का औसत स्क्रीन टाइम 7 घंटे 5 मिनट है। अध्ययन से यह भी पता चला कि लगभग 60.66 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं, जिसका सबसे अधिक उपयोग शाम को होता है।

सबसे अधिक दर्शक संख्या 50 प्रतिशत से अधिक मनोरंजन से संबंधित सामग्री की है। आईआईएम के मुताबिक, पिछले दशक में दुनिया भर में स्मार्टफोन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। किफायती डेटा प्लान और बढ़ती इंटरनेट सुविधाओं के साथ देश में बड़ी संख्या में युवा डिजिटल मीडिया की ओर रुख कर रहे हैं। इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आभासी सार्वजनिक स्थान बन गए हैं, इसके माध्यम से युवा अपने विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करते हैं। जहां एक ओर ये प्लेटफॉर्म कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर ये स्क्रीन टाइम बढ़ाने में भी योगदान देते हैं। इंस्टाग्राम पर ट्रेंड फॉलो करने से लेकर यूट्यूब पर कंटेंट देखने तक, सोशल मीडिया के कारण युवाओं का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है।

### 38,896 युवाओं से डेटा एकत्र किया

यह अध्ययन अक्टूबर-नवंबर 2023 के दौरान आईआईएम-रोहतक के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा आयोजित किया गया था। इसके लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के 38,896 युवाओं से डेटा एकत्र किया गया था। आईआईएम-रोहतक के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने कहा कि अध्ययन में विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक वर्गों के 18,521 पुरुषों और 14,375 महिलाओं को शामिल किया गया था। वे अपने स्क्रीन टाइम के दौरान मुख्य रूप से यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, सफारी और गूगल क्रोम का उपयोग करते हैं।

# देश

**उवाच** "हम चुनाव के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की जनता भी दिल्ली में बदलाव लाने तथा एक मजबूत और जनता की हिमायती सरकार चुनने के लिए तैयार है, जो संविधान के तहत लोगों का प्रतिनिधित्व करेगी।"

-गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14.0 | 06.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 16.0 |
| चेन्नई | 25.0 | 24.0 |

# पूर्वोत्तर में संवाद तो कश्मीर में नागरिकों के साथ आतंकियों जैसा बर्ताव : महबूबा

- असम में उल्फा के साथ केंद्र की वार्ता को लेकर केंद्र को घेरा
- पीडीपी संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद



**केंद्र को अलगाववादियों से निपटने में मोहम्मद सईद द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण से सीखना चाहिए : महबूबा मुफ्ती**

**जम्मू-कश्मीर,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। असम में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट (उल्फा) के साथ केंद्र की वार्ता को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सरकार को घेरा। महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार पूर्वोत्तर में आतंकियों से बातचीत कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जम्मू कश्मीर में नागरिकों से साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।

अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में महबूबा मुफ्ती ने अपने पिता और पीडीपी संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की आठवीं पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। महबूबा मुफ्ती ने आगे कहा, हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। अगर आप (केंद्र) हमसे गरिमा के साथ बात करेंगे तो हम सम्मान के साथ जवाब देंगे। अगर आप डंडे से बात करेंगे जैसा कि आपने बफलियाज में किया था, तो ऐसे नहीं चलेगा। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जब केंद्र पूर्वोत्तर में आतंकवादियों के साथ बातचीत कर रहा था, तब उसने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों को आतंकवादी करार दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र को अलगाववादियों से निपटने में उनके दिवंगत पिता द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, वहां (पूर्वोत्तर में) आप (केंद्र सरकार) आतंकवादियों से बात करते हैं जबकि जम्मू-कश्मीर में आपने आम लोगों को आतंकवादी करार दिया। आपने (अंधाधुंध) गिरफ्तारियां करके जेलें भर दी हैं। बार-बार ईडी, एनआईए, एसआईए छापेमारी करते हैं। कोई अपने ही लोगों के साथ ऐसा व्यवहार करता है। महबूबा ने कहा, उनके पिता ने अलगाववादियों को भी एक रास्ता दिया ताकि वे सम्मान के साथ इस देश में रह सकें। मुफ्ती ने कभी कोई गलत बात नहीं कही.... वे हमेशा एक झंडे के लिए कायम रहे। उन्होंने केवल इतना कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग सम्मान के साथ शांति चाहते हैं।

## मुजफ्फर हुसैन बेग फिर से पीडीपी में शामिल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी रविवार को महबूबा मुफ्ती की अध्यक्षता वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में फिर से शामिल हो गए। रविवार को सईद की बरसी पर मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी सफीना बेग पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मुहम्मद सईद की समाधि पर पीडीपी में फिर से शामिल हो गए। मुफ्ती सईद का 7 जनवरी 2016 को दिल्ली में निधन हो गया। बेघ ने महबूबा मुफ्ती से मतभेद के बाद 14 नवम्बर, 2020 को पीडीपी छोड़ दी थी। बेघ ने तब कहा था कि वह उनसे सलाह किए बिना पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन में शामिल हो गई थीं। पीएजीडी का गठन 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश में अपग्रेड करने के बाद किया गया था। पीएजीडी के घटक दलों में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस सीपीआई (एम) और अकाली दल शामिल हैं। पीएजीडी का गठन अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए किया गया था। पीडीपी छोड़ने के बाद, मुजफ्फर हुसैन बेग और उनकी पत्नी सज्जाद गनी लोन की अध्यक्षता वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हो गए थे। बेग और उनकी पत्नी सफीना ने महबूबा मुफ्ती और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अनंतनाग जिले के बिजबेहरा शहर में मुफ्ती सईद की समाधि पर पीडीपी में फिर से शामिल होने के अपने फैसले की घोषणा की।



## ब्रिटेन की यात्रा पर आज जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को इंग्लैंड की दो दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि रक्षा मंत्री के साथ रक्षा मंत्रालय का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग, और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री अपने ब्रिटिश समकक्ष ग्रांट शाप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग के व्यापक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सिंह के ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात करने और विदेश, राष्ट्रमंडल तथा विकास मामलों के मंत्री डेविड कैमरन के साथ बैठक करने की भी उम्मीद है। वह ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और उद्योग जगत के नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे तथा वहां भारतीय समुदाय से मिलेंगे।



## आठ से दस जनवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे मोदी



**वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का करेंगे उद्घाटन**

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जनवरी तक गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण का उद्घाटन भी करेंगे।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में व्यापार जगत के प्रमुख लोगों के साथ चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मोदी 8 से 10 जनवरी 2024 तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वह 9 जनवरी को सुबह 9:30 बजे के लगभग गांधीनगर के महात्मा मंदिर पहुंचेंगे, जहां वे वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। तत्पश्चात वे शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर लगभग तीन बजे वे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। अगले दिन 10 जनवरी को सुबह 9:45 बजे के लगभग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गिफ्ट सिटी के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां शाम लगभग 5:15 बजे वे ग्लोबल फिनटेक लीडरशिप फोरम में व्यापार जगत के प्रमुख लोगों के साथ चर्चा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परिकल्पना की गई थी।

### गांधीनगर में आयोजित होगी ग्लोबल समिट

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका विषय गेटवे टू द फ्यूचर (भविष्य का द्वार) है। शिखर सम्मेलन का यह दसवां संस्करण सफलता के शिखर सम्मेलन के रूप में वाइब्रेंट गुजरात के 20 वर्षों का उत्साह मनाएगा। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में ठंड का प्रकोप जारी है, श्रीनगर में रविवार को मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर व कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में रविवार की रात के तापमान के असर के कारण प्रतिष्ठित डल झील और अन्य छोटे जल निकाय जम गए। श्रीनगर में 2023-2024 मौसम की सबसे ठंडी रात -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई, जबकि एक दिन पहले तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### मुंबई में एक परिसर की दीवार गिरी, व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में रविवार को एक बस्ती में किराये के परिसर के पास अचानक एक दीवार गिर गई। इसमें दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण के मुताबिक, केंद्रीय विद्यालय नंबर-3 के पास मियां चॉल से सटी दीवार दोपहर करीब 2.30 बजे ढह गई। मलबे में फंसे एक व्यक्ति को निकालकर नौसेना के आईएनएस अश्विनी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय मोहम्मद अकबर के रूप में हुई है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के तीन अफसर निलंबित

**भोपाल।** भोपाल में बिना अनुमति संचालित बाल गृह से 26 बालिकाओं के गायब होने के बाद अपने-अपने घरों तक पहुंचने के मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के तीन अफसरों को निलंबित कर दिया गया है। बीते रोज राजधानी के परवलिया सड़क थाना क्षेत्र के तारा सिवनिया में आंचल चिल्ड्रन होम संचालित होने के साथ उससे 26 बालिकाओं के गायब होने का मामला सामने आया। प्रशासन ने खोज खबर ली तो सभी बालिकाओं के अपने-अपने घरों तक पहुंचने की बात सामने आई। भोपाल के संभागायुक्त ने बाल गृह आंचल के अवैध संचालन में लापरवाही पर महिला एवं बाल विकास विभाग के तीन अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है।

### अदालत में पेश नशे में धुत्त पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के एक पुलिस कांस्टेबल को हत्या के एक मामले में गवाह के रूप में गवाही के दौरान सिपाहीजला जिले के बिशालगढ़ में नशे की हालत में अदालत में पेश होने पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि सिपाहीजला में पुलिस एसपी कार्यालय में तैनात रूपांगघू डांगू नाम के आरापी कांस्टेबल को जिला और सत्र अदालत ने बिशालगढ़ पुलिस स्टेशन के तहत गनियामारा इलाके में 2017 में एक नागरिक की हत्या के गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था।

## शाहजहां शेख के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कोलकाता,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के खिलाफ 'लुकआउट' नोटिस जारी किया। ईडी ने राज्य के सभी हवाईअड्डों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकियों को अलर्ट कर दिया है। उन्होंने बताया कि जब उनकी टीम टीएमसी नेता के खिलाफ कथित राशन वितरण घोटाले के संबंध में सरबेरिया स्थित घर छापेमारी करने पहुंचे, तो उनका दरवाजा अंदर से बंद था और उनके फोन की लोकेशन इसी घर से 'शो' हो रही थी। जब अधिकारियों ने दरवाजा खोलने के लिये कहा, तो उन्होंने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। अधिकारी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों की मदद से दरवाजा खुलवाने की कोशिश की गयी। उसी दौरान, भीड़ ने उनकी टीम पर और सीआरपीएफ के जवानों, मीडिया कर्मियों पर ईंट, पत्थरों से हमला किया। साथ ही उनकी गाड़ियों पर भी हमला किया। इस हमले में तीन अधिकारियों को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि भीड़ इतनी हिंसक हो गयी थी कि उसने अधिकारियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी, वॉलेट आदि लूट लिये और उन्हें घटनास्थल से भागने पर भी मजबूर कर दिया। इस मामले से सम्बंधित प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।




## झारखण्ड में दो चरणों में होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

- सौ लोकसभा व 337 विधानसभा सीटों से होकर विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी यात्रा
- झारखण्ड में 804 किमी की दूरी आठ दिनों में तय करेगी यात्रा



**देश के बुनियादी मुद्दों पर निकाल रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा : राजेश ठाकुर**

**रांची,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, तीनों विषयों, देश के बुनियादी मुद्दों पर हम ये यात्रा निकाल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में रविवार को कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसे प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंत्री आलमगीर आलम ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, तीनों विषयों, देश के बुनियादी मुद्दों पर हम ये यात्रा निकाल रहे हैं। पहले जो हमारी भारत जोड़ो यात्रा थी, कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुआ और अब मणिपुर से लेकर मुम्बई तक होने जा रहा है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जो 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा की सीटों से होकर 20 मार्च तक यात्रा विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी।

झारखण्ड में यह यात्रा 804 किमी की दूरी आठ दिनों में तय करेगी। यह यात्रा झारखण्ड में दो चरणों में होगी। आज हम "भारत जोड़ो न्याय यात्रा हक मिलने तक" का स्टीकर जारी कर रहे हैं, जो विभिन्न जिलों में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो पहिया, चार पहिया वाहनों में लगायी जायेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो सके। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता रियाज अंसारी उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बेरोजगारी, मंहगाई, महिलाओं पर अत्याचार, किसानों एवं खिलाड़ियों पर हो रहे अत्याचार से ध्यान भटकाने का प्रयास करते रहते हैं। लगभग दस साल होने जा रहे हैं, परन्तु अब तक उन्होंने किसी संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित नहीं किया। अंतिम संवाददाता सम्मेलन देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह ने किया था। वो ऐसा नहीं कर रहे हैं, इसीलिए जन जागरण करने के लिए ही हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हमारे सांसदों ने पार्लियामेंट में इन मुद्दों को उठाने की कोशिश की, लेकिन वहां पर सरकार ने हमें मौका नहीं दिया और 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया।

### लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए संविधान को जिंदा रखना जरूरी : आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हम चाहते हैं कि लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए संविधान को जिंदा रखने के लिए ये जरूरी है कि यात्रा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनता के मूल सवालों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब की बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना आदि पर जन-जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल समाज के विभिन्न वर्गों से, विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से, संगठनों से बात करेंगे, उनकी बात समझेंगे और उसके समाधान का प्रयास करेंगे।

## जिलों के पुनर्गठन के लिए न्यायिक आयोग नियुक्त करेगी तेलंगाना सरकार



- राज्य विधानसभा में चर्चा के बाद लिया जाएगा निर्णय : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि जिलों के पुनर्गठन के लिए एक न्यायिक आयोग नियुक्त किया जाएगा। यह कहते हुए कि बीआरएस की पिछली सरकार ने वैज्ञानिक तरीके से जिलों का पुनर्गठन नहीं किया था, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार इसका अध्ययन करने के लिए एक आयोग नियुक्त करेगी। मुख्यमंत्री ने एक तेलुगु टेलीविजन चैनल से कहा कि इस संबंध में राज्य विधानसभा में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। एक महीने पहले पदभार संभालने वाले रेवंत रेड्डी ने कहा कि लोगों से सुझाव और आपत्तियां प्राप्त करने के बाद जिलों का पुनर्गठन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला न्यायिक आयोग सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करेगा और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नगर पालिकाओं, मंडलों की संख्या जैसे विवरणों का अध्ययन करेगा। जब 2014 में तेलंगाना को आंध्र प्रदेश से अलग कर एक अलग राज्य बनाया गया था तब इसमें 10 जिले थे। बीआरएस की पिछली सरकार ने पुनर्गठन किया और 23 नए जिले बनाए, जिससे कुल संख्या 33 हो गई। हालांकि, रेवंत रेड्डी ने कहा कि अभ्यास ठीक से नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडल और राजस्व प्रभाग भी अनियमित तरीके से बनाए गए हैं।

### सौ दिन में करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 100 दिन में मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। विधान परिषद चुनाव के बाद ऐसा किया जाएगा, चूंकि मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, इसलिए समुदाय के एक नेता को परिषद में नामित किया जाएगा और उसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि तेलंगाना जन समिति के नेता एम. कोदंडाराम को राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बुद्धिजीवी के रूप में वह नामांकन के योग्य हैं।

## बीआरएस प्रमुख से मिले ईएसएल नरसिम्हन्न

**हैदराबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। तेलंगाना के पूर्व राज्यपाल ईएसएल नरसिम्हन रविवार दोपहर नंदीनगर पहुंचे और उन्होंने बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने केसीआर की सेहत का हाल जाना। पूर्व राज्यपाल ने उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर नंदीनगर स्थित आवास पर पहुंचे नरसिम्हन दंपत्ति को सबसे पहले बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री के तारकरामा राव ने सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी, श्रीनिवास गौड़, कोप्पुला ईश्वर, सांसद जोगिनापल्ली संतोष कुमार, बीबी पाटिल और अन्य उपस्थित थे। नए तेलंगाना राज्य में विकास इस प्रक्रिया में राज्यपाल के रूप में नाडु नरसिम्हन द्वारा दिए गए पूर्ण सहयोग की चर्चा के संदर्भ में, तेलंगाना के पहले मुख्यमंत्री के रूप में केसीआर ने उनके सहयोग के लिए एक बार फिर उन्हें धन्यवाद दिया। केसीआर दंपत्ति ने अपने आवास पर आए मेहमानों का भरपूर स्वागत किया। उन्हें रेशमी कपड़े भेंट किए गए और पारंपरिक तरीके से मेहमानों की तरह सत्कार किया गया।

## देश में कोविड संक्रमण के 756 नए मामले आए सामने, पांच की मौत

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 के 756 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही पांच संक्रमितों की मौत भी हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पांच नई मौतें महाराष्ट्र, केरल और जम्मू-कश्मीर में हुईं। इससे पहले शनिवार को तमिलनाडु और गुजरात में दो-दो मौतें हुईं, जबकि शुक्रवार को 12 मौतें हुईं। केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और उत्तर प्रदेश में एक मौत हुई। इस बीच, सक्रिय मामलों की कुल संख्या शनिवार को 4,187 से गिरकर 4,049 हो गई। अब तक जनवरी 2020 में शुरुआती प्रकोप के बाद से भारत में कोरोनो वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,18,134 तक पहुंच गई है, जबकि कुल मृत्यु का आंकड़ा 5,33,392 हो गया है। नया जेएनडॉट1 सब-वेरिएंट ओमीक्रॉन सबवेरिएंट का वंशज है जिसे बीएडॉट2डॉट86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है। भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के अनुसार केरल, कर्नाटक में जेएनडॉट1 प्रकार के मामले देखे गए, जबकि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना, ओडिशा और हरियाणा भी प्रभावित हुए। डेटा से पता चलता है कि जेएनडॉट1 वैरिएंट का नए मामलों या अस्पताल में भर्ती होने और मौतों में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं है। इन राज्यों ने सामूहिक रूप से गुरुवार तक सब-वेरिएंट के 619 मामले दर्ज किए हैं।





**योजना** *तेलंगाना सरकार के 'प्रजा पालन' आउटरीच कार्यक्रम को लगे पंख*

# पांच गारंटियों के लिए 1.05 करोड़ से अधिक आवेदन हुए प्राप्त

**हैदराबाद, 7 जनवरी (एजेंसियां)। हाल के चुनावों में कांग्रेस पार्टी द्वारा वादा की गई छह में से पांच गारंटी के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए तेलंगाना सरकार को 1.05 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। नई सरकार के सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम प्रजा पालन के दौरान, जो 6 जनवरी को समाप्त हुआ, राज्य भर में 1.25 करोड़** से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों के मुताबिक, सभी गांवों, कस्बों और शहरों में 1,25,84,383 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 1,05,91,636 आवेदन पांच गारंटियों के लिए थे।

बाकी 19,92,747 आवेदन अन्य जरूरतों के लिए थे। 28 दिसम्बर को शुरू हुआ यह कार्यक्रम 12,769 ग्राम पंचायतों और 3,623 नगरपालिका वार्डों में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कुल 1,11,46,293 घरों को कवर किया गया। जो लोग कार्यक्रम के दौरान आवेदन जमा नहीं कर सके, वे बाद में ग्राम पंचायत और नगरपालिका वार्डों के कार्यालयों में आवेदन जमा कर सकते हैं। महालक्ष्मी, रायथु भरोसा, गृह ज्योति, इंदिरम्मा इंदलु और चेयुथा के कार्यान्वयन के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। पांच गारंटियों के लिए एक ही आवेदन पत्र था।



- **छठी गारंटी के लिए आवेदन बाद में प्राप्त किए जाएंगे**

छठी गारंटी (युवा विकासम) के लिए शैक्षणिक संस्थानों में आवेदन बाद में प्राप्त किए जाएंगे महालक्ष्मी के तहत प्रत्येक महिला को प्रति माह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी जबकि 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। रायथु भरोसा गारंटी के तहत, प्रत्येक किसान को हर साल प्रति एकड़ 15,000 रुपये मिलेंगे। खेतिहर मजदूरों को सालाना 12,000 रुपये मिलेंगे। इंदिराम्मा इंदलु के तहत बेघरों को घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। तेलंगाना के शहीदों और तेलंगाना आंदोलन में भाग लेने वाले लोगों के परिवारों को 250 वर्ग गज का घर आबंटित किया जाएगा। गृह ज्योति के तहत हर महीने 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। युवा विकासम के तहत, पार्टी ने सभी मंडलों में छात्रों और तेलंगाना अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों में से प्रत्येक के लिए 5 लाख रुपये के विद्या भरोसा कार्ड का वादा किया।

चेयुथा के तहत, वृद्धावस्था, विधवा, एकल महिलाओं जैसी विभिन्न श्रेणियों के लाभार्थियों को 4,000 रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। विकलांगों को हर महीने 6,000 रुपये मिलेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि रायथु बंधु और पेंशन योजनाओं के सभी मौजूदा लाभार्थियों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। मुख्य सचिव ए शांति कुमार ने कहा है कि प्रजा पालन चार माह में एक बार आयोजित किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि जो लोग इस बार अपना आवेदन जमा नहीं कर सके, उन्हें एक और मौका मिलेगा। अधिकारियों ने 17 जनवरी तक सभी आवेदनों की डेटा एंट्री की व्यवस्था की है।

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# दिल्ली सरकार को अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत : केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को राज्य की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि का श्रेय दो करोड़ दिल्लीवासियों और शहर सरकार की कड़ी मेहनत व संयुक्त प्रयासों को दिया। केजरीवाल सरकार ने शनिवार को अपनी सांख्यिकी पुस्तक -2023 का विमोचन करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपए से बढ़कर 4,44,768 रुपए हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी के सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर आधारित आंकड़ों वाली यह पुस्तक दिल्ली सरकार के आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी की गई। केजरीवाल ने कहा कि सरकार को अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह किसी भी राज्य में एक वर्ष के भीतर प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। दो करोड़ दिल्लीवासियों और दिल्ली सरकार की दिन-रात की कड़ी मेहनत से इसे हासिल किया गया है। पिछले नौ वर्षों में कई नए और दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। यह बजट दिल्ली की जनता को कई बड़ी सौगात भी देने वाला होगा। मंत्रियों और अफसरों की बैठक में प्राथमिकताएं तय होने के बाद सरकार बजट को लेकर दिल्ली के सभी हितधारकों के साथ भी चर्चा करेगी और उनसे सुझाव मांगेगी। साथ ही, सभी विधायकों से भी बजट पर सुझाव लिए जाएंगे। इन सभी से मिले सुझावों का विश्लेषण किया जाएगा और जनहित में आए अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बजट की तैयारियों को लेकर गत शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्रियों के साथ पहली बैठक की। इस अहम बैठक में उन्होंने दिल्ली की जनता की प्राथमिकताओं को लेकर मंत्रियों से विचार-विमर्श किया। उम्मीद है कि इस बार दिल्ली का बजट फरवरी के मध्य या अंत तक आ जाएगा। आगामी बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर समेत अन्य प्रमुख मुद्दों पर विशेष फोकस किए जाने की उम्मीद है।

■ प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि पर की दिल्ली सरकार के प्रयासों की सराहना



दो करोड़ दिल्लीवासियों व सरकार की दिन-रात की कड़ी मेहनत से इसे हासिल किया गया है
: अरविंद केजरीवाल

## सांख्यिकी पुस्तक का किया गया विमोचन

योजना विभाग मंत्री आतिशी ने सांख्यिकी पुस्तक के विमोचन पर कहा, विभिन्न बाधाओं के बावजूद, केजरीवाल सरकार ने 2023 में सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। वहीं दूसरी ओर केजरीवाल ने सभी मंत्रियों को बजट की तैयारियां तेज करते हुए अपनी प्राथमिकताएं तय करने का निर्देश दिए हैं। अगले सप्ताह मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सभी मंत्रियों और अफसरों की बैठक होगी, जिसमें प्राथमिकताओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# घर-घर जाकर किया गया अक्षत वितरण

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को लेकर। रविवार को श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ सदर क्षेत्र के बगीचि पीर जी में घर-घर जाकर अक्षत वितरण किया और सभी को राम मंदिर में दर्शन का निमंत्रण दिया। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने बताया कि हम क्षेत्र के सभी मंदिरों मे संपर्क कर लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है क्षेत्र में भजन मंडलीयों के साथ प्रभात फेरी और घर-घर दिया वितरण भी किया जा रहा ताकि 22 जनवरी को सभी राम मय हो सके जय प्रकाश ने बताया की लोगों में जोश और उत्साहपूर्ण माहौल है सभी ऐतिहासिक दिवस का इंतजार है रविवार को प्रभात फेरी में महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



# मैं भी केजरीवाल अभियान के अंतर्गत आप का जनसंवाद फ्लाप शो : वीरेन्द्र

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जिस तरह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपासना की छुट्टी मना रहे हैं, राजनीतिक पर्यटन कर रहे हैं शराब घोटाले की जांच से भाग रहे हैं उससे वह खुद पर भ्रष्टाचार का संदेह बढ़ा रहे हैं। यह खुद मुख्य मंत्री के लिए बेहतर होता की आज वह गुजरात जाने की जगह ईडी के समक्ष पेश होकर अपने को बेगुनाह दिखाते। सचदेवा ने कहा है की जिस तरह ईडी के समन को लेकर अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी लगातार फैला रहे हैं की यह उनकी गिरफ्तारी की साजिश है ठीक उसी तरह कुछ माह पूर्व सीबीआई का सम्मन मिलने पर भी यही कहा गया था की सी.बी.आई. मुख्य मंत्री को गिरफ्तार कर लेगी पर आज लगभग 4 माह बीत चुके पर उनकी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह साफ करता है की जांच ऐजेंसियों को कोई पूर्वाग्रह नही है। सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल को जांच एवं कानून से भागता देख दिल्ली ही नही देश भर की जनता अचंभित है। हमारी जानकारी अनुसार आज गुजरात दौरे में भी उनके पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी उनके जांच से भागने पर आश्चर्य व्यक्त किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लियें अरविंद केजरीवाल अपने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर दबाव डाल मैं भी केजरीवाल अभियान चलवा रहे हैं और उसके अंतर्गत पार्टी ने आज अनेक जनसंवाद कार्यक्रम रखे पर वह नेता भी पार्टी कार्यकर्ताओं तक को पूरी तरह इक्कठा कर पाए जनता का आना तो दूर की बात है।



वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह कहना अतिश्योक्ति ना होगा की मै भी केजरीवाल अभियान के अंतर्गत आम आदमी पार्टी का जनसंवाद पूरी तरह फ्लाप शो है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल अगर शराब घोटाले में संलिप्त नहीं हैं तो जांच में जुड़ें और अपने को निर्दोष साबित करें वर्ना उन पर भ्रष्टाचार के दाग लगे रहेंगे।

**सार संक्षेप**

## राजधानी में शुरू किया गया स्मॉग टॉवर फिर से बंद

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली में बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास 2021 में उद्घाटन किया गया स्मॉग टॉवर फिर से बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया, इसलिए उन्होंने स्मॉग टॉवर पर ताला लगा दिया। 20 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लगाए गए इस टॉवर को अप्रैल 2023 में पहली बार बंद किया गया था। हालांकि, नवम्बर 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे फिर से शुरू किया गया था, मगर यह टावर थोड़े समय के लिए ही चल पाया। एक सूत्र के मुताबिक, टॉवर के संचालन का जिम्मा संभालने वाली कंपनी विबग्योर कंसल्टिंग अब जांच के दायरे में है। कंपनी के कर्मचारियों ने दावा किया है कि उन्हें पिछले महीने (दिसम्बर) से वेतन नहीं मिला है। सरकार की ओर से नौकरी की सुरक्षा का लिखित भरोसा नहीं दिए जाने के कारण कार्यबल के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं। 24 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, स्मॉग टॉवर एक किलोमीटर के दायरे में प्रति सेकंड 1,000 क्यूबिक मीटर हवा को शुद्ध करने की क्षमता रखता है। 40 पंखे और 5,000 एयर फिल्टर से सुसज्जित, टावर को प्रदूषित हवा को सोखने और शुद्ध हवा छोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जो दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह से ही दिल्ली का आसमान धुंधला बना हुआ है। कहीं घना तो कहीं अत्यधिक घना कोहरा देखा गया। ठंड के चलते लोग-लोग जगह अलवा जला रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले दो दिन कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है। इस दौरान उत्तर पश्चिम भारत में घना कोहरा भी छाया रहेगा। ताजा पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी पड़ने वाला है और इसके चलते 8 से 10 जनवरी तक उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के क्षेत्रों में गरज के साथ कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा अगले पांच दिनों तक तमिलनाडु और अगले दो दिनों तक केरल में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## झीलों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करेगा दिल्ली नगर निगम

**नई दिल्ली।** बदसूरत सी दिखने वाली झीलों को नगर निगम पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रहा। आने वाले दिनों में युवाओं, महिलाओं और बच्चों के लिए ये सुबह-शाम जॉगिंग करने, बुजुर्गों के लिए बैठकर समय पास करने का सबसे बेहतर स्पॉट होंगी। इनसे आसपास भूगर्भ जल का स्तर भी संतुलित रहेगा और पार्कों की सिचाई के लिए इन झीलों का पानी इस्तेमाल करने का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। नगर निगम 21 जलस्रोतों को फिर से पानी से लबालब करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें संवारने का चल रहा है। सभी जलस्रोतों को अमृत योजना के तहत पुनर्जीवित किया जा रहा। इनमें से पांच जलस्रोतों को विकसित करने की जिम्मेदारी निगम के उद्यान विभाग की है। कुछ का वर्क ऑर्डर अभी हुआ है, कुछ का जल्द होने की उम्मीद है। निगम अधिकारियों की मानें तो जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर गांव में 1.446 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूखी पड़ी झील को विकसित करने के लिए 1.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके किनारे बाउंड्री बनाई जाएगी। आसपास चलने के लिए ट्रैक बनाए जाएंगे। बैठने के लिए सीमेंट की बेंच लगाई जाएंगी।

# दिवाली की तरह रंग-बिरंगी रोशनी व फूलों से सजेगी राजधानी दिल्ली




■ मंदिरों में विशाल भंडारों का किया जाएगा आयोजन

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की समस्त रामलीलाओं का निर्णय लिया है कि दिवाली की तरह 22 जनवरी को दिल्ली के मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलों से सजाया जाएगा। दरअसल, रविवार को श्री रामलीला महासंघ के नेतृत्व में दिल्ली की समस्त रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक के बाद रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से चर्चा के पश्चात् निर्णय हुआ कि 22 जनवरी 2024 को 550 साल बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दिल्ली की समस्त रामलीला कमेटियां अपने-अपने क्षेत्रों में मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूलों से दिवाली की तरह सजाया जायेगा। रामलीला कमेटियां मंदिरों में रामचरित मानस का अखण्ड पाठ करवाएंगे। श्री रामलीला महासंघ के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि 501 रामचरित मानस की प्रति रामलीला कमेटियां वितरित करेंगी। मंदिरों में विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा एवं 501 देशी घी के दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। यह भी निर्णय लिया हुआ कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। दिवाली की तरह इस दिन एक दूसरे को गिफ्ट प्रदान करें। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह को मंदिरों के बाहर बड़ी-बडी एईडी स्कीन के माध्यम से लाइव दिखाया जायेगा प्रत्येक दिल्लीवासी अपने-अपने घर पर ध्वज लगाये और दिवाली की तरह आतिशवाजी करें। महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कहा कि रामचरित मानस प्रत्येक स्कूल, कालेज, कम्यूनिटी सेंटर, व्यवसायिक एवं होटलों रखी जाएगी।

बैठक में क्षेत्रीय सांसद डॉ. हर्षवर्धन पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, बासुरी स्वराज, अनेकों रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।



■ नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के पास रविवार को कर्तव्य पथ पर ठंड व भारी धुंध के बीच चहलकदमी करते लोग। फोटो इम्तियाज खान

# सन्त निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा निजामुद्दीन, संगम विहार व वंदना एन्क्लेव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 260 भक्तों द्वारा नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम व जिला अस्पताल की टीम वहां उपस्थित हुई। ब्रांच निजामुद्दीन रक्तदान शिविर का उद्घाटन आरडब्लूए निजामुद्दीन ईस्ट व खान मार्किट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा व सन्त निरंकारी मंडल कार्यकारिणी के सदस्य अशोक मनचंदा के द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा करी। ब्रांच संगम विहार रक्तदान शिविर का उद्घाटन सांसद रमेश बिधूड़ी व सन्त निरंकारी मंडल की उप प्रधान राज वासदेव सिंह ने किया उन्होंने कहा रक्तदान सबसे अमूल्य दान है मानवता की भलाई के लिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

# कलाकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। डोनर्स क्लब ऑफ इंडिया और इंडियन प्राइम वीडियो के सहयोग से प्रभात प्रोडक्शंस द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में ए टिकट टू बॉलीवुड नामक एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित मैपल गोल्ड हॉल, रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित किया गया। इस दौरान कुछ समाजसेवियों के अलावा पत्रकारों व कलाकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024 से नवाजा गया। इस मौके पर म्यूजिक अरेंज बाई पवन आर्ट ग्रुप के ऑर्गेनाइजर एव गायक पवन शर्मा ने किया। इस फैशन शो में प्रथम स्थान अनुष्का नायक व दूसरे स्थान पर कीर्ति शर्मा तथा तृतीय स्थान प्रियंका पांडे ने जीता इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जग्गू की लालटेन फिल्म के अभिनेता व निर्माता डॉ. नीरज कुमार गुप्ता, निगम पार्षद प्रीति गुप्ता, फिल्म निर्देशक हर्ष आनंद, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर राजेश मिश्रा, वॉयस ऑफ रफी पवन शर्मा, वॉयस ऑफ किशोर नदीम खान, वॉयस ऑफ उदित नारायण सोनू चंदेल, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शफीक उर रहमान, वरिष्ठ पत्रकार सुनील पराशर, फिल्म अभिनेत्री कविता उन्याल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। लेखक, निर्माता, निर्देशक व अभिनेता प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में अच्छा परफॉर्म करने वाले कलाकारों को अपने बैनर तले बनने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्म में मौका दिया जा सकता है।




■ ए टिकट टू बॉलीवुड नामक रंगारंग कार्यक्रम का किया आयोजन

## सुरीले नगमों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

इस रंगारंग कार्यक्रम में पवन शर्मा, नदीम खान, सोनू चंदेल, हरविंदर मलिक, रवि राठी, रविन्द्र सिंह, योगेश मलिक, समर खान, राधा व शुभ्रा सिंह ने अपने सुरीले नगमों से हाल में बैठे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा नृत्यांगनाओं व खूबसूरत मॉडलों ने रैंप वॉक कर लोगों के समक्ष अपनी परफॉर्मेंस का जलवा बिखेरा।

**आयोजन** *राम राज्य में नागरिक दायित्व पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित*

# बरखा शुक्ला के भजन का किया गया लोकार्पण

**नई दिल्ली, 7 जनवरी (देशबन्धु)। करीब 500 वर्ष के संघर्ष और लाखों श्रद्धालुओं के जीवन त्याग के बाद अयोध्या में राम मंदिर बना है। देश में राम राज्य स्थापना के लिए जगह जगह आयोजन हो रहे हैं, इसी उद्देश्य के संग राम राज्य में नागरिक दायित्व पर केंद्रित कार्यक्रम राम राज्य 'एक शपथ' अनुभव एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित किया गया। दंडी स्वामी राम आश्रम जी महाराज, स्वामी संजय जी महाराज, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौधरी, शिक्षाविद पद्मभूषण श्यामा चोना, विश्व हिंदू परिषद के दिल्ली प्रान्त अध्यक्ष कपिल खन्ना, भारत सरकार में मंत्री डॉ.हर्षवर्धन, मीनाक्षी लेखी और सांसद गायक ।**

■ गीत-संगीत हमारे संस्कृति का द्योतक है : बरखा शुक्ला

हंसराज हंस के संग दर्जनों देश के नामचीन हस्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान नागरिक सहयोग के अभाव में देश निर्माण नहीं किया जा सकता, लगभग सभी वक्ताओं ने इस विषय पर जोर दिया और सबका साथ सबका विकास के सूत्र को राम राज्य से जोड़कर सरकार समाज के मध्य समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भाजपा दिल्ली प्रदेश की पूर्व उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग दिल्ली प्रदेश पूर्व अध्यक्ष बरखा शुक्ला सिंह के स्वर में भजन अवध में राम आएं हैं रहा। बरखा सिंह ने अपने गीत के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि देश राम भक्ति में लीन है सब अपनी अपनी क्षमता अनुसार प्रभु राम के चरणों मे समर्पण कर रहे हैं मैं इस भजन को प्रभु को अर्पित कर रही हूं , इसलिए इस भजन में भाव को प्रधान रखा गया है, यहां वक्ताओं ने नागरिक दायित्व पर ज्ञान वर्धक बाते कहीं है। मेरा मानना है ये दायित्व हर क्षेत्र में आवश्यक है गीत संगीत हमारे संस्कृति का द्योतक है मैं आधुनिकता की पुरजोर समर्थक हूं जानती हूं वर्तमान से शिकायत बुढ़ापे की निशानी है इसलिए वर्तमान से शिकायत नहीं बल्कि साकांक्ष कर रही हूं कि आधुनिकता उदंडता में तब्दील न हो जाए इस कारण भारतीय संगीत में भारतीयता की सुगंध बरकरार रखी जाए, सभी जानते हैं पैकेज फूड जंक फूड हमारे स्वास्थ्य को खराब करता है इसी प्रकार घटिया गीत संगीत मस्तिष्क को बीमार कर देता है।




## नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने खूंखार नीरज बवाना और नवीन बाली गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट आदि के कई मामलों में शामिल थे। दोनों की पहचान सुबेग सिंह उर्फ शिब्बू और सौरभ उर्फ गौरव के रूप में हुई और वे लाजपत नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) एच.जी.एस. धालीवाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से यूनिट की एक पुलिस टीम नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के सदस्यों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए काम कर रही थी।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-चूहडपुर खादर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-सी.एच.यू.012212, भूखण्ड संख्या-91, पाकेट-डी, क्षेत्रफल-900 वर्ग मीटर सर्वश्री वेदराम, लख्मी चन्द, गोवर्धन, पुत्रगण स्व० श्री पृथ्वी, निवासी-ग्राम-तुगलपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी सर्वश्री वेदराम, लख्मी चन्द, गोवर्धन, पुत्रगण स्व० श्री पृथ्वी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री राकेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, सतीश शर्मा पुत्रगण स्व० श्री वेदराम व श्री मुकेश पुत्र स्व० श्री गोवर्धन व सर्वश्री राम गोपाल, जयपाल, मिठ्ठन लाल, अभय कुमार, सुभाष, रामऔतार पुत्रगण स्व० श्री लखमी चन्द, श्रीमती शशी (विवाहित), श्रीमती सुनीता (विवाहित), श्रीमती मिथलेश (विवाहित), श्रीमती अनिता (विवाहित), श्रीमती इन्द्रेश (विवाहित), श्रीमती प्रवेश उर्फ ब्रजेश (विवाहित), श्रीमती ज्योति (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री गोर्वधन व श्रीमती अंगूरी देवी पत्नी स्व० श्री वेदराम, श्रीमती राजेश (विवाहित), श्रीमती कविता (विवाहित), श्रीमती सविता (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री वेदराम, श्रीमती सुदेश (विवाहित) पुत्री स्व० श्री लखमी चन्द, निवासी-ग्राम तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से सर्वश्री राकेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, सतीश शर्मा पुत्रगण स्व० श्री वेदराम व श्री मुकेश पुत्र स्व० श्री गोवर्धन व सर्वश्री राम गोपाल, जयपाल, मिठ्ठन लाल, अभय कुमार, सुभाष, रामऔतार पुत्रगण स्व० श्री लखमी चन्द निवासी-ग्राम तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामातरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामातरण के सबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री राकेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, सतीश शर्मा पुत्रगण स्व० श्री वेदराम व श्री मुकेश पुत्र स्व० श्री गोवर्धन व सर्वश्री राम गोपाल, जयपाल, मिठ्ठन लाल, अभय कुमार, सुभाष, रामऔतार पुत्रगण स्व० श्री लखमी चन्द निवासी-ग्राम तुगलपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

अब लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने आज सर्वप्रथम यू पी गेट स्थित शौचालय देखा जिसमे ताला लगा हुआ था और आस पास गंदगी के अंबार लगे रहे:-

सुनीता दयाल, महापौर गाजियाबाद

## योगेंद्र शर्मा बने फोनरवा अध्यक्ष, 155 वोट मिले



**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। फोनरवा चुनाव-2024 के लिए चल रही खींचतान पर रविवार को विराम लग गया। दो बार से लगातार फोनरवा अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज रहे योगेंद्र शर्मा आखिर, जीत की हैट्रिक लगा दी। उनके सामने ताल ठोक रहे राजीव गर्ग और उनके पैनल को निराशा हाथ लगी। वोटरों ने योगेंद्र शर्मा और उनके पैनल पर एक बार फिर भरोसा जताया है। चुनाव के मद्देनजर कार्यालय के बाहर उत्सव का माहौल था। परिणाम का ऐलान होते ही ढोल बजने लगे। योगेंद्र शर्मा को 155 वोट और केके जैन को 103 वोट मिले हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार की सुबह सेक्टर-52 स्थित फोनरवा कार्यालय में मतदान शुरू हुआ। दोपहर दो बजे तक दो वोटरों को छोड़कर शत-प्रतिशत सदस्यों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। फोनरवा चुनाव में कुल 227 सदस्य को वोटिंग का अधिकार था। उनमें से 225 ने वोट डाले। दो सदस्य शहर के बाहर होने के कारण मतदान से वंचित रह गए। दोपहर दो बजे मतदान पूरा होने के बाद तीन बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई। देर शाम तक चुनाव अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह चुनाव परिणाम की घोषणा की।

# भुटानी और ग्रुप-108 में 200 लोगों ने खपाया ब्लैकमनी

**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। चार बिल्डरो की सर्च में इनकम टैक्स विभाग को बड़ा ब्रेक थ्रू मिला है। भुटानी और ग्रुप 108 में करीब 500 करोड़ के अघोषित लेनदेन मिले है। दस्तावेजों में टैक्स चोरी के बड़ा एमांउट कैल्कुलेट किया जा रहा है। इसके अलावा 5 करोड़ रुपए के आसपास की जुलरी और कैश बरामद की गई है। जिसके बारे में जानकारी की जा रही है। 200 से ज्यादा लोगों के सामने आए है जिन्होंने ब्लैक मनी इन दोनों बिल्डर के यहां खपाई है। ये लोग भी अब इनकम टैक्स की रडार पर आ चुके है।

मनी लॉड्रिंग की जानकारी अब तक नहीं मिली है। लेकिन इस एंगल पर भी पूछताछ और दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इनकम टैक्स ने गुरुवार को नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद में 37 ठिकानों पर सर्च शुरू की गई थी, जो रविवार को अब घटकर 30 स्थानों पर पहुंच चुकी है। इसमें नोएडा अब 16 और दिल्ली में 14 लोकेशन पर सर्च की जा रही है। सर्च का चौथे दिन टैक्स चोरी, ब्लैक मनी खपाने और एक लंबी ट्रेल मिली है। जिसकी उम्मीद इनकम टैक्स विभाग को थी। अभी दो दिनों तक सर्च और जारी रहेगी। वहीं कई और बिल्डरों के यहां भी ब्लैक मनी खपाने के संकेत मिले है। जिनके दस्तावेजों की जांच भी चल रही है। अब बिल्डरों के एग्रीमेंट और सेल परचेज के मिले दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की जा रही है। दस्तावेजों से स्पष्ट होता जा रहा है कि लॉजिक्स ग्रुप कमर्शियल स्पेस को बड़े पैमाने पर बेचने का ठेका भूटानी ग्रुप की ओर से लिया गया है, जिसमें सभी की हिस्सेदारी तय है। इस सर्च में आयकर विभाग के 400 से ज्यादा कर्मी और अधिकारी लगे है।

**■ 500 करोड़ रुपए के आघोषित लेनदेन, 5 करोड़ का कैश और जुलरी मिले, आज खोले जाएंगे लॉकर**

### नोएडा और दिल्ली की लोकेशन में मिले लॉकर

नोएडा और दिल्ली में कई लोकेशन पर लॉकर मिले है। इन लॉकरों में क्या है इसको खोलने के लिए कहा गया है। सोमवार को इन लॉकरों को खोला जाएगा। इनकी संख्या काफी ज्यादा है। बताया गया कि इन लॉकरों में भी ब्लैक मनी खपाने के दस्तावेज या कैश मिल सकता है। फिलहाल जैसे जैस सर्च बढ़ती जा रही है कई अहम साक्ष्य अफसरों को मिल रहे है।

### ब्लैक मनी एंगल से होगी पूछताछ

भूटानी ग्रुप की दो कंपनियां है। पहली भूटानी इंफ्रा दूसरी ग्रुप-108 है। इन दोनों से ही 500 करोड़ के अघोषित लेनदेन की जानकारी मिली है। इसलिए अब मनी लॉड्रिंग एंगल से भी पूछताछ और जांच की जा रही है। वहीं जिन लोगों ने अपनी ब्लैक मनी यहां खपाई उनके ट्रांजेक्शन को भी खंगाला जा रहा है। ये लोग दिल्ली एनसीआर और मेट्रो पोलेटियन सिटी के है।

## उल्लू गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार



**■ रात में खाली प्लाट और सड़क किनारे ट्रैक्टर को करते थे चोरी**

**■ उल्लू उड़ेगा कोड का करते थे प्रयोग**

**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। थाना सेक्टर 24 पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय उल्लू गैंग के 05 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8 चोरी के ट्रैक्टर विभित्र कंपनियों के व तीन तमंचे 315 बोर व 04 जिंदा कारतूस बरामद किए है। इनकी पहचान दिलशाद उर्फ दिलशान, अनीस उर्फ अनीसुद्दीन, शहजाद, वरूण और भूपेन्द्र हुई है। इन पांचों को सेक्टर -54 रेड लाइट के पास से गिरफ्तार किया। एडीसीपी ने मनीष मिश्रा ने बताया कि दिलशाद, अनीस और शहजाद ने बताया कि ये तीनों संसार उर्फ प्रधान, सलमान निवासी मेरठ के साथ मिलकर अवैध असलहा व कारतूस से लैस होकर नोएडा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े व खाली प्लॉट से ट्रैक्टर ट्रालियों को चोरी करते थे। चोरी किए गए ये ट्रैक्टर को ये लोग वरूण व भूपेन्द्र को देकर बेचते थे। ये लोग हमेशा चोरी करने के लिए रात में ही निकलते थे। इस कारण हमने अपने गैंग का नाम उल्लू रखा। पूछताछ में बताया कि घटना को अंजाम देने से पहले उल्लू उडेंगा जैसे कोड का प्रयोग करते थे। इतना कहने से ही हम समझ जाते है कि आज हमें चोरी की घटना को अंजाम देना है। अवैध असलाह व कारतूस सुरक्षा के लिए रखते थे। आवश्यकता पड़ने पर उसका प्रयोग कर सके और चोरी किये गये ट्रैक्टर व ट्राली को बेचकर हम अच्छा पैसा कमा लेते है। जिससे हम अपने परिवार का जीवन यापन करते है।

## बी2बी और प्लास्टफोकस के जरिए मोल्डिंग इंडस्ट्री का हुआ रोडशो

**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-27 स्थित एक होटल में बी2बी और प्लास्टफोकस ने मिलकर एक साझा कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मोल्डिंग इंडस्ट्री जिनकी औद्योगिक इकाइयां नोएडा ग्रेटर नोएडा के क्षेत्र में स्थापित है एक साथ इकट्ठा हुए। इस मौके पर प्लास्टिक फॉक्स 2024 के एग्जीबिशन के बारे में बात की गई। पीएमएमएआई के अधिकारी ने लोगों से आवाहन किया के अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शनी में भाग ले। प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली के द्वारका में फरवरी के महीने में लगाई जाएगी।

**■ फरवरी 2024 में प्लास्टिक फॉक्स एग्जीबिशन का किया जाएगा आयोजन**



इस मौके पर मोल्डिंग मशीन कंपनी विंडसर ने अपनी प्रस्तुति दिखाई और उद्यमियों को बताया कि वह कैसे-कैसे नई तकनीक की मशीन बना रहे हैं। इसको 35 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट भी कर रहे हैं। वहीं ममता मशीनरी कंपनी के रिप्रेजेंटेटिव ने पैकेजिंग इंडस्टरीज रिलेटेड नई तकनीकी मशीन के बारे में जानकारी दी। अपने वक्तव्य में जेड रहमान ने उद्यमियों को अपने उद्योगों में बेहतर कार्य क्षमता बनाने पर जोर दिया। प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के सपने को पूरा करने में सहभागी बनने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अपने उद्योगों में तकनीक को विकसित करने की संभावनाएं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस प्रोडक्टिविटी टेक्नोलॉजी की सहायता से आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा हो सकेगा। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग मौजूद रहे।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने पर तीन पर केस दर्ज

**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा करने मामले में अवर अभियंता ने तीन लोगों के खिलाफ फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया है। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-पांच में अवर अभियंता नवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि खसरा संख्या-450 व 452 पर अवैध रूप अतिक्रमण किया जा रहा है। इसे रुकाने के लिए अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोनों खसरों में से खसरा संख्या-450 में अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्लैब-कास्टिंग का कार्य शुरू करने की संभावना है। इसके तत्काल प्रभाव से रोकना आवश्यक है। इस मामले में सोनू, धर्म सिंह यादव और अंकित यादव के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। तीनों पर अवैध रूप से जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप है।

## महापौर के निरीक्षण में खुलासा : चिन्हित स्थान के बजाए दूसरे स्थान पर बना दिये शौचालय

**गाजियाबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल के रविवार को औचक निरीक्षण के दौरान नगर निगम प्रशासन की लापरवाही कब खुलासा हुआ है महापौर की माने तो उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि जहां पर सार्वजनिक शौचालय बने चाहिए थे वहां पर नहीं बनाए गए बल्कि चयनित स्थान से अलग उनको बनाया गया साथ ही पोलो की भी लगभग यही स्थिति है। कई पोल चयनित स्थानों से अलग लगा दिए गए। महापौर ने कहा है कि अब लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने आज सर्वप्रथम यू पी गेट स्थित शौचालय देखा जिसमे ताला लगा हुआ था और आस पास गंदगी के अंबार लगे रहे। उसके बाद लिंक रोड का शौचालय देखा जिसकी दिशा और दशा दोना की ठीक नही थी महापौर के पता करने पर पता चला कि यह शौचालय रियां इंटरप्राइजेज द्वारा बनाया गया है। जिसकी एवज में यूनिपोल लगाए गए है रियां इंटरप्राइजेज द्वारा पूर्व में 6 शौचालय बनाये गए। जिसके बदले 6 यूनीपोल लगाने के लिए दिए गए लेकिन शौचालय की दिशा और दशा बहुत खराब है। यहां तक कि शौचालय की छत पर टीन लगाई गई है लेंटर तक नही हैं। जिस स्थान पर शौचालय दिए गए थे लेकिन बनाये किसी ओर स्थान पर गए ।



**■ निरीक्षण में बदहाल मिले शौचालय**

ऐसे ही जिस स्थान पर यूनीपोल का स्थान जहां था लेकिन मिले किसी ओर स्थान पर शौचालय की स्थिति बहुत ही दयनीय मिली एक शौचालय तो खंडर की स्थिति में मिला लेकिन यूनिपोल के विज्ञापन की रकम कम्पनी ले रही है। महापौर ने देखा कि किसी अधिकारी ने यह शौचालय नही देखे और देखे गए तो इतनी बुरी स्थिति कैसे हो गई।

महापौर दने कम्पनी की पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई और बचे 4 शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। जो मोहन नगर फ्लाईओवर के पास, साहिबाबाद सब्जी मंडी (जो खंडर है), टाटा स्टील कंपनी के सामने, व कौशाम्बी लिंक रोड पर है सभी शौचालयो में 2 शौचालय खुले हुए हैं और बाकी 4 बन्द मिले और 2 शौचालय की स्थिति भी बहुत खराब एक खंडर की तरह और दूसरे छत नही टीन मिली,महापौर ने बताया कि इस मामले में कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ।

## सार संक्षेप

### तीन युवकों पर किशोरी को अगवा करने का आरोप

**नोएडा।** पीलीभीत की किशोरी को बहला-फुसलाकर नोएडा से अगवा करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ फेज तीन थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित कर दी है। आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। पीलीभीत के बीसलपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह सेक्टर-68 में रहता है और मेहनत मजदूरी कर किसी तरह परिवार का पेट पालता है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बीते सोमवार को सुबह दस बजे के करीब उनके पैतृक गांव का लड़का भरत लाल उर्फ संजू घर पर आया। उसके साथ अमित कुमार और सोमपाल भी था। आरोप है कि तीन दिन रुकने के बाद चार जनवरी को जब शिकायतकर्ता काम पर गया तो तीनों आरोपी उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गए। घर लौटने पर पीड़ित को जानकारी हुई। शिकायतकर्ता ने दो दिन तक बेटी को रिश्तेदारों और करीबियों के यहां तलाश पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। किशोरी का मोबाइल भी बंद है। अंत में किशोरी के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को नामजद किया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक किशोरी पूर्व से आरोपी को जानती थी।

### किस्तों पर गाड़ी लेकर वापस न करने पर पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** किस्तों पर गाड़ी लेकर वापस न करने के मामले में एक कंपनी के निदेशक ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ फेज तीन थाने में अमानत में खयानत डालने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि आरोपी न से किस्तों पर लिए गए वाहन की किस्त भर रहा है तो न ही गाड़ी वापस कर रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। फेज तीन पुलिस को दी शिकायत में जुगेंद्र सिंह ने बताया कि सेक्टर-70 में उनकी ग्लोबल फ्लीट सोल्यूंस आइ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। वह कंपनी के निदेशक हैं।

## भाजपा मंडला अध्यक्षों के साथ बैठक में शामिल हुई राज्य सभा सांसद कांता कर्दम

**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। नव नियुक्त मंडला अध्यक्षों के साथ एक बैठक भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में राज्य सभा सांसद कांता कर्दम ने सभी मंडला अध्यक्षों को आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्ण निष्ठा और मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण चुनाव है, क्योंकि आज जब देश प्रगति और विकास कार्यों ने आगे बढ़ रहा है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक फिर जितना है और इस विकास रथ को रुकने नहीं देना है। आप सभी मंडल अध्यक्षों पर एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। क्योंकि मंडल अध्यक्ष एक ऐसी कड़ी है जिसके सहारे पूरा संगठन आज विश्व में सबसे बड़ा संगठन बना है।

**■ 14 से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों की होगी साफ-सफाई**

**■ 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मनाई जाएगी दीवाली, मंदिरों में होगा लाइव प्रसारण**

उन्होंने नए वोटर बनने के कार्य की भी समीक्षा की और सभी का धन्यवाद दिया क्योंकि आज सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से नोएडा में 90 हज़ार से ज़्यादा वोट अभी तक बढ़े हैं। इसके साथ उन्होंने सभी को नमों ऐप को डाउनलोड करने के लिए भी आग्रह किया। कार्यकर्ताओं से व्रत लिए की वो अपने आस पास 50 लोगों के फ़ोन में नमों ऐप डाउनलोड करायेंगे। आगामी 22 जनवरी पर अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान राम के आगमन पर सभी से पूरे नोएडा में दिवाली मनाने के लिए भी आग्रह किया। बैठक की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की उन्होंने भी सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया और साथ ही मन की बात कार्यक्रम को सभी पड़ोसी और मित्रों के साथ हर बूथ पर सुनने के लिए आग्रह किया। राम मंदिर निर्माण के चलते उन्होंने बताया कि 14 से 22 जनवरी तक नोएडा के सभी मंदिरों की सफ़ाई कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके लिये सभी बड़े मंदिरों को चिन्हित किया गया है और वहां पर साज सजा का कार्यक्रम भी किया जाएगा साथ ही 22 को अयोध्या का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

## अन्तरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 50 लाख रुपए की अफीम बरामद

**गाजियाबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। क्राइम ब्रांच पुलिस ने रविवार को एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2 किलो अफीम बरामद की गई है अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस अफीम की कीमत लगभग 50 लख रुपए है। तस्कर गकी उम्र मात्र 21 साल है और वह झारखंड राज्य के चतरा जिले का रहने वाला है। वह दिल्ली एनसीआर, समेत हरियाणा पंजाब में अफीम की सप्लाई करता था। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तस्कर का नाम पंकज डांगी है और कक्षा 5 तक पढ़ा लिखा है पूछताछ करने में पंकज ने पुलिस को बताया कि वह पैसा कमाने के उद्देश्य से मुम्बई गया था। परन्तु वहां पर ज्यादा पैसा न मिलने और मेहनत अधिक होने के कारण वहां से काम छोड़कर वापस आ गया और गांव में खेती करने लगा। इसी बीच उसका सम्पर्क अफीम बेचने वाले गांव के ही संतोष से हो गया।



**दिल्ली एनसीआर, समेत हरियाणा पंजाब में अफीम की करता था आपूर्ति**

शुरुआत में वह उससे कम मात्रा में अफीम लेकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने लगा, जिसमें मुझे फायदा होने लगा लेकिन स्थानीय स्तर की सप्लाई में ज्यादा पैसे नही मिलते थे। मुझे कम समय में ज्यादा पैसा कमाना था। संतोष ने उसे गाजियाबाद, एनसीआर क्षेत्र, दिल्ली, पंजाब व हरियाणा की कुछ पार्टियों के बारे में बताया, संतोष के माध्यम से उन पार्टियों से सम्पर्क किया फिर वह इन क्षेत्रो में अफीम की सप्लाई करने लगा। झारखण्ड से वह बस व ट्रेन से माल लेकर आता ल था। ट्रेन में जनरल डिब्बे में सफर करता था, क्योंकि उसमें काफी भीड़ होती है और चैकिंग भी कम होती है। बस में बैठते समय वह अफीम को अपने पेट में बांध लेता था। उसे जितनी अफीम की डिमांड मिलती थी उसको लेकर जिस क्षेत्र में सप्लाई करना होता था वहां पर मिलने का स्थान पहले ही तय कर लेते थे। माल कहां और कितने बजे देना है ये भी तय कर लेते थे । रास्ते में अपना फोन बंद कर लेता था और किसी से भी सम्पर्क नही करता था जब तक कि माल को उसके तयशुदा जगह पर डिलीवर ना कर दिया जाए। उसने बताया कि वह पिछले छ: माह से गाजियाबाद, दिल्ली, एनसीआर, पंजाब व हरियाणा में अफीम की तस्करी कर रहा है। अफीम की तस्करी में कम समय में ज्यादा फायदा होता है इससे वह अपना शौक व घर के खर्चे पूरा करता है।



## समाजसेवी ने रामन्दिर निर्माण के लिए दिया 31 लाख रुपए का दान

**गाजियाबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार अग्रवाल ने राम मंदिर निर्माण हेतु 31 लाख रुपए का दान दिया है। रविवार को सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह ने उनके आवास पर उपस्थित होकर यह धनराशि प्राप्त की। वीके सिंह ने कहा कि बेहद ही गर्व और हर्ष का विषय है कि भगवान श्री राम में जन-जन की इतनी प्रगाढ़ आस्था है। हम ऐसे तमाम सनातनी सेवकों को बार बार प्रणाम करते हैं जो मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## चेयरमैन से किसानों की हुई वार्ता दिया आश्वासन



**नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का धरना आज 27वें दिन भी जारी रहा। इस बीच मांगों को लेकर रविवार को नोएडा प्राधिकरण में प्राधिकरण चेयरमैन के साथ बैठक हुई। जिसमें 10 प्रतिशत प्लाट व 5 फीसदी मूल आबादी और अतिक्रमण के मुद्दों पर बातचीत की गई। इस मौके पर चेयरमैन ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि आपकी फाइल को विधि विभाग में कानूनी अमली जामा पहनाने के लिए व वित्त विभाग में गणना के लिए भेजा हुआ है। चेयरमैन ने कहा कि जो कार्य हमारे हाथ में है ,हम उसे पर तत्काल प्रभाव से चर्चा करके धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। जैसे की मूल 5 परसेंट के प्लाट में कमर्शियल गतिविधि, 450 से हजार विनियमितीकरण व अतिक्रमण जैसे मुद्दे को गंभीरता से लिया है। सीईओ से चर्चा के बाद उस पर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने स्पष्ट शब्दों में चेयरमैन से बोल दिया जब तक की किसानों का समाधान नहीं हो जाएगा, धरना दिन प्रतिदिन संवैधानिक रूप से उग्र होता रहेगा। वह दिन भी दूर नहीं जब मिनी सचिवालय पर तालाबंदी भी की जा सकती है।

**■ 1997 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे की फाइल विधि विभाग में और वित्त विभाग में गणना के लिए भेजी गई**

## अक्षत वितरण महा अभियान की श्री राम यात्रा का स्वागत

**गाजियाबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। अक्षत वितरण महा अभियान की श्री राम यात्रा का स्वागत भाजपा के पूर्व महानगर महामंत्री देशराज देसी के कैंप कार्यालय पर किया गया। जिसमें रोजवेल पब्लिक स्कूल के डायरेटर सरदार जोगिंदर सिंह बग्गू



के अलावा भगवत चौधरी, मोहित चौधरी अशोक भल्ला, आनंद मनचंदा, चाचा सतनाम, डॉ सीपी नरूला, महेश रात्रा, राजीव सतीजा, राजेंद्र नागर, राजकुमार मल्होत्रा, श्याम मल्होत्रा, दीपक रात्रा, गुरनाम सिंह, आज़ाद सक्सेना, जितेंद्र अरोरा, जतिंदर अरोड़ा, यशपाल सोनी ने पुष्प माला से स्वागत किया।

उवाच "

आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है, देश में बढ़ती बेरोजगारी भाजपा सरकार की बड़ी विफलता है। सरकार जनता के हितों को दरकिनार करते हुए उसका शोषण करने में लगी हुई है:-

**राजकुमार भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा**

# सपा ने मासिक में किया लोकसभा चुनाव पर मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने तथा संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि देश में आज किसान, गरीब, मजदूर परेशान हैं। सभी का साथ सभी का विकास का नारा देने वाली भाजपा सरकार चांद पूंजी पतियों के लिए काम कर रही है और अपने राजनीति लाभ में के लिए जानबूझ कर नफरत की राजनीति कर रही है तथा तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश और प्रदेश में लोकतंत्र कि हत्या कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी साथी लोकसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने के लिए जनता के बीच जाकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है, देश में बढ़ती बेरोजगारी भाजपा सरकार की बड़ी विफ्लता है। सरकार जनता के हितों को दरकिनार करते हुए उसका शोषण करने में लगी हुई है। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, गजराज नागर, डॉ महेन्द्र नागर, औरंगजेब चेयरमैन, रामशरण नागर, विजेंद्र चौहान, देवेंद्र अवाना, कृशान्त भाटी, अजय चौधरी, आदि मौजूद रहे।



# ग्रेनो के 52 बिल्डर परियोजनाओं को अमिताभ कांत समिति से मिलेगा लाभ

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 52 परियोजनाओं के बिल्डर अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए तैयार हैं। अगले दो दिन में ये बिल्डर अपनी सहमति दे देंगे। इसके बाद पुनर्वास पैकेज लागू करने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

बिल्डर-बायर्स मद्दे को हल करने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए कार्रवाई तेज हो गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 96 परियोजनाओं में करीब 72 हजार फ्लैट बायर्स फंसे हैं। इन पर करीब 5500 करोड़ रुपए बकाया है। सिफारिशों को लागू कराने के लिए रविवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव और बिल्डर शामिल हुए। बैठक में 52 परियोजनाओं के बिल्डर शामिल हुए। इसमें बिल्डरों को उनके लंबित बकाए के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने इन बिल्डरों को बताया कि उन्हें कोविड महामारी के कारण दो साल की शून्य अवधि का लाभ दिया जाएगा। इससे उन्हें बकाये में 21 प्रतिशत तक छूट मिल सकती है। कहा कि अगर किसी को संदेह है तो वह दो दिनों के भीतर अपना पक्ष रखें। अधिकारियों ने कहा कि अगर वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बकाये की गणना से सहमत हैं तो सरकार द्वारा प्रदान किए गए पुनर्वास पैकेज पर हस्ताक्षर करें। ताकि इसे लागू किया जा सके। बैठक में 44 परियोजनाओं से जुड़े बिल्डर नहीं आए। प्राधिकरण ने इन बिल्डरों को अपनी गणना का आकलन करने के लिए एक सप्ताह का और समय दिया है। उनसे कहा गया है कि वह भी अपनी गणना के साथ आएं और अपनी बात रखें ताकि सिफारिशों को लागू किया जा सके। अगर बिल्डर इस लाभ को लेने के लिए तैयार होते हैं तो उन्हें कुल बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। इससे प्राधिकरण का बकाया भी मिल सकेगा।




■ औद्योगिक विकास आयुक्त ने ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों के साथ की बैठक

## विहिप ने विभिन्न स्थानों पर घर-घर अक्षत वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु )। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भगवान श्रीराम भक्त घर-घर निमंत्रण पहुंच रहे हैं। 2 जनवरी से भगवान श्रीराम के भक्तों की टोली अक्षत कलश लेकर घर-घर जा रही है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के गौतम बुद्ध नगर जिले के भगत सिंह प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी इलाके में शोभायात्रा निकालकर पूजित निमंत्रण अक्षत का वितरण किया। शाहबेरी के देवग्रीन इलाके के शिव शक्ति मंदिर से शुरू की गई शोभायात्रा बालाजी एन्क्लेव होते हुए गली नम्बर 11 के श्री दुर्गा हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। प्रखंड अध्यक्ष अमित राणा और प्रखंड मंत्री मनीष कस संचालन में निकली जा रही शोभायात्रा में राजीव शर्मा, विवेक दुबे, पंकित कौशिक और रामजी के अलावा अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं जिले के दूसरे प्रखंड मंगल पांडे के कार्यकर्ताओं ने रोजा याकूबपुर गांव में अक्षत कलश यात्रा और श्रीराम रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने 500 से अधिक परिवारों को श्री राम मंदिर प्रणाम प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस भव्य यात्रा को सफल बनाने में समस्त ग्राम वासियो के साथ-साथ सुमित, अंकित, शेंकी, भानु, मोहित, अभिषेक, राजीव ,प्रिंस, गौरव, सचिन, राहुल, और हैप्पी ने अहम भूमिका निभाई।



## बढ़ती ठंड के बीच कक्षा 12 तक के विद्यालयों में 10 जनवरी तक अवकाश घोषित की मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। हाड़ कपाती सर्दी के बीच परिषदीय स्कूलों में आगामी 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है इसी तर्ज पर सर्दी को देखते हुए कक्षा 12 तक के विद्यालयों में भी 10 जनवरी तक अवकाश घोषित करने की मांग आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर आनंद आर्य ने जिलाधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं ठंड के आगोश में न आ सकें। गौरतलब है कि न्यूनतम तापमान जहां 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और शीत लहर और कोहरे के कारण जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। इसके चलते वैसे भी छात्रों की कक्षाओं में उपस्थिति कम दर्ज हो रही है। ऐसे में जबकि मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के मुताबिक 9 और 10 जनवरी को बारिश की संभावना भी जताई गई है। डॉक्टर आर्य ने ने डीएम से कक्षा 12 तक के छात्र -छात्राओं के स्वास्थ्य हित में 10 जनवरी तक विद्यालयों में अवकाश घोषित कराने की मांग है।

# हत्या के खुलासे की मांग को लेकर थाने का घेराव

**रबूपुरा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। करीब 6 माह पूर्व पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में हुई विवाहिता की मौत के मामले में न्याय पाने के लिए परिजन दर दर भटक रहे हैं। कोतवाली से लेकर अधिकारियों तक चक्कर लगा चुके पीड़ित को न्याय की किरण नजर आ रही। इसी से नाराज दर्जनों लोग रविवार को रबूपुरा कोतवाली पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर कोतवाली का घेराव किया। पहले गई पुलिस ने उन्हें टरकाने का प्रयास किया लेकिन मामला बढ़ता देख पुलिस बेकपुट गई और दो दिन में मामले का खुलासा करने का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया। उधर मृतका के परिजनों ने दो दिन में खुलासा नहीं होने पर पुन: प्रदर्शन की चेतावनी दी है। गौरतलब है गांव तीर्थली निवासी चांद मोहम्मद ने अपनी पुत्री रूही की शादी वर्ष 2021 में पलवल हरियाणा निवास मुस्तकीम के साथ की थी। आरोप है दहेज की मांग को लेकर पीड़िता का लगातार उत्पीड़न किया जाता रहा और कई बार समझाने के बाद भी वह नहीं मानें तथा ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर करीब 6 माह पूर्व सड़क हादसे में घायल हुई रूही की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यह एक्सीडेंट नहीं बल्कि साजिश के तहत पीड़ित की पुत्री की हत्या की गई है। आरोप है मुस्तकीम ने अपने रिश्तेदारों फारूक और गुलशन के साथ नैनीताल जाने का प्रोग्राम बनाया जबकि नैनीताल जाने के लिए रूही बराबर मना करती रही लेकिन इसके बाद भी वह रूही को नैनीताल ले जाने बहाने अपने साथ लेकर के चले गए और एक दिन बाद ही नैनीताल से वापस निकल पड़े। जिसकी जानकारी रुही के द्वारा अपनी मां को दी गई। आरोप है मुस्तकीम, फारूक व गुलशन द्वारा ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रूही की हत्या कर अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को रोड पर खड़े ट्रक से टकरा कर हत्या को सड़क हादसा बना दिया गया। मृतक रूही के पिता चांद मोहम्मद ने बताया कि संबंधित दादरी थाने पर सही जांच होने के चलते जांच रबूपुरा थाने में ट्रांसफर कराया गया एवं मुख्यमंत्री लखनऊ, डीजीपी लखनऊ, पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर समेत आल्हा अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। रबूपुरा पुलिस ने दो दिन का समय मांगा है अगर दो दिन में घटना का खुलासा और हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो पुन: धरना प्रदर्शन किया जाएगा।




**6 महीने से न्याय के लिए कोतवाली से लेकर अधिकारियों तक भटक रहा पीड़ित**

# सनातन यात्रा में सैकड़ों सनातन प्रेमी हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु )। श्रीमद् भागवत परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित शिवाकान्त महाराज के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में निकाली जा रही है, रविवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में निकाली गई शोभा यात्रा। सनातन यात्रा सर्व प्रथम उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में निकल रही हैं कुछ महीने पहले महाराज लंदन जाकर अंग्रेजों के बीच में 27 दिन सनातन धर्म का जगह-जगह पर प्रचार प्रसार कर भारत वापस लौटे लंदन में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के बाद संपूर्ण भारत में सनातन यात्रा निकालने का संकल्प लिए है। सनातन यात्रा रविवार सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई यात्रा डाढ़ा शिव मंदिर डाढ़ा चौक ढ़किया बाबा चौक क्यामपुर चौक ऐच्छर मार्केट ऐच्छर चौक ऐच्छर रामलीला मैदान ऐच्छर एलडीको नवादा चौक तुगलपुर गोल चौक परी चौक पी 3 चौक होड़ा चौक कासना नहर कासना मार्केट कासना अड्डा विनोद भाटी चौक सिरसा लडपुरा घेघौला पेट्रोल पंप पंचायतन गिरधरपुर पतला खेड़ा खेरली नहर बिलासपुर मार्केट बुलंद खेड़ा जुनेदपुर कनारसी दनकौर स्कूल दनकौर पंप पैदल मार्ग दनकौर शहर इन स्थानों पर सैकड़ो मोटर साईकिल एवं चार पहिया वाहनों के साथ में विशाल भव्य सनातन यात्रा निकाली गई।



**यात्रा का जगह जगह हुआ भव्य स्वागत**

सनातन यात्रा शहर भ्रमण करने के बाद गुरु द्रोणाचार्य व शिव मंदिर ऊंची दनकौर पर यात्रा का विश्राम हुआ जगह-जगह पर सनातन प्रेमियों द्वारा पुष्प वर्षा कर सनातन यात्रा का स्वागत किया गया सनातन यात्रा प्रारंभ होने से पहले मां गंगा की दिव्य एवं भव्य विशाल गंगा आरती होने के उपरांत सनातन यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रतिभा बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन अनिल शुक्ला वारसी पूर्व सांसद यात्रा प्रभारी अंकित भाटी संदीप भाटी पं. उत्तम शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# आठ लाख का लोन दिलाने के बहाने कर्मचारी से ठगे 80 हजार रुपए

**दनकौर,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में रहने वाले एक कर्मचारी से लोन दिलाने के बहाने अज्ञात आरोपितों ने करीब 80 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित को अपने साथ हुई ठगी की जानकारी होने पर रविवार को कोतवाली की साइबर सेल में पहुंचकर केस दर्ज कराया है। मूलरूप से बुलंदशहर निवासी रामभूल सिंह ने बताया कि वह दनकौर कस्बे में किराए के मकान पर रहकर ग्रेटर नोएडा में स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि करीब तीन दिन पहले एक अज्ञात आरोपित द्वारा उन्हें कॉल की गई। आरोपित ने बताया कि वह एक बैंक का कर्मचारी है। पीड़ित को होम लोन के द्वारा आठ लाख रुपए देने का झांसा दिया गया। इसके बाद आरोपित की टीम के अलग अलग सदस्यों ने स्वयं को अधिकारी बताते हुए पीड़ित से जरूरी दस्तावेज भी लिये। पीड़ित का कहना है कि आरोपितों द्वारा होम लोन दिलाने के बहाने उनसे करीब 80 हजार रुपए की मांग की गई। झांसे में आकर पीड़ित ने उनके बैंक खाते में 80 हजार रुपए भेज दिए जिसके बाद 60 हजार रुपए की और मांग की गई। इसके चलते पीड़ित की पत्नी को ठगी की आशंका हुए। रविवार को दम्पति दनकौर कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की गई। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



## सेक्टर अल्फा दो आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर हुआ नामांकन



ग्रेटर नोएडा, 7 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर अल्फा-दो में रविवार को आरडब्ल्यूए के चुनाव को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के सुभाष चंद, मोहित बैसोया ने नामांकन किया। महासचिव के लिए तरूण गोस्वामी, भगवत दयाल शर्मा और कोषाध्यक्ष के लिए अरूण गुप्ता और नेत्रपाल ने नामांकन किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सोमवार को नामांकन वापसी होगा।

# बिजली ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढ़ा युवक झुलसा, गंभीर हालत में दिल्ली रेफर

**जेवर,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। कस्बे में दाउजी मौहल्ला स्थित पुलिस चौकी की दीवार के समीप स्थित विधुत ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढने से रविवार को एक युवक करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। लोगों ने पुलिस के व्यवहार से परेशान होकर युवक द्वारा पोल पर चढकर आत्महत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस मामले में गोलमोल जबाब देकर बचने का प्रयास कर रही है।

लोगों से मिली जानकारी के अनुसार जारचा थाना क्षेत्र के गांव कलौंदा का रहने वाला नौसाद22 जेवर के मौहल्ला रावलपट्टी में अपनी ससुराल में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। शराब का आदि होने की वजह से लोगों व स्वजनों के साथ उसके समबंध अच्छे नहीं थे। लोगों ने बताया कि किसी बात को लेकर पुलिस उसे मौहल्ला दाउजी वाला स्थित कस्बा पुलिस चौकी पर लेकर गई थी। जहां से वह फरार होकर दीवार के समीप स्थित ट्रांसफॉर्मर के पोल पर चढ गया तथा करंट की चपेट में आकर झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिसकर्मियों ने शटडाउन लेकर उसे ट्रांसफॉर्मर के पास से निकाकर जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर अवस्था में उसे सफदरजंग हास्पीटल दिल्ली रेफर कर दिया गया।

कोतवाली जेवर के एसएसआई सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि नौसाद व राहुल नामक युवक का लेनदेने को लेकर आपस में विवाद हुआ था। जिसके बाद नौसाद ने कंट्रोल रूम को कॉल की थी। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुची जहां पर दोनों ने आपस में समझौता होने की बात कहकर पीआरवी को वापिस भेज दिया था।



# लगातार धरनारत किसान 14 जनवरी को करेंगे महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तर्ज पर सभी सुविधाएं दिए जाने तथा नये भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर रामगढ़ स्थित अंसल बिल्डर (उत्तम स्टील)व सर्वोत्तम ग्रुप कार्यालय पर किसानों का चल रहा धरना लगातार जारी है। रविवार को धरने के 86वें दिन सभी किसानों ने निर्णय लिया है की 14 जनवरी को महापंचायत कर तालाबंदी करने का निर्णय लेंगे। जिसमें गांव-गांव जाकर जन जागरण अभियान चलाया चलाया जा रहा है' जिसमें भारतीय किसान यूनियन पथिक पथिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल भाटी ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन किया। जिसमें उधम भाटी, शौकत अली चेची, इंद्र नगर, सुनील भाटी, व समस्त टीम 'संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तर्ज पर मुआवजा को लेकर किसानों का अनिश्चित कालीन धरना' 86 दिन से जारी**

में आगरा समर्थन देने के लिए सैकड़ो के तादाद में धरने से चलकर आगरा महापंचायत में समर्थन के लिए पहुंचे। किसान' बोड़ाकी, दतावली, कैमराला, भोगपुर, चक्रसेनपुर, बील अकबरपुर, रामगढ़, पल्ला ,चिठेडा, आदि गांव जितेंद्र बोड़ाकी, सुनील फोजी, यशपाल भाटी, रामकुमार भाटी, अमित फौजी, मनोज चाचा, बीर सिंह भाटी , लोगों ने हिस्सा लिया। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे इस आन्दोलन को भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति' जय जवान जय किसान मोर्चा, आदि सहित दिल्ली एनसीआर एवं राष्ट्रीय स्तर के सैकड़ो संगठन का समर्थन मिल चुका है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## असंतुलित होकर ईस्टर्न पेरिफेरल से डंपर पलटा, हेल्पर की हालत गंभीर

**दनकौर,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से शनिवार रात असंतुलित होकर एक डंपर कई पलटी खाते हुए नीचे पलट गया। इस हादसे में डंपर का ड्राइवर और हेल्पर घायल हो गया। जिसमें हेल्पर की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुजरात निवासी अनिल एक डंपर के हेल्पर हैं। जो शनिवार की रात डंपर के ड्राइवर के साथ गुजरात से एक कंपनी की टाइल्स भरकर गाजियाबाद के लिए जा रहे थे। जब उनका डंपर दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गुनपुरा गांव के पास पहुंचा। उसी दौरान डंपर के ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई। जिसके चलते गाड़ी असंतुलित होकर एक्सप्रेसवे से कई पलटी खाते हुए नीचे पलट गई। इस हादसे में ड्राइवर और हेल्पर को चोट आई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को डंपर से बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अनिल की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की जानकारी होने पर ट्रक के मालिक ने डंपर को पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आ गई थी। जिसकी वजह से ही यह हादसा हुआ है।



# कड़ाके की ठंड में मेट्रो की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासियों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो चलाने की मांगों को लेकर रविवार अलग-अलग सोसाइटीज के निवासी फिर से एक मूर्ति चौक पर इकट्ठे हुए और अपनी मेट्रो की मांग को दोहराते हुए प्रदर्शन किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार से गुजारिश किया गया कि जल्द से जल्द यहां पर मेट्रो का कार्य शुरू करवाया जाए। मेट्रो की मांग को लेकर आंदोलन कर रही सामाजिक संगठन नेफोवा फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक कुमार का कहना है कि पिछली बार जब जंतर मंतर पर हम लोगों ने प्रदर्शन किया था उसके बाद सरकार के अलग-अलग प्रतिनिधियों के द्वारा यह बताया गया था कि 15 दिन के अंदर डीपीआर को अप्रूवल मिल जाएगा। परंतु अब तक कोई भी ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है और हम लोगों ने यह तय किया है कि अगर इस महीने के अंत तक मेट्रो के कार्य प्रारंभ को लेकर डीपीआर फाइनल करके टेंडर नहीं निकाला जाता है तो फरवरी के पहले हफ्ता में जंतर मंतर पर पुन: इस क्षेत्र के निवासियों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे सदस्य मिहिर गौतम का कहना है कि सालों से मेट्रो का शिगूफा सरकार के द्वारा चुनाव से पहले और बिल्डरों के द्वारा त्योहारी सीजन में छोड दिया जाता है और इसी मेट्रो के नाम पर कई हजार करोड़ के फ्लैट्स, दुकान बिल्डरों ने बेच दिए और जिन लोगों ने घर ले लिया वह आज भी सार्वजनिक परिवहन के अभाव में ट्रैफिक में फंसते हुए रोजाना घंटो व्यतीत कर के दफ्तर आने जाने को मजबूर हैं।

मेट्रो के लिए प्रदर्शन करने वाले आर सी भट्ट का मानना है की सरकार को अविलम्ब मेट्रो के लिए टेंडर निकलवाना चाहिए जिससे यहां से दूसरी जगह आने जाने में असुविधा न हो। एक अन्य सदस्य रोहित मिश्रा का कहना है कि कोई भी सार्वजनिक परिवहन ना होने के कारण लाखों की आबादी वाले इस शहर में रोज अलग-अलग चुनौतियों से जूझना पड़ता है जिसके कारण बहुत समस्या होती है। आज के प्रदर्शन में अनिल रात्रा,एल डी शर्मा, टी एस बिष्ट, अनुराग खरे, सतीश कुमार सिंह, रंजना सिंह, अखिलेश झा, सुधांशु किशोर, विपिन प्रसाद, डॉ. सुहैल खान, मधु लोहुमी, बंशीधर पांडे एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।




■ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों का मानना है कि यहां पर मेट्रो का शुभारंभ होना एक प्रकार से बीरबल की खिचड़ी के समान हो गया है

■ पता नहीं कब सरकार कुंभकर्णी नींद से जागेगी और डीपीआर को अप्रूवल मिलेगा

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। थाना बीटा-2 पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की फर्जी नंबर प्लेट लगी नौ मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। यह गिरोह बुलेट बाइक को अपना निशाना बनाता है। थाना बीटा-2 पुलिस ने आरोपी शिवम सिह चौहान और बॉबी को लेबर गोलचक्कर के पास से चोरी की एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। शिवम मढ़ी हवेली थाना सौरिक जिला कन्नौज का और बॉबी ग्राम समायन नगरिया थाना अहरवा कटरा जनपद औरया का रहने वाला है। शिवम अल्फा-2 सेक्टर में रह रहा था। आरोपियों की निशादेही पर चूहड़पुर अंडरपास के पास झाड़ियों से चोरी की आठ मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। आरोपी शातिर किस्म के वाहन चोर हैं। आरोपी शिवम गैंग का सरगना है। इस गैंग का नाम पहलवान गैंग है। यह नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सक्रिय है। आरोपी खासकर बुलेट को निशाना बनाकर रेकी करके चोरी करते थे। चोरी की गई मोटरसाइकिलों को मनमाफिक नंबर प्लेट लगाकर बेचते थे।



# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 8 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## कहां हैं कांग्रेस के सहयोगी ?

एक ओर जहां अनेक मुद्दों पर कई संगठन और लोग देश की सड़कों पर उतरे हुए दिखाई दे रहे हैं, वहीं फिलहाल सबसे ज्यादा पूछा जाने वाला यह है कि कांग्रेस के अलावा इंडिया गठबन्धन के सहयोगी दल कहां हैं ? वे दिखलाई क्यूं नहीं दे रहे हैं ? क्या वे सीटों के बंटवारे का इंतज़ार कर रहे हैं ? अगर ऐसा है तो वे संयुक्त प्रतिपक्ष और उसके द्वारा लोकसभा के होने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को पटकनी देने की जो सोच रहे हैं, उसे दिवास्वप्न ही कहा जायेगा। चुनाव भी ऐसा कि जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने बड़ा मायाजाल बुना है, जिसकी झांकी 22 जनवरी को अयोध्या के राममंदिर के भव्यमंदिर के साथ नज़र आएगी। इसके लिये देश की धर्मप्राण जनता अभी से सम्मोहित हो चुकी है। यह भी प्रतीत होता है कि विपक्षी गठबन्धन के ज्यादातर सदस्य यह मानकर निश्चिंत बैठे हैं कि 'एक के खिलाफ एक' का फार्मूला मात्र ही उन्हें जीत दिला देगा। ऐसा हुआ तो अच्छी बात है परन्तु सम्भवतः गठबन्धन के ज्यादातर सदस्य 'कोई भी कोर कसर न छोड़ना' वाला मुहावरा भूल रहे हैं और हिन्दी के फिसड्डी छात्र की तरह वाक्य में प्रयोग करने के भी इच्छुक नहीं है जिससे उनकी परिणति नाकाम छात्र जैसी सम्भावित है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी को अपनी भारत यात्रा-2 की पूरी तैयारियां कर चुके हैं। उनके साथ कदमताल करने के लिये उनकी पार्टी भी पूरी तरह सुसज्जित है। इस बार मार्च 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम पर होने जा रहा है जिसकी अंतिम तैयारियों का विवरण जयराम रमेश ने शनिवार को पत्रकारों के सामने रखा। उनके मुताबिक 15 राज्यों से गुजरने वाली यह यात्रा कुछ पैदल तो कुछ वाहनों से होगी- साम्प्रदायिक दंगों से झुलस रहे मणिपुर से शुरू होकर 20 मार्च, 2024 को मुंबई में समापन होगा। इस दौरान राहुल 15 राज्यों की 6200 किलोमीटर दूरी नाप चुके होंगे। इन राज्यों से तकरीबन 355 लोकसभा सीटें आती हैं। यह एक बेहद कष्टप्रद यात्रा होगी- 7 सितम्बर, 2022 से तमिलनाडु के कन्याकुमारी से निकलकर श्रीनगर के लाल चौक पर जब राहुल ने तिरंगा फहराया था, उससे भी कठिन। हालांकि आज का राजनैतिक परिदृश्य जो और जैसा है, उस पर इस यात्रा का ही प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रभाव कहा जा सकता है। जो इंडिया गठबन्धन आज अस्तित्व में दिख रहा है; और जिससे न केवल सहयोगी दल वरन पूरी अवाम आस लगाये बैठी है, वह भी राहुल-यात्रा का ही बाई प्रोडक्ट है।

इस बात से कोई शायद ही इंकार करेगा कि इंडिया गठबन्धन के वजूद में आने के बाद गैर-भाजपायी विचारधाराओं के हौसले बढ़े हैं जिसके कारण अनेक स्तरों पर केन्द्र सरकार के मनमानीपूर्ण फैसलों तथा ज्यादतियों के खिलाफ लोग या संगठन उतर रहे हैं। अब सवाल यह है कि जिस गठबन्धन के 28 सहयोगी हैं, उनमें केवल कांग्रेस ही क्यों दिखाई दे रही है ? शेष साथियों की क्या जिम्मेदारियां हैं ? क्या उन्हें केवल अपने हिस्से का चुनाव और उनके नसीब में आई लड़ाई लड़कर किनारे बैठ जाना है ? अगर ऐसा है तो वे यह भूल रहे हैं कि गठबन्धन का अर्थ केवल सीट शेयरिंग नहीं होता बल्कि साझा कार्यक्रम होता है। सीट वितरण के फार्मूले बन्द कमरों में या पदाधिकारी परस्पर तय कर सकते हैं परन्तु साझा कार्यक्रम तो सड़कों पर ही आकार लेंगे।

यौन उत्पीड़न के मामले में शिकायत करने वाले पहलवानों की सुनी नहीं जाती और वे देश की राजधानी की सड़कों पर कुचले जाते हैं। व्यथित खिलाड़ी अपने मैडल और पुरस्कार प्रधानमंत्री की चौखट पर फेंक आते हैं। प्रियंका गांधी साक्षी मलिक के घर जाकर उन्हें दिलासा देती हुई दिखलाई देती हैं तथा जीरो विजिबिलिटी का निर्माण करने वाली उत्तर भारत की शीत लहर को चीरते हुए राहुल झज्जर के छारा गांव में बने अखाड़े में पहलवानों से यह कहने पहुंच जाते हैं कि 'आप का काम अखाड़े में मेहनत करने का है, सड़कों पर सरकार से लड़ना हमारा काम है।' इनके अलावा विपक्ष का कोई नेता इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरने की ज़हमत नहीं उठाता है। बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल को कांग्रेस के अतिरिक्त समर्थन देने कितने दल सामने आये, यह भी सामने है।

जिस ईवीएम ने विपक्ष को विपन्न कर दिया है और जिसके नाम पर किसी भी तरह का आंदोलन करने से ज्यादातर राजनैतिक दल हिचक रहे हैं, उसे लेकर ऐसे लोगों ने मुहिम छेड़ रखी है जिनका कार्यक्षेत्र सियासत नहीं है। उनका इस घोटालेबाज मशीन से केवल इतना ही सरोकार है कि इसके जरिये उनके नागरिक अधिकार छीने जा रहे हैं। नुकसान में तो विपक्षी दल हैं परन्तु वे कुछ यूं दूर बैठकर तमाशा देख रहे हैं मानों ये आंदोलनकारी वकील (प्रशांत भूषण, महमूद प्राचा, भानुप्रताप सिंह आदि) और सिविल सोसायटी के लोग किसी दूसरे ग्रह की बात कर रहे हैं। सच तो यह है कि ये गैर-राजनैतिक लोग एक नाकारा विपक्ष के हिस्से की लड़ाई लड़ रहे हैं।

संसद की आवारगी के अगर आप सबसे बड़े शिकार हुए हैं तो सड़कों को गुंजायमान रखने की जिम्मेदारी भी आपकी ही है। अगर ऐसा करने में आपके पांव डगमगा रहे हैं, हाथ कांप रहे हैं और गला सूख रहा है, तो कम से कम उन लोगों को समर्थन तो दीजिये जिनके कदम सधे हुए हैं, हाथ इंकलाबी मुद्रा में हैं तथा आवाज में कतई कम्पन नहीं होता है। ये छोटे-छोटे लोग और उनके आंदोलन ही प्रतिरोध वाली विचारधारा के संवाहक हैं और आपको कांधों पर बिठाकर लोकसभा की दहलीज तक छोड़कर आयेंगे।

# लोकसभा चुनाव से पहले राहुल की न्याय यात्रा की धूम

राहुल की पहली यात्रा एक साहसिक पहल थी और यह दूसरी उसकी निर्णायक परिणीति ! जो माहौल पिछले साल राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने बनाया था जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस ने दक्खन फतह की। दो दक्षिणी राज्यों में चुनाव हुए दोनों जगह पहले कर्नाटक और फिर तेलंगाना में कांग्रेस जीती और सबसे बड़ी बात कि जिस विपक्षी एकता से सत्ता पक्ष घबराया हुआ था वह हुई।

इंडिया गठबंधन बना। और एक सीट पर एक लड़ने की सहमति हुई। हालांकि हिन्दी प्रदेश के तीन राज्यों में कांग्रेस बीजेपी से सीधे मुकाबले में हारी। मगर यह बीजेपी की जीत कम और कांग्रेस की हार ज्यादा थी। और कांग्रेस की हार अपने राज्य के नेताओं पर सब कुछ छोड़ देने के कारण थी।

कांग्रेस के राज्यों के नेता थोड़ी सी ताकत पाते ही खुद को सर्वेसर्वा समझने लगते हैं। वे समझते हैं कि वोट उनके नाम से मिलते हैं। जबकि वोट कांग्रेस की प्रगतिशील नीतियों उसके जनसमर्थक रवैये एवं नेहरू गांधी परिवार के नाम से मिलते हैं।

क्या कांग्रेस के क्षत्रप कभी यह सोचते हैं कि पहली यात्रा भी राहुल की दूसरी भी उनकी ! क्यों ? क्या क्षत्रप जो विधानसभा हारने से पहले राहुल का विकल्प बनने की सोच रहे थे एक यात्रा भी अपने राज्य के अलावा पड़ोसी राज्य में भी निकाल सकते हैं ? अपने राज्य में भी निकालने को निकाल लें। मगर लोग कितने आएंगे ? प्रभाव कितना पड़ेगा ?

क्या राहुल की पहली यात्रा के बाद जिस तरह सब विपक्षी दल गठबंधन के लिए मान गए। वैसे क्या वे अपने राज्य में प्रभाव पैदा कर सकते हैं ? इसका जवाब है कि नहीं ! इसीलिए राहुल को दूसरी यात्रा शुरू करना पड़ी।

समय कम था। लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं। और सबसे बड़ी बात राहुल के घुटने की चोट। पहली यात्रा के समय भी वह पुरानी चोट उभर आई थी। खिलाड़ियों के साथ यह समस्या होती है। खासतौर पर फुटबाल खेलने वालों के। राहुल की प्रारम्भिक शिक्षा सेंट कोलम्बस में हुई। वहां वे फुटबाल ही खेलते थे। जब 1984 में इन्दिरा गांधी की हत्या हुई तो उस राहुल सेंट कोलम्बस में ही थे। वहीं से उन्हें कड़ी सुरक्षा में ले जाया गया था। सुरक्षा की शुरूआत वहीं से हुई। उससे पहले राहुल सामान्य छात्र की तरह खेलते पढ़ते थे।

खैर तो यह बीड़ा फिर राहुल को उठाना पड़ा। अगर कांग्रेस के क्षत्रप कमलनाथ मध्य प्रदेश में अहंकार, राजस्थान में गहलोत और पायलट आपसी झगड़े और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल मीडिया पर अति निर्भरता और उसके कारण उपजी आत्ममुग्धता छोड़ देते तो राहुल को इस दूसरी यात्रा पर नहीं निकलना पड़ता। तीनों राज्य कांग्रेस जीत जाती। और उससे बने माहौल के जरिए कांग्रेस और इन्डिया गठबंधन जीत के आत्मविश्वास के साथ लोकसभा चुनाव में जाते।

मगर कांग्रेस विधानसभा हारी और एक बार फिर बोझ राहुल के सिर आ गया। कांग्रेसी यह कभी नहीं समझते कि अपने नेता को कितना दौड़ाना चाहिए। जैसे रेस के घोड़े पर दांव लगा होता तो उसकी चिन्ता नहीं की जाती सिर्फ जीत के नोट ही नोट दिखाई देते हैं। वैसे ही कांग्रेसियों को राहुल में अपने हित दिखाई देते हैं। राहुल की सफलता का मतलब उन्हें सत्ता मिलना है। उनके धंधे पानी चलना है। उन्हें न कांग्रेस से मतलब ने नेहरू गांधी परिवार से।



शकील अख्तर

कांग्रेस विधानसभा हारी और एक बार फिर बोझ राहुल के सिर आ गया। कांग्रेसी यह कभी नहीं समझते कि अपने नेता को कितना दौड़ाना चाहिए। जैसे रेस के घोड़े पर दांव लगा होता तो उसकी चिन्ता नहीं की जाती सिर्फ जीत के नोट ही नोट दिखाई देते हैं। वैसे ही कांग्रेसियों को राहुल में अपने हित दिखाई देते हैं। राहुल की सफलता का मतलब उन्हें सत्ता मिलना है। उनके धंधे पानी चलना है। उन्हें न कांग्रेस से मतलब ने नेहरू गांधी परिवार से।

हमने कांग्रेस के करीब एक दर्जन बड़े नेताओं से बात की होगी जो 2012 से 2014 तक सरकार में और पार्टी में टाप हैसियत में थे कि अन्ना हजारे जैसे नकली आंदोलन को वे क्यों नहीं समझ पाए और उससे क्यों नहीं निपट पाए ? दूसरे सारे मुद्दों पर ज्ञान प्रदर्शन करने वाले इन नेताओं में से किसी के पास कोई जवाब नहीं था। केवल वे अन्ना जी, हजारे जी ही कहते रह गए। मतलब ये सारे नेता अनुकूल परिस्थितियों के हैं। प्रतिकूल परिस्थितियां में यह हाथ पांव डाल देते हैं।

याद कीजिये 1977 से 1980। अगर इन्दिरा गांधी और संजय गांधी हिम्मत नहीं करते तो क्या कांग्रेस वापस आ सकती थी ? 1991 में कांग्रेस सरकार क्या हत्या से पहले राजीव गांधी की मेहनत के बिना आ सकती थी ? 2004 में सोनिया गांधी कमर कस के नहीं निकलतीं तो क्या इन कांग्रेसियों को दस साल सत्ता सुख मिल सकता था ? और इसीलिए अब राहुल को दूसरी बार भारत यात्रा पर निकलना पड़ रहा है। भारत के इतिहास में यह पहला मौका है जब कोई दूसरी बार इतनी बड़ी यात्रा कर रहा हो। पहली यात्रा साढ़े चार महीने की थी। दूसरी चूंकि लोकसभा चुनाव बिल्कुल सिर पर आ गए इसलिए कम समय करीब सवा दो महीने की है। मगर दूरी पहली यात्रा से लगभग दो गुने के करीब कवर करेगी। पहली यात्रा जो सितम्बर 2022 में कन्याकुमारी से शुरू हुई थी वह श्रीनगर, कश्मीर तक 30 जनवरी 2023 तक चार हजार किलोमीटर मीटर पैदल चलकर राहुल ने पूरी की थी। साथ में सौ से ऊपर भारत यात्री थे जो पूरी यात्रा उनके साथ पैदल चले थे। इस बार पूर्व से पश्चिम की यात्रा 6700 किलोमीटर से ज्यादा चलने वाली है। मगर समय कम होने के कारण यह यात्रा पूरी पैदल नहीं होगी। प्रतिदिन कुछ किलोमीटर पैदल लोगों के दुःख दर्द सुनते हुए उन्हें हिम्मत बंधाते हुए राहुल चलेंगे। और कुछ समय बस में। यहां भी लोग उनके साथ बैठेंगे, बात करेंगे और फिर कहीं राहुल उतर कर पैदल चलने लगेंगे।

मीडिया को फिर एक काम मिल गया है। पहली यात्रा में उसने कंटेनर राहुल की टी शर्ट और ऐसे ही कई सासनुमा सवाल उठाए थे। लेकिन यात्रा की अभूतपूर्व सफलता ने उसके किसी सवाल को मुद्दा नहीं बनने दिया। अब फिर बस में क्यों, अरुणाचल क्यों नहीं, दाढ़ी बढ़ाएंगे कि नहीं जैसे सवाल उठाना शुरु कर दिए हैं। यात्रा मार्ग में अरुणाचल तो शामिल है। मगर कोई बात नहीं दाढ़ी के बारे में बताओ ? भैया, बहना किसी की दाढ़ी के बारे में कोई कैसे बता सकता है ? तो बस के बारे में बताओ ? पैदल भी चलेंगे ! अच्छा तो कौन से जूते पहनकर ?

यह मीडिया है ! जो गोदी मीडिया कहने पर नाराज हो जाता है। मगर एक भी रिपोर्ट में यह नहीं बताता, इस विषय पर डिबेट नहीं करता कि यात्रा के साथ न्याय क्यों जोड़ा गया है ? न्यायपूर्ण माहौल की जरूरत आज इतनी ज्यादा क्यों है ? सारी संवैधानिक संस्थाएं धराशाई क्यों हो गई हैं ? और खास तौर से मीडिया, प्रेस जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है उसकी हालत क्या है ? रिपोर्टर एंकर को क्या आज मीडिया कंपनी नियुक्ति देती है या कोई और कहता है कि इसे लगाना है, इसे निकालना है।

अब तो लोगों को पता भी नहीं होगा कि पहले टाइम्स आफ इंडिया, नवभारत टाइम्स और इस ग्रुप की सभी पत्र-पत्रिकाओं में नियुक्तियां एक अखिल भारतीय परीक्षा के द्वारा होती थी। कठिन लिखित परीक्षा और उससे भी कड़ा इंटरव्यू। सिफारिशों का काम लालकृष्ण आडवानी ने शुरू किया। 1977 में केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री बनने के बाद उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों को सभी बड़े अखबारों, रेडियो दूरदर्शन में घुसा दिया। वाजपेयी के टाइम में भी आडवानी ने यही किया। और कांग्रेस ने क्या किया ? उनके लगाए लोगों को और पदोन्नतियां दीं।

खैर तो यह मीडिया अब कांग्रेस से खूब बदले ले रहा है। जिसके दोषी खुद कांग्रेसी ही हैं। मगर एक कांग्रेसी में वह क्षमता है जो अभी भी पूरी तरह प्रतिकूल परिस्थिति में कोई समझौता नहीं करता। लगातार लड़ता रहता है। दूसरों से कहता है तो खुद अमल करता है कि डरो मत !

और वही राहुल गांधी एक बार फिर मैदान में है। उस मणिपुर से यात्रा शुरू कर रहे हैं जहां प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी नहीं जा पाए। और राहुल दूसरी बार जा रहे हैं।

बाकी अब जनता को देखना है। कौन क्या कर रहा है क्या नहीं यह सबके सामने है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# पाकिस्तान में चुनाव से पहले आतंकवादी हमलों में वृद्धि की आशंका

■ गिरीश लिंगन्ना

पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में पाकिस्तान में हिंसा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। देश में हमलों की संख्या में लगभग 70फीसदी की वृद्धि देखी गयी। इन घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या में लगभग 81फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि घायलों की संख्या में 62फीसदी की वृद्धि हुई।

गत 12 दिसंबर, 2023 को, लड़ाकों ने उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हमला कर दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। फिर विस्फोटकों से भरे एक वाहन को वहां से लगभग 60 किलोमीटर (37 मील) दूर दरबान शहर में सैन्य अड्डे में ले जाकर टक्कर करवा दिया। यह सैन्य अड्डा डेरा इस्माइल खान शहर, खैबरपख्तूनख्वा के अशांत प्रांत में स्थित है जो अफगानिस्तान से लगे अराजक आदिवासी क्षेत्रों के निकट है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा, बंदूक और आत्मघाती बम हमले में कम से कम 23 लोग मारे गये।

2 दिसंबर, 2023को, पाकिस्तान के गिलगित-बलतिस्तान में चिलास शहर के पास हमलावरों के एक समूह ने एक परिवहन बस पर हमला कर दिया, जो चीन के साथ पाकिस्तान की सीमा के पास देश के उत्तर में एक स्वायत्त क्षेत्र है। काराकोरम पर्वत श्रृंखला के माध्यम से पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाले काराकोरम राजमार्ग पर 45 नागरिक यात्रियों को ले जा रही बस पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया जिसमें 10 यात्रियों की मौत हो गयी तथा अनेक लोग घायल हो गये।

1 जनवरी, 2024 को प्रकाशित आंकड़ों से पता चला कि पाकिस्तान को 2023 में लगभग 645 आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप 976 मौतें हुईं और 1,354 घायल हुए। यह पूरे वर्ष में लगभग हर 14 घंटे में एक हमले के बराबर है। 2022 में, 380 हमले दर्ज किये गये, जिनमें 539 मौतें हुईं और 836 घायल हुए।

2023 में, पिछले वर्षों की तुलना में घातक आतंकवादी हमलों में लगभग 70फीसदी की वृद्धि हुई, जो इसे पिछले आधे दशक में सबसे घातक हमलों के रूप में चिह्नित करता है। पड़ोसी अफगानिस्तान में तालिबान के नियंत्रण में आने के बाद से हिंसा में यह वृद्धि जारी है।

इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज ने कहा कि अगर पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने साल भर में सैकड़ों हमलों और प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल नहीं किया होता तो हताहतों और चोटों की संख्या अधिक हो सकती थी।

अधिकांश हमलों के लिए पाकिस्तानी तालिबान को जिम्मेदार ठहराया गया, जो एक ही विचारधारा साझा करने वाला संगठन है, लेकिन संरचना में अफगानिस्तान में अपने समकक्षों से भिन्न है। पाकिस्तानी तालिबान, जिसे आधिकारिक तौर पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नाम से जाना जाता है, एक इस्लामी कट्टरपंथी आतंकवादी समूह है जो मुख्य रूप से पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी आदिवासी इलाकों में सक्रिय है। 2007 में गठित इस संगठन में पाकिस्तान में शरिया कानून स्थापित करने की विचारधारा के तहत एकजुट विभिन्न आतंकवादी गुट शामिल हैं।

टीटीपी पाकिस्तानी सरकार के विरोध के लिए जाना जाता है और पाकिस्तान के भीतर नागरिकों, सैन्य और राजनीतिक हस्तियों सहित कई हाई-प्रोफाइल आतंकवादी हमलों में शामिल रहा है। अफगान तालिबान के साथ एक समान विचारधारा साझा करते हुए, जैसे कि सख्त इस्लामी शासन, टीटीपी स्वतंत्र रूप से संचालित होता है, जिसका विशिष्ट नेतृत्व और उद्देश्य अफगानिस्तान के बजाय पाकिस्तान पर केंद्रित होते हैं।

पाकिस्तान की कानूनी प्रणाली इस्लामी कानून (शरिया) और ब्रिटिश-प्रभावित नागरिक कानून का एक संयोजन है। जबकि शरिया के कुछ पहलुओं को पाकिस्तान के कानूनी ढांचे में शामिल किया गया है - विशेष रूप से पारिवारिक कानून में- यह देश की कानूनी प्रणाली का एकमात्र आधार नहीं है। पाकिस्तान का संविधान इस्लामी प्रावधानों के साथ संसदीय लोकतंत्र की नींव रखता है। इस्लामी कानून कुछ व्यक्तिगत और नैतिक आचरण कानूनों को प्रभावित करता है, लेकिन देश के आपराधिक और नागरिक कानून मुख्य रूप से ब्रिटिश कानूनी प्रणाली से प्राप्त होते हैं - जो औपनिवेशिक युग का अवशेष है। इस प्रकार, पाकिस्तान की कानूनी प्रणाली इस्लामी और धर्मनिरपेक्ष दोनों कानूनों का एक मिश्रण है।

पाकिस्तान, परमाणु हथियार रखने वाला और 240 मिलियन से अधिक की आबादी वाला एक इस्लामी गणतंत्र, 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के हिस्से के रूप में अपने वैश्विक बाजार विस्तार प्रयासों - भूमि और समुद्री दोनों- में चीन के साथ सहयोग करता है। हालिया अस्थिरता को आंशिक रूप से पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में चीनी निवेश की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है, जहां राष्ट्रवादी विद्रोही पाकिस्तानी सरकार का विरोध कर रहे हैं।

पाकिस्तान का दावा है कि यह समूह अफगानिस्तान सीमा क्षेत्र में स्थित कथित सुरक्षित पनाहगाहों से हमले करता है। हालांकि, काबुल इन आरोपों से इनकार करता है। 2021 में अफगान तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्ज़ा करने के बाद से, पाकिस्तान में इस्लामी आतंकवादियों द्वारा हिंसक गतिविधियों में वृद्धि हुई है।

पाकिस्तान, परमाणु हथियार रखने वाला और 240 मिलियन से अधिक की आबादी वाला एक इस्लामी गणतंत्र, 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के हिस्से के रूप में अपने वैश्विक बाजार विस्तार प्रयासों - भूमि और समुद्री दोनों- में चीन के साथ सहयोग करता है। हालिया अस्थिरता को आंशिक रूप से पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में चीनी निवेश की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जाता है, जहां राष्ट्रवादी विद्रोही पाकिस्तानी सरकार का विरोध कर रहे हैं।

बलूचिस्तान में राष्ट्रवादी विद्रोहियों का यह विरोध संसाधनों के वितरण और राजनीतिक हाशिए पर उनकी लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से उपजा है। बलूचिस्तान, हालांकि यह संसाधनों से समृद्ध है - विशेष रूप से खनिज और प्राकृतिक गैस में- पाकिस्तान के सबसे कम विकसित प्रांतों में से एक है। स्थानीय आबादी को लगता है कि उन्हें इन संसाधनों या चीनी निवेश से पर्याप्त लाभ नहीं हुआ है, जो चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का हिस्सा हैं।

इसके बजाय, उन्हें लगता है कि मुनाफ़ा असमान रूप से पाकिस्तान और चीन के अन्य क्षेत्रों के पक्ष में हो रहा है। इसने बलूच लोगों के बीच आर्थिक शोषण और राजनीतिक उपेक्षा की भावना को बढ़ावा दिया है, जिससे विद्रोही समूह अधिक स्वायत्तता या स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं।

उत्तर-पश्चिमी शहर में स्थित एक सुरक्षा विश्लेषक द्वारा की गई भविष्यवाणियों के अनुसार, जैसे-जैसे देश में अगले महीने चुनाव होने वाले हैं, घातक हमलों में वृद्धि की आशंका है।

# गुरवाणी विचार

## माझ महला 5

वैदो न कई भैजो न भाई इको सहई रामु हे।
जिसो होवै पापां मलो धोवैडसो सिमरहु परधानु हे।
घटि छटे वासी सरब निवासी असथिर जा का थानु हे।
आवै न जावै संगे समावै रन जा का काम हे।
भगत जना का राखणहारा संत जीवहि जपि प्रान अधारा।
करन कारन समरधु सुआमी नानक तिस कुरबनु हे।

गुरवाणी की यह पंक्तियां राग माझ से ली गई हैं जो गुरु ग्रंथ साहिब जी के अंग 1008 पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं केवल प्रभु परमात्मा ही दुख-दर्द के समय हमारी तकलीफ के समय हमें मदद देने वाला होता है। शारीरिक तकलीफ हो तो भी मानसिक तकलीफ हो तो भी केवल प्रभु परमात्मा ही हमारा सहारा हो सकते हैं-

जा को मुशकिल अति बने ढ़ाई कोय न दे।
लागू होये दुसमना साक भी भजि खड़े।
सबो भजे आसरा चूके सब आसाराओ।
चित आवे उस पारब्रह्म तां लागै ना लती वाओ।

आदमी सब तरफ से निराश हो जाता है। दोस्त, रिश्ते नाते भाई-बहन, सखा बंधप जब सब तरफ से उम्मीद छोड़ चुके होते हैं तब केवल प्रभु परमात्मा ही उसका मददगार बन जाता है। क्योंकि गुरवाणी द्वारा समझाया गया है कि जिस के ऊपर परमात्मा का हाथ हो फिर किसी भी किस्म की चिंता नहीं रहती।

जां तू मेरे वल है तां किआ मुंह छंदा।

पर उस परमात्मा का आसरा प्राप्त करने हेतु हमें हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की याद में जुड़ना पड़ेगा।

उठते- बैठते, सोते-जागते ऐह मन तुझे चितारे।
सुख दुख इस मन की विरथा तुझ ही आगे सारे।।

प्रभु परमात्मा ने इस समस्त संसार की रचना की है। ऐसा कहा जाता है आदम और हौव्वा ने मिल कर सारे जीवों की उत्पत्ति की है पर उनका भी रचनाकार प्रभु परमात्मा पिता है। तभी तो गुरवाणी में समझाया गया है-तूं मेरा पिता तूं है मेरा माता तूं मेरा बंधु तू मेरा भ्राता। संसार में जो भी कर्म हो रहा है उसकी मर्जी से हो रहा है।

भय विच अग्नि वहे सदवाओ भय विच चले लख दरिआओ।
भय विच सूरज भय विच चंद-कोह करोड़ी जंत नही अंत।

उस परमात्मा की भक्ति करते रहने पर ही इस काया पर जनम जनम की कर्मों की जमी हुई मैल जिसमें हमने कई पाप किये होंगे वह साफ हो पाएंगे। वह परमात्मा ही जगत में शिरोमणि है। वह रचनाकार के हर प्राणी के अंदर विराजमान रहता है, और उसके द्वारा किये जा रहे प्रत्येक कर्मों का लेखा-जोखा बनाये रखता है। जो धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त द्वारा रखा जा रहा है। उसी के अनुसार हमें दंड या इनाम मिलने वाला है। दंड भी इसी धरा पर वापस किसी कीड़े-मकोड़े की योनि में भेज दिया जाएगा। इनाम के रूप में प्रभु के सांचे दरबर में स्थान प्राप्त हो पाएगा। अतएव हर इंसान को अपनी नेककमाई जरूरतमदों की सेवा में लगाना चाहिए। प्रभु परात्मा ही सिर्फ स्थिर है बाकी सारे संसार के प्राणी नश्वर हैं जो जन्म लेते और मृत्यु को प्राप्त होते रहते हैं और विभिन्न -विभिन्न योनियों में भटकते रहते हैं। हम पर विशेष कृपाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मानवदेही हमें दी है तो हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि हर वक्त उस प्रभु की सिमरन भक्ति में लगे रहें।

याद रहे प्रभु परमात्मा के पास चौरासी लाख योनियों का भंडार है। दुबारा हमें मनुष्य जनम मिलेगा कि नहीं इसलिए प्रभु भक्ति में अपना मन लगाए रखना चाहिए। प्रभु परमात्मा स्वयं ही हमारा रखवाला सबका आसरा हो जाता है-

तूं मेरे प्राण आधो प्रभु तूं मेरे प्राण आधारे।
नमस्कार दंडवत वंदन अनेक बार जाऊं वारे।।

जो भी प्राणी उसकी भक्ति में रम जाता है वह आत्मिक जीवन का आनंद प्राप्त कर लेता है। सो गुरदेव समझा रहे हैं कि नानक उन प्राणियों पर कुर्बान जाते हैं जो प्रभु परमात्मा की सिमरन भक्ति में मन लगाकर पूर्णरूपेण मानव जीवन पाने लाभ प्राप्त कर लेते हैं।

गुरमुख लहा लै गये मनमुख चले मूल गवाये जीयो।

इसलिए प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक संवांश का उपयोग प्रभु सिमरन करते हुए गुरमुख बनकर उजले मुख प्रभु दरबार में जाने का प्रयास करना चाहिए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसना शर्मनाक

वर्तमान परिदृश्य में लोककला के नाम पर अश्लीलता परोसी जा रहा है, जो कि चिंतनीय व शर्मनाक है। यह न केवल इन परंपरागत शैलियों को धूमिल कर रहा है बल्कि 'विदेशी/वेस्टर्न के चक्कर में हम अपनी पहचान से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया या यूट्यूब, फिल्म हो या टीवी के कार्यक्रम सभी जगह फूहड़ नाच का नंगा प्रदर्शन किए जाने की परंपरा ने जोर पकड़ लिया है। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर रिल्स, गानों, फिल्मों, कार्यक्रमों सब में अश्लीलता इस कदर घर करती जा रही है कि आप अपने परिवार के साथ देख ही नहीं सकते। और रही सही कसर अब नंगे होकर रील बनाने वालों ने पूरी कर दी है। अधिकतर गाने, एलबम और सिनेमा अश्लीलता से भरपूर है। आज के लोकगीत सुनने की ही बात कर लें तो उन गानों के हर शब्द में अश्लीलता कूट-कूट कर भरा होता है। जब हम-आप परिवार के साथ मिलकर गाना नहीं सुन सकते तो यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गानों के सीनों का क्या हाल होगा। ऊपर से अश्लीलता का कम्पीटिशन इस कदर होता जा रहा है कि एक से एक हिट एलबम, गाने बनते हैं। अश्लीलता को दिखाने का होड़ इस कदर है कि मत पूछिए। इस बारे में कलाकारों, गायकों से पूछ लिया जाता है तो छूटते ही कहते हैं कि यह तो पब्लिक डिमांड है। जनता यही सब देखना पसंद करती है। ऐसा न परोसें तो गाना हिट ही नहीं होगा।

अब ऐसे कलाकारों को कौन समझाए कि अश्लीलता की शुरुआत तो फिल्मों व गानों के जरिए ही हमारे समाज में फैली। जिसे रोकने का कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ऐसे मजनूं कलाकारों के चक्कर में हमारा पूरा समाज दूषित होता जा रहा है। मान-मर्यादा सब छिन्न-भिन्न होता जा रहा है। यदि आज भी हम नहीं सचेते तो न जाने हमारे समाज की दशा और दिशा क्या होगी। ऐसा नहीं है कि ऐसे नृत्यों का असर नहीं हो रहा है। पिछले 5-10 सालों में जिस प्रकार का नृत्य व गाने प्रस्तुत किए है, उसने तो हमारे समाज के ताना-बाना को ही हिलाकर रख दिया है। ये मन को शांत करने के बजाय अशांत ही कर देता है।

बाज़ार की लालची और मुनाफाखोर प्रवृत्ति ने एक लोककला की हत्या कर दी और अब उसके नाम पर लोगों को अश्लीलता परोस रही है।

इन्टरनेट ने बेशक लोगों तक ज्यादा सूचनाएं पहुंचाई है लेकिन इसने ग्रामीण सौंदर्यबोध और मान-मर्यादा को खंडित कर दिया। वह हर चीज को अधिक बिकाऊ बनाने के लिए अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी। कुल मिलाकर यह आसानी से देखा जा सकता है कि इन्टरनेट के विस्तार और मोनेटाइजेशन ने ऐसी सामग्री को बढ़ावा दिया है जो बहुत ज्यादा देखी जा रही है लेकिन मानवीय संवेदनाओं पर उसने घातक प्रहार किया है। संगीत की शालीनता पर फूहड़पन भारी वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं आशिकमिजाज गीतकार जिससे देशभर में लम्पटीकरण भरे गीतों के प्रचलन से संस्कृति को गहरी चोट पहुंची है।

आधुनिकता की चकाचौंध में हमारी संस्कृति व विरासत से जुड़े गीत न जाने कहां गुम से हो गये हैं और प्रचलन बढ़ा उन मद भरे गीतों का, जिनमें से संस्कृति व सौन्दर्य गायब होकर उपहासित हो गई है।

**प्रियंका सौरभ**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## सीरिया में पुलिस गश्ती दल पर हमला, एक की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत दारा में रविवार को घात लगाकर किए गए हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि हथियारबंद लोगों ने इजरा शहर के पास दारा राजमार्ग पर पुलिस के गश्ती दल पर हमला किया। बयान में हालांकि,अपराधियों के बारे में विवरण प्रदान नहीं किया गया लेकिन दारा की स्थिति पर प्रकाश डाला गया। इसी क्षेत्र में 2011 में सीरियाई युद्ध की शुरुआत हुई थी, सशस्त्र समूहों की उपस्थिति के कारण यहां अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है जो प्राय: सरकारी संस्थानों को लक्षित करते हैं।

# बाइडेन ने 'लोकतंत्र बचाओ' अपील के साथ शुरू किया चुनाव अभियान

### पूर्व राष्ट्रपति से अमेरिकी लोकतंत्र की रक्षा करने में शामिल होने की अपील की




**वाशिंगटन**, 7 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल पर हुए दंगे के लिए अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा हमला करते हुए 'लोकतंत्र बचाओ अपील' के साथ अपना चुनाव अभियान शुरू किया और दंगे की तीसरी वर्षगांठ को बदनामी दिवस' के रूप में मनाया। राष्ट्रपति बाइडेन ने पेंसिल्वेनिया में वैली फोर्ज में अमेरिकियों से पूर्व राष्ट्रपति से अमेरिकी लोकतंत्र की रक्षा करने में शामिल होने की भावुक अपील की, जिन्होंने तुलनात्मक रूप से विद्रोहियों को माफ करने का वादा किया है। उन्होंने वैली फोर्ज, पेंसिल्वेनिया के पास शुक्रवार के भाषण में कहा, जिस लोकतंत्र के लिए उन अमेरिकियों (स्वतंत्रता सेनानियों) ने लड़ाई लड़ी, वह खतरे में है। क्या लोकतंत्र अभी भी अमेरिका का पवित्र उद्देश्य है या नहीं, यह हमारे समय का सबसे जरूरी सवाल है। यहां कॉन्टिनेंटल सेना ने ब्रिटिशों के खिलाफ विद्रोह के दौरान जनरल जॉर्ज वाशिंगटन के शासनकाल 1777-78 की सर्दी बिताई थी। 1776 में 4 जुलाई को अमेरिका को औपनिवेशिक शासन की बेड़ियों से मुक्त कराया गया था। बाइडेन ने ट्रंप के अधिक अपमानजनक दावों और टिप्पणियों की एक सूची सूचीबद्ध की, जिसमें एडॉल्फ हिटलर की भाषा और तानाशाहों के अलोकतांत्रिक कार्यों की तुलना की गई। मीडिया रिपोर्टके मुताबिक, पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पॉल पर हुए हिंसक हमले पर ट्रंप के हंसने की अत्यधिक आलोचना करते हुए बाइडेन ने ट्रंप के बारे में कहा, क्या वह मानसिक ट्रंप कौन हैं। हमें जिस सवाल का जवाब देना है, वह यह है कि हम कौन हैं? ट्रंप ने शुक्रवार को आइयोवा में समर्थकों की भीड़ के बीच बाइडेन के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भय फैलाने वाला कहा और हकलाने वाले बाइडेन के आजीवन संघर्ष का मजाक उड़ाया। ट्रंप ने तर्क दिया कि बाइडेन के राष्ट्रपति पद को कमजोरी, अक्षमता, भ्रष्टाचार और विफलता द्वारा चिह्नित किया गया है। उन्?होंने कहा, यही कारण है कि कुटिल व्यक्ति आज पेनसिल्वेनिया में अपना दयनीय भय फैलाने वाला अभियान कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

### बाइडेन 7 मार्च को स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण देने के लिए तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 7 मार्च को कांग्रेस में अपना वार्षिक स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण देने के लिए तैयार हैं। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन (आर-एलए) ने शनिवार को राष्ट्रपति को अपने आमंत्रण के माध्यम से इसे निर्धारित किया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 प्राइमरीज़ के लिए प्रमुख तारीखों की एक सूची के बीच संघ का संबोधन भी निर्धारित है, जो सुपर ट्यूजडे के ठीक दो दिन बाद आ रहा है, जिस दिन सबसे बड़ी संख्या में राज्यों में एक साथ प्राथमिक चुनाव होते हैं। राष्ट्रपति को दिए निमंत्रण में जॉनसन ने लिखा- हमारे देश के लिए बड़ी चुनौती के इस क्षण में, गुरुवार, 7 मार्च, 2024 को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आपको यह निमंत्रण देना मेरा कर्तव्य है, ताकि आप हमारे संघ की स्थिति पर रिपोर्ट करने के लिए अमेरिकी संविधान के तहत आपके दायित्व को पूरा कर सकते हैं। राष्ट्रपति बाइडेन ने शनिवार दोपहर को निमंत्रण स्वीकार करते हुए एक बयान में कहा- अध्यक्ष महोदय, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।

### चीन और अमेरिका के बीच सीधी उड़ानों में वृद्धि की उम्मीद

**बीजिंग।** इस साल चीन और अमेरिका के बीच सीधी उड़ानों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। चीनी नागरिक उड्डयन ब्यूरो ने 6 जनवरी को इसकी घोषणा की। चीनी नागरिक उड्डयन ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दोनों देशों के बीच प्रति सप्ताह 63 नियमित सीधी यात्री उड़ानें हैं। इसके अलावा, चीन और बेल्ट एंड रोड पहल में भाग लेने वाले देशों के बीच उड़ानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो कुल अंतर्राष्ट्रीय हवाई मार्गों के 6.2 प्रतिशत से अधिक है। इससे अंतरराष्ट्रीय कार्मिक आदान-प्रदान को प्रभावी ढंग से बढ़ावा मिला है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 8 जनवरी , 2024 पौष कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ -आप गृहस्थ जीवन और दांपत्यजीवन में सुख- शांति का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और निकटस्थ दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिलेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन होने की संभावना है।

मिथुन -आज आपके अधूरे काम पूरे होंगे। घर में शांति और आनंद का वातावरण आपके मन को प्रसन्न रखेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। ऑफिस में वाद-विवाद या मनमुटाव के मौके आ सकते हैं।

कर्क -दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

सिंह -आज आपके परिवार में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। परिजनों के साथ मनमुटाव होगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। नकारात्मकता आपके मन को दुखी करेगी और आपको बेचैनी का अनुभव होगा।

कन्या -आपकी शारीरिक, मानसिक स्वस्थता अच्छी रहेगी। आप भावनाओं के प्रवाह में बह जाएंगे। आप भाई-बहन के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। उनसे लाभ भी हो सकता है। आपके विरोधी आपके समक्ष नहीं टिकेंगे।

तुला -मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज आप परिजनों के साथ मौजमस्ती में दिन व्यतीत करेंगे। आप शारीरिक और मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। प्रियजनों के साथ मिलकर आपको आनंद का अनुभव होगा। कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है।

धनु -आज दिन थोड़ा कष्टदायक लग रहा है। परिजनों के साथ मतभेद हो सकते हैं। आपका व्यवहार उग्र होगा और आप क्रोधित रहेंगे। किसी के साथ उग्र दलील हो सकती है। स्वास्थ्य खराब होगा।

मकर -आपके घर में किसी शुभ प्रसंग की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज शेयर- सट्टे में भी लाभ होने की संभावना है। आप मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद, अनुभव करेंगे।

कुंभ -आज आपके उच्च अधिकारी और बुजुर्ग आप पर खुश रहेंगे। सभी काम में सफलता मिलेगी। नौकरी- व्यवसाय में आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपका मन हल्का बनेगा। आपका स्वास्थ्य तथा मान- सम्मान अच्छा रहेगा।

मीन -आज आपको शारीरिक और मानसिक बेचैनी महसूस होगी। संतान पक्ष की चिंता रहा करेगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ विवाद होगा और उनके नाराज होंने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1026- सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट किया।
1697- ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड दिया गया।
1790- अमेरिका के प्रथम राष्टपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया।
1884- समाज सुधारक और 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का निधन हुआ।
1856- डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की।
1889- हर्मन होलैरिथ को पंच कार्ड टैब्युलेटिंग मशीन के आविष्कार का पेटेंट मिला।
1890- हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म।
1908- प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म।
1925- प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म हुआ।
1929- नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार टेलीफोन संपर्क स्थापित हुआ।
1942- प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म हुआ
1952- जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया।
1971- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने नेता शेख मुजीबुर रहमान को जेल से आजाद किया था।
1973- रूस ने स्पेस मिशन ल्यूना 21 लांच किया।
1975- भारतीय संगीतकार हैरिस जयराज का जन्म हुआ।
1984- उत्तर कोरिया के तीसरे सर्वोच्च नेता किम जोंग उन का जन्म।
1984- पहली भारतीय महिला पायलट सुषमा मुखोपाध्याय का निधन।
2009- मिस्र के पुरात्ववेदाओं ने 4,300 वर्ष पुराने पिरामिड में रानी सेशेशेट की ममी की खोज की।

## फिलीपींस के सैनिकों ने संदिग्ध विद्रोही नेता को मार गिराया

**मनीला,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। फिलीपींस के पूर्वी समर प्रांत में यहाँ के सैनिकों और न्यू पीपुल्स आर्मी के बीच हुयी झड़प में सैनिकों ने एक विद्रोही नेता को मार गिराया। एक सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। झड़प में एक सैनिक भी घायल हो गया है। सेना के 8वें इन्फैंट्री डिवीजन के सार्वजनिक मामलों के प्रमुख जेफरसन मारियानो ने कहा कि बोरोंगान शहर के बाहरी इलाके में शनिवार को स्थानीय समयानुसार 11 = 00 बजे के आसपास सैनिकों और लगभग 15 न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मारियानो ने कहा कि ग्रामीणों से विद्रोहियों की मौजूदगी की शिकायत मिलने के बाद सैनिकों ने इलाके में धावा बोला। कथित तौर पर 20 मिनट की झड़प के बाद विद्रोही भाग गए। एनपीए विद्रोही 1969 से सरकार से लड़ रहे हैं। वे अपने हमले ग्रामीण इलाकों पर केंद्रित करते हैं और सेना के साथ झड़प करते हैं।

# उत्तरी गाजा में हमास का कमांड नष्ट किया : इजरायल



**यरूशलेम/गाजा,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायली सेना का कहना है कि उसने उत्तरी गाजा पट्टी में हमास के कमांड ढांचे को 'खत्म करने' का लक्ष्य पूरा कर लिया है। सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास अब केवल छिटपुट रूप से और 'कमांडरों के बिना' क्षेत्र में काम कर रहे हैं।बीबीसी ने सेना के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इजरायल ने उत्तरी गाजा में करीब 8,000 आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) अब दक्षिणी और मध्य गाजा में हमास को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल ने 22,000 से अधिक लोगों को मार डाला है। मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 120 से अधिक मौतें दर्ज की गई।यह क्षेत्र तबाह हो गया है और 23 लाख की आबादी विस्थापित हो गई है। इजरायल का आक्रमण तब शुरू हुआ जब हमास के बंदूकधारियों ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया जिसमें 1,200 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे और लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया।पिछले वर्ष युद्धविराम में कुछ रिहाई के बाद 120 से अधिक अभी भी रिहाई के लिए बचे हैं।इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को दोहराया, इजरायल हमास को खत्म करने, हमारे बंधकों को वापस करने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपना अभियान जारी रखेगा कि गाजा अब इजरायल के लिए खतरा नहीं होगा।

■ **उत्तरी गाजा में करीब 8,000 आतंकवादियों को मारने का दावा**

### जापानी विदेश मंत्री का कीव दौरा

## यूक्रेन के पुनर्निर्माण और समर्थन पर चर्चा होगी



टोक्यो, 7 जनवरी (एजेंसियां)। जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा अपने यूक्रेनी समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ महत्वपूर्ण बैठक करने के लिए रविवार को कीव का दौरा कर रही हैं। जापानी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार विदेश मंत्री यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर चर्चा करने और गंभीर स्थिति में यूक्रेन को जापान के समर्थन की पुष्टि करने के लिए यह दौरा कर रही हैं। बयान में कहा गया, सात जनवरी को, जापानी विदेश मंत्री सुश्री कामिकावा योको यूक्रेन का दौरा करेंगी और यूक्रेन के विदेश मंत्री श्री दिमित्री कुलेबा सहित कीव में बैठकें करेंगी। यात्रा के दौरान, मंत्री कामिकावा एक बार फिर यूक्रेनी पक्ष दोहराएंगी और यूक्रेन के साथ खड़े होने और समर्थन करने की जापान की नीति वर्तमान गंभीर अंतरराष्ट्रीय स्थिति के सामने अपरिवर्तित बनी हुई है। मंत्री कामिकावा हमारी प्रासंगिक सहायता और योजना के विवरण पर यूक्रेनी पक्ष को भी जानकारी देंगी।

बयान में कहा गया कि जापान की शीर्ष राजनयिक 19 फरवरी को एशियाई राष्ट्र में आर्थिक पुनर्निर्माण को बढ़ावा देने के लिए जापान-यूक्रेन सम्मेलन आयोजित करने और यूक्रेन में उचित और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों के मुद्दों पर भी चर्चा करेंगी। बयान में यह भी कहा गया कि यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके अलावा, सुश्री कामिकावा सर्दियों में सहायता प्रदानन करने के लिए बड़े पैमाने पर बिजली संबंधित उपकरणों के हैंडओवर समारोह में हिस्सा लेंगी। यूक्रेन के वित्त मंत्री सर्गी मार्चेंको ने कहा कि केवल 2023 में, यूक्रेन को 42 अरब डॉलर से ज्यादा प्राप्त हुआ। यूरोपीय संघ पिछले वर्ष यूक्रेन को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाला सबसे बड़ा दाता था, क्योंकि इसने देश के बजट में 19.93 अरब डॉलर प्रदान किए थे।

## इराक में आईएस के चार आतंकवादी मारे गए

**बगदाद,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। इराक के पूर्वी प्रांत दियाला में शनिवार देर रात हुए हवाई हमलों में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया संस्थान सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार, इराकी युद्धक विमानों ने कल देर रात इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 90 किमी उत्तर-पूर्व में हौध अल-वक्फ क्षेत्र में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किये। बयान में कहा गया कि रविवार सुबह एक सुरक्षा बल को बमबारी के ठिकानों की तलाशी के लिए रवाना किया गया और वहां से चार आईएस आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। बयान में कहा गया कि मारे गए लोगों में आतंकवादी समूह का सैन्य नेता मजीद मायूफ भी शामिल है। वर्ष 2017 में आईएस की पराजय के बाद से इराक की सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। आईएस के ठिकाने रेगिस्तान और ऊबड़-खाबड़ क्षेत्रों हैं, जो सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

**परेशानी** अब गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा म्यांमार

# 135 जातियों की भूमि म्यांमार में कोई लोकतांत्रिक ढांचा नहीं

**न्यूयॉर्क,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। म्यांमार जातीय और सत्ता-विरोधी असंख्य विद्रोहों की भूमि है, जिनमें कई अलग-अलग पक्ष कारण हैं, जो अंतहीन सशस्त्र संघर्षों की एक अराजक स्थिति को जन्म देते हैं जो अब गृहयुद्ध की ओर बढ़ रहे हैं।

इन संघर्षों के पीछे लोकतंत्र का बुनियादी ढांचा विकसित करने में म्यांमार की विफलता है जो राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने के लिए अपने सभी 135 आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त जातीय समूहों और रोहिंग्या जैसे अन्य लोगों को गले लगा सकता है।

अंग्रेजों ने 1948 में म्यांमार की आजादी के समय औपनिवेशिक आदेश द्वारा मनमाने ढंग से एक साथ रखे गए क्षेत्र को छोड़ दिया और लोकतंत्र के साथ देश का अल्पकालिक प्रयोग विविधता या स्वस्थ असहमति की उम्मीदों का गला घोंटकर एक दशक बाद प्रभावी रूप से समाप्त हो गया।

सभी अनुमानित 40 सशस्त्र समूहों में तातमाडॉ सेना के खिलाफ रोष आम बात है, जो कभी-कभी कुछ के बीच रणनीतिक सहयोग के लिए प्रयास करती है।

लोकतंत्र के साथ आखिरी आधा-अधूरा प्रयोग 2021 में प्रभावी रूप से समाप्त हो गया जब तातमाडॉ ने राष्ट्रपति विन म्यिंट और स्टेट काउंसलर आंग सान सू की को गिरफ्तार कर लिया और लोकतांत्रिक पहलू के तहत उनके सख्ती से सीमित शासन को समाप्त कर दिया। उनके तख्तापलट से पहले भी लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेताओं की सरकार ने सशस्त्र विद्रोह और आतंकवाद का सामना करना जारी रखा था और 2017 में सुरक्षा चौकियों पर अराकन रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी के हमले के बाद रोहिंग्या के खिलाफ सेना के क्रूर प्रतिशोध को स्वीकार कर लिया था, जिसके कारण 10 लाख लोगों का पलायन हुआ था। नागरिक शासन का भ्रम क्षीण होने के साथ, राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) द्वारा पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना और जुंटा पर युद्ध की घोषणा के साथ सशस्त्र संघर्ष तेज हो गए हैं।



■ **लोकतंत्र का बुनियादी ढांचा विकसित करने में विफल रहा म्यांमार**

कुछ जातीय विद्रोहियों ने एनयूजी के इर्द-गिर्द एकजुट होकर अपनी ताकतें मजबूत कर ली हैं।

एनयूजी की स्थापना सेना द्वारा भंग की गई म्यांमार विधायिका के निचले सदन पायइदाउंगसु हुटाव का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति द्वारा की गई थी और यह देश के भीतर अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में वास्तविक प्राधिकरण के रूप में और बाहर निर्वासित सरकार के रूप में काम करती है। इसे यूरोपीय संसद द्वारा देश की वैध सरकार के रूप में मान्यता प्राप्त है।

## सुडोकू 6430

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 4 | | 2 | | 9 | 1 | | |
| | | | | 7 | | | 9 | |
| 5 | | | | 2 | 7 | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 6 | 1 | | | | 7 |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | 5 | | 6 | | 3 | |
| 4 | | | | | | 7 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6430

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | | १७ | १८ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस काम की अच्छी तरह योजना बनाकर किया गया हो
४. आवेश में आना क्रोधित होना
६. शपथ, सौगंध (उर्दू)
७. गिनती, गिनना
८. श्रीरामचंद्र
१०.योग्यता, लायक
११. परोपकार
१३. मुक्ति, कल्याण
१४. हेतु, लिए
१५. समर्थक, हिमायती, चिड़िया
१७. दक्षिण भारत का एख प्रसिद्ध पर्वत
१९. नियम, तरीका (उर्दू)
२०. कमल
२२. भौंरा, मिलिंद
२४. प्राप्ति के अनुसार

**ऊपर से नीचे:-**

१. सधवा
२. भावी कार्य, पद्धति की रूपरेखा बनाने वाला
३. जांच-पड़ताल (उर्दू)
४. विवरण (उर्दू)
५. कछुआ
९. अंधकारपूर्ण
११. अप्रत्यक्ष
१२. तरंग, लहर
१३. बढ़िया, श्रेष्ठ
१४. फैसला
१५. पढ़ने योग्य
१६. अर्जुन
१८. युद्ध करना, झगड़ना
१९. हत्यारा, बधिक (उर्दू)
२०. कीमत, भाव
२३. ईश्वर, खुदा

### वर्ग पहेली-6429

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | या | २ स | र | ३ त | ■ | ४ ति | थि | ५ प | त्र |
| भा | ■ | मू | ■ | ६ ह | म | ल | ■ | ह | ■ |
| ७ क | ल | ह | ■ | की | ■ | ८ ह | म | रा | ९ ही |
| र | ■ | गा | ■ | १० का | नू | न | ■ | ■ | ल |
| ■ | ११ ज | न | १२ हि | त | ■ | ■ | १३ त | बा | ह |
| ■ | ल | ■ | सा | ■ | १४ इ | त्ति | ला | ■ | वा |
| १५ मु | ना | १६ सि | ब | ■ | रा | ■ | १७ शी | १८ त | ला |
| क्त | ■ | या | ■ | १९ आ | दा | २० ता | ■ | नि | ■ |
| २१ ह | व | स | ■ | लं | ■ | २२ सी | मां | क | २३ न |
| स्त | ■ | २४ त | ल | ब | गा | र | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने ध्रुवीय क्षेत्रों में पहला पारिस्थितिक उपसतह बोया तैनात किया

**बीजिंग,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। चीन के 40वें अंटार्कटिक अभियान ने पेइचिंग समय के अनुसार 6 जनवरी को अमुंडसेन सागर में एक गहरे पानी के पारिस्थितिक उपसतह बोया को सफलतापूर्वक तैनात किया। यह पहली बार है कि चीन ने ध्रुवीय क्षेत्रों में ऐसे बोया तैनात किए हैं। अभियान के उप निदेशक वांग चिनहुई ने बताया कि इस बोया सेट के प्राथमिक पारिस्थितिक सेंसर को महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के हिस्से के रूप में स्वतंत्र रूप से विकसित किया गया था। ये सेंसर ऑप्टिकल और ध्वनिक तरीकों का उपयोग करके ऊपरी-महासागर क्रिल का पता लगा सकते हैं। बोया को लगभग तीन हजार मीटर की गहराई में पानी में तैनात किया गया है और दीर्घकालिक अनुक्रम क्रिल डेटा और संबंधित पारिस्थितिक और पर्यावरणीय पैरामीटर डेटा एकत्र करने के लिए इसे एक वर्ष तक वहीं रखने की योजना है। अंटार्कटिक समुद्री पारिस्थितिकी, संरक्षण के लिए वैज्ञानिक आधार प्रदान करती है।

# प्रादेशिकी

## निर्माणाधीन पुल के सरियों पर गिरी कार, दो की मौत, एक घायल

**शिमला,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में फोरलेन निर्माणाधीन पुल के सरियों पर कार गिर गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर सात मील के समीप कार अनियंत्रित होकर फोरलेन के निर्माणाधीन पुल के लिए खड़े किए सरियों पर जा गिरी। हादसे में तीन लोग घायल हुए थे जिनमें से उपचार के दौरान दो की मौत हो गई है, जबकि एक अस्पताल में उपचाराधीन है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान की कार पर सवार तीन लोग मनाली की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सात मील के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल के कोने पर खड़े किए सरियों पर जा गिरी।

## भाजपा संगठन महामंत्री पर लगे आरोपों की हो उच्च स्तरीय न्यायिक जांच : करन

**देहरादून,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में आए नए घटनाक्रम पर उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महारा ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर हमला बोला। महारा ने कहा की कितनी बड़ी विडंबना है की पुष्कर सिंह धामी सार्वजनिक मंचों से कांग्रेस के नैतिक बल में कमी होने की बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं यदि मुख्यमंत्री में स्वयं में नैतिक बल है तो अंकिता भंडारी के पिता ने जिलाधिकारी पौड़ी को पत्र लिखकर जो गंभीर आरोप लगाए हैं उनकी व्यापक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने का साहस दिखाएं। महारा ने कहा की एक तरफ तो मुख्यमंत्री के गृह जनपद में एक ही दिन में महंत और उसके शिष्य की दिनदहाड़े हत्या हो जाती है वहीं मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष कमल रावत कई महीनों तक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा और मुख्यमंत्री नैतिक बल की कमी कांग्रेस में ढूंढ रहे हैं ?




महारा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जहां एक और एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों में उत्तराखंड को सभी हिमालय राज्यों में महिला अपराध में नंबर एक के पायदान पर रखा गया है वहीं दूसरी ओर ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड में 2022-23 में 907 बलात्कार और 778 अपहरण दर्ज हुए हैं ।महारा ने कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को नसीहत देने के बजाय अपने गिरेबान में झांके और अपने दल में फैली गंदगी को साफ करने का काम करें। महारा ने भाजपा देहरादून के पूर्व महानगर अध्यक्ष विनय गोयल के बयान भी प्रेस के सामने रखते हुए कहा की गोयल के बयानों से साफ परिलक्षित होता है कि भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा क्या है? महारा ने याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, देहरादून विनय गोयल ने महिलाओं के परिपेक्ष में तीन निम्न स्तर के बयान बाजी की थी, जिसका वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ था ।गोयल ने भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता से बातचीत के दौरान प्रचारकों की भी शारीरिक नीड होने की बात कही थी,

गोयल ने यह भी कहा था कि अच्छे घर की महिलाएं राजनीति में नहीं आती और यदि महिलाएं राजनीति में आने की इच्छुक है तो उन्हें पहले ही मानसिक तौर पर तैयार होकर आना चाहिए। महारा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने विनय गोयल पर लगे आरोपों को स्वीकार करते हुए न सिर्फ उन्हें पद मुक्त किया बल्कि आज की तारीख में उपरोक्त बयानों की वजह से ही विनय गोयल की राजनीति हाशिए में है। महारा ने कहा कि भाजपा के पापों की स्थिति यही खत्म नहीं होती,द्वाराहाट के भाजपा विधायक महेश नेगी पर वही की एक महिला ने अपनी बच्ची के पिता होने का गंभीर आरोप लगाया और डीएनए जांच की मांग करी लेकिन प्रचंड बहुमत की सरकार होते हुए भी भाजपा सरकार ने उस मातृशक्ति की एक नहीं सुनी और डीएनए जांच की बात ठंडा बस्ती में चली गई।

महारा ने पूर्व संगठन महामंत्री संजय कुमार पर भाजपा की ही एक महिला कार्यकर्ता द्वारा 3 साल तक यौन उत्पीड़न की शिकायत की गई थी जिसकी स्वीकारोक्ति इस बात से होती है कि रातों-रात गुपचुप तरीके से संजय कुमार को भी पद मुक्त कर उत्तराखंड से बेदखल कर दिया गया महारा ने कहा कि यदि संजय कुमार पाक साफ होते तो आरोपों का सामना करते और रात के अंधेरे में गुप चुप तरीके से उत्तराखंड छोड़कर नहीं भागते ।महारा ने इन खबरों की भी पुष्टि करने वाले समाचार पत्रों की कटिंग प्रेस के समक्ष रखी। महारा ने कहा कि वर्तमान में अंकिता भंडारी के परिजनों ने उसकी हत्या के सवा साल बाद यदि भाजपा के संगठन महामंत्री पर वी आई पी होने का आरोप लगाया है तो उनके पास उसके जरूर कोई पुष्ट आधार होंगे, जिन आधारों की जांच होनी चाहिए ।महारा ने यह भी कहा कि महामंत्री संगठनों के मामले में वैसे भी भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड खराब ही रहा है। उत्तराखंड बीजेपी में संगठन महामंत्री का पद किसी बाहरी व्यक्ति को दिया जाता है जो उत्तराखंड की बहन बेटियों की अस्मिता और स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ करने में जरा भी नहीं हिचकता। महारा ने घोषणा करते हुए कहा कि 14 जनवरी 2024 को एक ओर जहां कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ करेंगे वही उत्तराखंड कांग्रेस 14 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक तीन दिन ब्लॉक और बूथ स्तर पर अंकिता भंडारी न्याय यात्रा का आयोजन करेगी।

## निरंतर प्रयास से ही निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है : अग्निहोत्री



**ऊना,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यार्थी लगातार कड़ी मेहनत करें। विद्यार्थी काल में अनुशासन, समय का सदुपयोग और निरंतर प्रयास करके ही निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाबी मिलती है।

श्री अग्निहोत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में आयोजित वार्षिक पारितोषिक तथा मेधावी विद्यार्थियों को टैब वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 108 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों का बढ़ावा देने के लिए 31 हज़ार रूपये भी देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में श्री निवास रामानुज योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में आसानी होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को और अन्य ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध करवाने में लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि जिला में लगभग दो करोड़ रूपये के टैब मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज भदसाली स्कूल में 21 लाख 60 हज़ार रूपये के 108 टैबलेट वितरित किए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल का युग है। उन्होंने टैब प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है कि उन्हें आज टैब मिले हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे टैब का सही दिशा में उपयोग करें तथा पढ़ाई के साथ-साथ ज्ञानवर्धक जानकारियां भी हासिल करें। श्री अग्निहोत्री ने अन्य बच्चों को भी विजेता बच्चों से प्रेरणा लेने का आहवान ताकि वह भी आगामी वर्ष में पुरस्कार लेने के हकदार बन सकें। उन्होंने अध्यापकों से आहवान किया कि वे बच्चों को लर्निंग लाइसेंस बनवाने के बारे में भी प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त जितनी भी डिजिटल सुविधाएं है उनके बारे में भी बच्चों को जागरूक करें। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि अध्यापकों से आहवान किया कि वे स्कूल की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि हरोली विस क्षेत्र को नॉलेज़ हब के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत ढांचा विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2.5 दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त बदलाव हुआ है जिससे हरोली हल्के में शिक्षा का पूर्ण वातावरण पैदा हुआ है।

### सार संक्षेप

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हिमाचल में कांग्रेस का सरकार गांव के द्वार अभियान आज से शुरू होगा

**शिमला।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर हिमाचल में कांग्रेस का सरकार गांव के द्वार अभियान आज से शुरू होगा। अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्री व कांग्रेस के विधायक एवं 2022 क प्रत्याशी भी शामिल होंगे। सरकार गांव के द्वार अभियान 12 फरवरी तक चलेगा। अभियान के पहले दो दिनों में मुख्यमंत्री 8 व 9 फरवरी को हमीरपुर जिला में मौजूद रहेंगे। अभियान क दौरान तमाम मंत्री व विधायक रोजाना दो-दो पंचायतों में दस्तक देंगे। इस दौरान न सिर्फ लोगों की सरकार की एक साल की उपलब्धियों व नीतियों से अवगत करवाया जाएगा, बल्कि मौके पर ही जन समस्याओं के निराकरण का प्रयास भी होगा। अभियान के दौरान गांवों के क्लस्टर बनाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाएगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नववर्ष के पहले ही दिन हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आठ जनवरी से पूरे राज्य में सरकार गांव के द्वार योजना शुरू करने को स्वीकृति दी है। इसके तहत 12 फरवरी तक गांवों के दौरे किए जाएंगे। भाजपा केंद्र सरकार की विकसित भारत यात्रा के तहत लोगों से संवाद कर रही है। विकसित भारत यात्रा प्रदेश की सभी पंचायतों से होकर गुजरेगी। हालांकि इस यात्रा में प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं को भी शामिल किया गया है, मगर माना जा रहा है कि लोक सभा चुनाव से पहले आम लोगों तक पहुंच कर कांग्रेस उनसे संवाद करेगी। इस दौरान सरकार के संज्ञान में आने वाले मुद्दों के आधार पर ही लोक सभा चुनाव की रणनीति बनेगी। सरकार को लोगों की नब्ज टटोलने का मौका भी इस अभियान से मिलेगा। अभियान के दौरान बीते एक वर्ष के दौरान पूरी की गई तीन चुनावी गारंटियों की जानकारी को हर घर तक पहुंचाने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

### शिमला नगर निगम ने शुरू की ड्रोन मैपिंग, अलग आईडी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सरकारी और निजी जमीन से लेकर हर भवन की पहचान के लिए अब अलग यूनिक आईडी बनाई जाएगी। राजधानी में हर संपत्ति का पुख्ता रिकॉर्ड रखने के लिए नगर निगम शिमला ने ड्रोन के जरिये वार्डों में मैपिंग का काम शुरू कर दिया है। इससे जहां नगर निगम शिमला को शहर में निगम की संपति का डाटा और वर्तमान स्थिति की जानकारी मिलेगी। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि ड्रोन के जरिए शहर में प्रॉपर्टीज का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। जिससे नगर निगम की प्रॉपर्टीज के वर्तमान स्वरूप का डाटा उपलब्ध होगा। इन प्रॉपर्टीज को आने वाले समय में बेहतर रखरखाव और इनकम का जरिया बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि शहर में सभी वार्डों में संपत्ति का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा जिससे न सिर्फ यहां बने भवन बल्कि सार्वजनिक रास्ते और सड़कों का भी रिकॉर्ड प्राप्त होगा। जिसके आधार पर भविष्य में विकास योजनाओं का खाका तैयार किया सकता है।

### सुडोकू 6430 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 |

## कांग्रेस हाईकमान ने लोक सभा चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमेटी के साथ चुनाव समिति का भी गठन किया

**शिमला,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस हाईकमान ने लोक सभा चुनाव के मद्देनजर हिमाचल में उम्मीदवारों के चयन को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी के साथ साथ चुनाव समिति का भी गठन किया है। हाई कमान ने पूर्व रेल मंत्री पूर्व रेल राज्य मंत्री भक्त चरण दास को उम्मीदवारों की तलाश के लिए बनाई स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस सूत्रों से मालूम हुआ है कि बीते रोज दिल्ली में हुई कांग्रेस की अहम बैठक में हिमाचल सहित 8 राज्यों की चुनाव समितियों का भी गठन किया गया।

कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की कमान पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह को सौंपी गई है। उनके साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू , उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा , पूर्व पीसीसी चीफ विप्लव ठाकुर ,ठाकुर कौल सिंह , कुलदीप कुमार, विधायक एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राठौर , काबिना मंत्रियों जगत सिंह नेगी , चंद्र कुमार व कर्नल धनीराम शांडिल , विधायक राजेंद्र राणा, विनय कुमार व सुधीर शर्मा , पार्टी की वरिष्ठ नेता आशा कुमारी और राम लाल ठाकुर को कमेटी में शामिल किया गया है। इनके अलावा प्रदेश युवा कांग्रेस , एनएसयूआई , कांग्रेस सेवा दल व महिला कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमेटी के पदेन सदस्य होंगे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व रेल राज्य मंत्री भक्त चरण दास को हिमाचल में लोक सभा उम्मीदवारों के चयन के मकसद से गठित स्क्रीनिंग कमेटी का जिम्मा सौंपा था। स्क्रीनिंग कमेटी में नीरज दांगी और यशोमति ठाकुर को स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। कांग्रेस के प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ल , प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह , मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी कमेटी के सदस्य होंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी अधिसूचना के तहत देश के सभी राज्यों के पांच क्लस्टर बनाए गए हैं ।क्लस्टर चार में हिमाचल प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड , हरियाणा , पंजाब , चंडीगढ़ , जम्मू.कश्मीर और लद्दाख को भी शामिल किया है ।स्क्रीनिंग कमेटी लोक सभा चुनाव लडने् वाले संभावित उम्मीदवारों के नामों का पैनल बना कर हाई कमान को भेजेगी।

## निराशा और हताशा का परिणाम हैं कांग्रेस के अमर्यादित बोल : चौहान

**देहरादून,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस द्वारा उसके नेताओं पर अनर्गल आरोप और अमर्यादित बोल को लगातार मिल रही हार और खीज का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निम्न स्तर की राजनीति कर रही है।



चौहान ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मे कांग्रेस को न दिवंगत बेटी अंकिता और न ही उस परिवार से कांग्रेस को कोई लेना देना है, बल्कि वह शुरुआत से ही किसी न किसी तरह इसके जरिये भाजपा नेताओं को निशाने पर लेकर दुष्प्रचार को हवा दे रही है। उन्होंने कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व मे अंकिता के परिजनों द्वारा कांग्रेस की हर सुझाव को ठुकराने के बाद एकाएक वह कैसे चरित्र हनन की राजनीति पर उतारू हो गयी। कांग्रेस ने पहले भी यात्रा निकाली और तब उसे न अंकिता के परिजनों ने शिरकत की और न ही उसे स्थानीय स्तर पर कोई सहयोग मिला। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा गुस्से मे गढवाल की जनता पर थूक बैठे।

इस बार अंकिता के परिजनों के द्वारा आवेश मे कुछ आरोपों को ढाल बनाकर कांग्रेस अब भाजपा के नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र कर उनके खिलाफ चारित्रिक रूप से बदनाम करने की साजिश कर रही है। हालांकि अंकिता के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए जांच एजेंसियों ने कोई कसर नही छोड़ी है। वहीं परिजनों के साथ भी प्रशासन से लेकर सीएम स्तर तक संवाद बना हुआ है। परिजनों के द्वारा अब तक जिस तरह से जांच मे सहयोग की मांग की गयी उसे समय पर पूरा किया गया।

■ बिना सबूतों के आरोप लगाने से बाज आये कांग्रेस नेता

उन्होंने कहा कि परिजनों के द्वारा जो भी आरोप लगाए गए जिन्हे आधार बनाकर कांग्रेस हवा दे रही है, असल मे वह आवेश मे कही गयी बात है। एक कथित एक्टिविस्ट के समर्थन मे वह अपनी बात पहुँचाते हुए यहाँ तक पहुँच गयी। अगर कांग्रेस उस वीआईपी को जानती थी तो बार बार नाम के उल्लेख करने की मांग पर बैक फुट पर क्यों आयी। कांग्रेस कहीं न कहीं अंकिता के परिजनों को आगे कर भाजपा के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

चौहान ने कहा कि सार्वजनिक जीवन मे नैतिकता और मर्यादा की सीख देने वाली कांग्रेस इस मामले मे हमेशा उपदेशक ही रही है। उनके नेता राहुल गलत बयानी के आधार पर अभी पूरी तरह से राहत नही पा सके हैं और राज्य मे कांग्रेस के ऐसे दर्जनों किस्से उसके खाते मे है।

उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को कंफ्यूजड नेता करार देते हुए कहा कि वह बताये कि वह मूल निवास के मुद्दे पर आंदोलनकारियों का समर्थन करने की बात कहकर अब इससे मुकरने और रिसर्च की बात क्यों कर रहे हैं? उल्टा भाजपा पर आरोप लगा रहे है। कांग्रेस के नेता एक ओर तथा पूरी कांग्रेस दूसरी ओर है। जहाँ तक भाजपा का सवाल है तो पार्टी स्पष्ट कर चुकी है कि सख्त भू कानून तथा मूल निवास पर भाजपा ही जनपक्षीय निर्णय लेगी। उन्होंने कांग्रेस को चेतावनी दी कि बिना सुबूत उनके नेताओं के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाने पर पार्टी कानूनी कार्यवाही का रास्ता तलाशेगी। जनता की अदालत से किनारे कर दी गयी कांग्रेस को अपने हद मे रहने की जरूरत है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के मजबूत इरादों से राज्य मे भय और भ्रष्टाचार समाप्ति की ओर है और अंकिता ही नही, बल्कि हर बेटी राज्य की जिम्मेदारी है। राज्य मे कानून का राज है और कांग्रेस को इस गलतफहमी से जल्द निजात मिलने वाली है।

## मोदी सरकार की नीतियों के कारण रोजी रोटी का संकट बढा : सीटू

**शिमला,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने आरोप लगाया कि केन्द्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है।

सीटू के जिला शिमला इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय किसान मजदूर भवन चिटकारा पार्क कैथू शिमला में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ एक फरवरी को शिमला, रामपुर व रोहड़ू में प्रदर्शन होंगे। आंगनबाड़ी, आशा व मिड डे मील कर्मियों की मांगों को लेकर 24 जनवरी को शिमला, रामपुर, रोहड़ू, कुमारसैन, ठियोग, बसन्तपुर में प्रदर्शन होंगे। मनरेगा व निर्माण मजदूरों के श्रमिक कल्याण बोर्ड से आर्थिक लाभ बहाली के मुद्दे पर 29 जनवरी से 10 फरवरी तक व्यापक जन अभियान होगा।

श्री विजेंद्र मेहरा ने कहा कि एक फरवरी का प्रदर्शन मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हज़ार रुपये घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर




कोडों को रद्द करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों कल लागू करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ ही मनरेगा में 375 रुपये दिहाड़ी पर 120 दिन कार्य दिवस प्रदान करने, मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने, आउटसोर्स कर्मियों के लिए नीति बनाने, नौकरी से निकाले गए कोविड कर्मियों को बहाल करने, भारी महंगाई पर रोक लगाने, योजना कर्मियों को नियमित करने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोकने, किसानों की कर्ज़ामुक्ति आदि मांगों को लेकर होगा।

उन्होंने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार की नवउदारवादी व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बेरोजगारी व महंगाई से गरीबी व भुखमरी बढ़ रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमज़ोर करने के कारण बढ़ती मंहगाई ने जनता की कमर तोड़ कर रख दी है। पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस, खाद्य वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि हो रही है। उन्होंने न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये प्रति माह और सभी श्रमिकों को पेंशन सुनिश्चित करने; मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं और बिजली संशोधन विधेयक को निरस्त करने, कॉन्ट्रेक्ट, पार्ट टाइम, मल्टी पर्पज, मल्टी टास्क, टेम्परेरी, कैजुअल, फिक्स टर्म, ठेकेदारी प्रथा व आउटसोर्स प्रणाली पर रोक लगाकर इन सभी मजदूरों को नियमित करने, नौकरी से बाहर किये गए सैंकड़ों कोविड कर्मियों को बहाल करने, शहरी क्षेत्रों में विस्तार के साथ मनरेगा में 375 रुपये दिहाड़ी पर 120 दिन कार्य दिवस प्रदान करने, मनरेगा, निर्माण तथा बीआरओ मजदूरों का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व आर्थिक लाभ बहाल करने की मांग की।

## सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर हुआ रक्तदान

**गुरुग्राम,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर टीम दीपेंद्र के बैनर के तहत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महाबीर मसानी के नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। रेवाड़ी में हूडा बाइपास स्थित रॉयल गार्डन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कड़ाके की ठंड के बीच जोश के साथ युवाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए रेवाड़ी, नारनौल, दिल्ली के अलावा नूंह के नल्हड़ मेडिकल कॉलेज से टीमें बुलाई गई थी। शिविर में रेवाड़ी विधानसभा में महाबीर यादव मसानी से जुड़े युवाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में कुल 714 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महाबीर मसानी ने कहा कि हमारे लोकप्रिय सांसद और भावी मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन को हर साल हम सामाजिक सरोकार के साथ मनाते है। हमने सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर पहले भी काफी रक्तदान शिविर लगाए हैं। ये हमारा 9वां रक्तदान शिविर था। रक्तदान कैंप में आई महिलाओं में एक अलग ही तरह का उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने कहा कि एक नेता के जन्मदिन के मौके पर इतना बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित करना ही इस कैंप के आयोजक की सामाजिक सोच को दर्शाता है। हम टीम दीपेंद्र हुड्डा और खासकर महाबीर यादव मसानी की इस सोच और उनके द्वारा की गई पहल को सलाम करते हैं।




■ कांग्रेसी नेता महाबीर मसानी ने किया आयोजन

## दुग्ध आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी सरकार की नवोन्मेषी पहल

**शिमला,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। पशु पालन और दुग्ध उत्पादन गतिविधियां प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रदेश में ये रोज़गार का साधन और महिला सशक्तिकरण की संभावनाओं वाला क्षेत्र है। डेयरी क्षेत्र को विस्तार प्रदान कर प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर हिमाचल को देश का समृद्ध राज्य बनाने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से दूध का खरीद मूल्य 6 रुपये बढ़ाने की घोषणा की है। यह निर्णय दुग्ध उत्पादकों की खुशहाली और समृद्धि की दिशा में सहायक सिद्ध होगा। दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने और दुग्ध उत्पादन में पारदर्शिता लाने के लिए हिमाचल प्रदेश दुग्ध प्रसंघ ने इस वर्ष राज्य में 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट (एएमसीयू) में स्थापित किए हैं। प्रदेश में 455 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट कार्यशील हैं।



इसके अतिरिक्त प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत अब तक 106 बल्क मिल्क कूलर लगाए जा चुके हैं। दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए सोसायटी स्तर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत 35 केन मीटर कूलर प्रदान किए गए हैं।

प्रदेश सरकार राज्य में सहकार को बढ़ावा प्रदान कर ग्रामीणों की उन्नति के द्वार खोल रही है। डेयरी क्षेत्र के विकास में सहकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर समितियों को संगठित किया जा रहा है। वर्तमान में इन समितियों की संख्या बढ़कर 1,107 हो गई है।

■ राज्य में एक वर्ष में 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट स्थापित

प्रदेश में श्वेत क्रांति की शुरूआत कर प्रदेश सरकार ने 500 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान से महत्त्वाकांक्षी हिम गंगा योजना आरम्भ की है। योजना के तहत प्रथम चरण में लोगों को जागरूक करने के लिए समितियां गठित की गई हैं। जिला हमीरपुर और कांगड़ा में 201 नई दुग्ध सहकारी सोसायटियों का गठन किया गया है। जिला हमीरपुर में 11 महिला सोसायटियां और जिला कांगड़ा में 8 महिला सोसायटियां गठित की गई हैं जो प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार के प्रयासों को इंगित करती हैं। हमीरपुर जिला में 4 सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है। इन दुग्ध सहकारी सोसायटियों के माध्यम से 4064 किसानों को जोड़ा गया है। डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है।

डेयरी फार्मिंग से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिला कांगड़ा के डगवार में 250 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पूर्ण रूप से स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

इस परियोजना के प्रथम चरण में 180 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र का निर्माण किया जाएगा। इस संयंत्र के स्थापित होने से दही, लस्सी, मक्खन, घी, पनीर, स्वादिष्ट दूध, खोया और मोजेरेला पनीर सहित विभिन्न प्रकार के डेयरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

## जेपी नड्डा के दौरे से उत्साहित भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला

**शिमला,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। जेपी नड्डा के दौरे से उत्साहित भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आपदा के दौर में केंद्र से 1782 करोड़ की मदद मिलने के बावजूद प्रदेश सरकार उसे कोसने में लगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र को कोस कर सरकार का एक नई रिवायत शुरू करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के शिमला व सोलन प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं व आम लोगों में दिखाई दिए जोश से साफ है कि प्रदेश की फिजाओं का रुख बदल गया है। फिजाओं का रुख पीएम मोदी के पक्ष में है तथा भाजपा लोक सभा चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

डॉ बिंदल ने कहा कि शिमला व सोलन प्रवास के दौरान जेपी नड्डा ने आपदा के दौर में केंद्र से मिली मदद का ब्योरा सभी के समक्ष रखा। 1782 करोड़ की मदद के अलावा केंद्र ने हिमाचल के लिए 11 हजार आवास मंजूर किए। एनडीआरएफ , सेना व वायु सेना को मदद के लिए उपलब्ध करवाया। भाजपा के नेता व कार्यकर्ता भी लोगों की मदद में लगे रहे। मगर प्रदेश सरकार लगातार केंद्र को कोसने के कार्य में लगी रही। मगर प्रदेश क लोग सब कुछ जानते हैं। पहली कैबिनेट में चुनावी गारंटियां पूरी करने का वायदा करने वाली कांग्रेस सत्ता में आने के बाद सिर्फ आर्थिक तंगी का रोना रो रही है। आपदा प्रभावितों की मदद के नाम पर भी मेरा व तेरा हो रहा है। कई जगहों पर पात्र की बजाय अपात्र लोगों को मदद दी जा रही है। केंद्र से आपदा राहत के नाम पर मिली मदद को मनमाने तरीके से आबंटित किया जा रहा है।

# प्रादेशिकी

## लेखपाल ने मोटी रकम लेकर सरकारी जमीन पर कराया कब्जा

**फर्रुखाबाद,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। रिश्वतखोरी के लिए चर्चित लेखपाल ने मोटी रकम लेकर सरकारी जमीन पर भी कब्जा करवा दिया और प्रधान को शिकायत करने से भी रोक दिया। ग्राम पंचायत ढिलावल ग्राम गढ़िया एवं नाला बघार तिराहे के किनारे श्रेणी 62 चर्म स्थल की भूमि है। प्रधान रजनेश उर्फ मोनू कठेरिया ने बताया कि लेखपाल अनिल वर्मा एवं राजस्व निरीक्षक विवेक तिवारी ने लाखों रुपए लेकर बीते दिनों सरकारी जमीन पर कब्जा करवा दिया। आरिफ व आसिफ कुरैशी ने 7 मीटर चौड़ाई जमीन पर पक्की दीवार उठाकर कब्जा किया है। मिट्टी का भराव होते ही कब्जे का विरोध कर लेखपाल को जानकारी दे दी थी। कब्जा होने के बाद लेखपाल मौके पर गए और फोटो खींचकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

# माघ मेला के जरिए महाकुंभ की रिहर्सल करेगी उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार माघ मेला 2024 के जरिए कुंभ मेला 2025 की ड्रेस रिहर्सल करेगी। सरकार की ओर से अधिकारियों को माघ मेले को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही

- **पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश**
- **मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान**

माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-महात्माओं की सुविधा, माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई और घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने के लिए जन जागरूकता के साथ ही कपड़े



के थैलों का भी इंतजाम करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है की माघ मेला हर वर्ष मकर संक्रांति यानी 15 जनवरी से शुरू होता है और महाशिवरात्रि यानी 8 मार्च तक चलेगा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने माघ मेला एवं महाकुंभ-2025 की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया।

मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने मेले के प्रमुख स्नान, पर्वों की तिथियों की जानकारी, क्षेत्रफल, सेक्टरों की संख्या, घाटों की संख्या व लम्बाई, अनुमानित कल्पवासियों की संख्या, प्रमुख स्नान पर्वों पर आने वाले अनुमानित श्रद्धालुओं की संख्या, भूमि आबंटन, चिकित्सा केन्द्रों, शौचालयों सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने महाकुंभ-2025 के आयोजन के दृष्टिगत इस बार माघ मेले में जो नए अभिनव प्रयोग किए जा रहे, के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार वाटर लेजर शो, थिमेटिक गेट्स, फ्लोटिंग जेटी, ड्रोन मानीटरिंग, सैनिटेशन ब्लाक, सोलर लाइट, थिमेटिक लाइट्स सहित अन्य नए प्रयोग माघ मेले में किए जा रहे है। पार्किंग को लेकर निर्देश दिए गए कि पार्किंग स्थल का चिन्हॉकन ऐसे स्थानों पर किया जाए, जो मेला क्षेत्र से दूर न हो, जिससे कि साधु-संतो, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### विकास के पथ पर बढ़ रही रामनगरी

**लखनऊ/अयोध्या।** अध्यात्म से समृद्ध राम नगरी अब आर्थिक क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रही है। योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में उत्तर प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके साथ ही आर्थिक रूप से अयोध्या भी विकास की नई सीढ़ी चढ़ी। 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ का निर्यात हुआ, जो 2022-23 में बढ़कर 254 करोड़ हो गया। कुल मिलाकर 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आयुक्त गौरव दयाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह काल अयोध्या के सर्वांगीण विकास का है। केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या की आर्थिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रगति हो रही है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के आधार पर अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष 2021-22 में 110 करोड़ का निर्यात हुआ जो कि 2022-23 में बढ़कर 254 करोड़ हो गया है । कुल मिलाकर 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## नगर में निकाली गई अक्षत निमंत्रण शोभायात्रा

**मवाना,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। रविवार को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के होने वाले उद्घाटन को देखते हुए रविवार को नगर में श्री राम अक्षत निमंत्रण शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। अमर रस्तोगी के नेतृत्व में



आयोजित शोभायात्रा मुख्य मार्ग स्थित सुभाष चौराहे से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई गुड मंडी पहुंचकर समाप्त हुई। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम मंदिर उद्घाटन से पूर्व नगर में चल रही अक्षत निमंत्रण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को सुभाष चौक पहुंची शोभा यात्रा का लोगों ने भव्य स्वागत किया। तदुपरांत शोभा यात्रा मुख्य मार्ग मोहल्ला, कल्याण, मोहल्ला हीरालाल, प्रीत नगर तहसील रोड आदि से होते हुए गुड मंडी पहुंचकर समाप्त हुई। अक्षत निमंत्रण शोभा यात्रा का कस्बे वासियों ने दर्जनों जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया। शोभा यात्रा में अध्यक्ष सुभाष गगाबा, रतन प्रभात, विकास कश्यप, अमित बल्ले, राहुल रस्तोगी, विनय दुबे, विपुल, महेश आर्य आदि का सहयोग रहा।

# ट्रस्ट के अहंकारी महासचिव कर रहे हैं शंकराचार्यों का अपमान : पवन पांडेय

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 7 जनवरी(देशबन्धु)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव अहंकारी हैं। शंकराचार्यों के छत्र और दंड लेकर आने पर रोक लगाना हिंदू धर्म के शीर्ष गुरुओं का अपमान है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने भाजपा सरकार, ट्रस्ट महासचिव और जिला प्रशासन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विकास कार्यों के नाम पर अयोध्या में संगठित लूट अंजाम दी जा रही है। रविवार को यहां पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा के कथित रामराज्य और श्रीराम की आड़ में संगठित लूट हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और ट्रस्ट के लोग मर्यादा पुरुषोत्तम के चरित्र का वर्णन करते हैं लेकिन सीखते नहीं। उन्होंने कहा कि मांझा जमथरा के तीन हजार से अधिक परिवारों की भूमि जबरिया अधिग्रहित कर उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। कहा कि क्या खेती-किसानी करने वाले राम की प्रजा नहीं हैं, उन्हें भी सर्किल रेट बढ़ा कर छह गुना मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण और प्रशासन जिसे डूब क्षेत्र बता गरीबों को उजाड़ रहा है वहीं भाजपा के कई बड़े लोगों को नजूल मुक्त भूमि का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम के नाम पर वोट लेने वाले सांसद विधायक आज बोलने की हैसियत में नहीं हैं। आरोप लगाया कि 14 और पंचकोसी परिक्रमा क्षेत्र में सड़क, रामपथ निर्माण में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बड़ी रकम कमाई है। उन्होंने कहा कि मैं जिला अधिकारी से मांग करता हूं कि सपा प्रतिनिधि मंडल को प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय दिया जाए, अयोध्या में लूट को प्रमाण के साथ रखा जाएगा। प्रवक्ता ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय को कटघरे में खड़ा किया।



- **विकास के नाम पर अयोध्या में हो रही है संगठित लूट**

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट महासचिव को पिता तुल्य मानते हुए आदर करते हैं लेकिन उन्हें अंहकार से बाहर आना चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि शंकराचार्यों को छत्र व दंड लेकर आने से रोकना न केवल उनका अपमान है बल्कि अयोध्या के लिए शर्मनाक भी। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह अयोध्या वासियों की ओर से क्षमा मांगते हैं। उन्होंने कहा कि एक चैनल में ट्रस्ट महासचिव का बयान सामने आया कि विपक्ष के लोग शांत रहे तो उन्हें भी प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व मंत्री ने सवाल किया कि आडवाणी और जोशी को निमंत्रण देकर मना करने वाले ट्रस्ट महासचिव किस तरह से मर्यादा की परिभाषा गढ़ते हैं।

## सार संक्षेप

### रिसर्च कंपनी के कर्मचारियों को दिया गया आईएफए अवार्ड



**मेरठ।** इंटरनैशनल फॉर्मोस्ट अवार्ड (आईएफए) द्वारा मेरठ की प्रतिष्ठित रिसर्च कंपनी के प्रो रिसर्च को बेस्ट रिसर्च कम्पनी का अवार्ड मिला। सभी कर्मचारियों को आई एफए अवार्ड दिया गया। सर्वप्रथम गणेश पूजा के साथ डायरेक्टर पुनीत राणा, मयंक अग्रवाल विश्वास राणा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आई एफए द्वारा के-प्रो रिसर्च की डायरेक्टर दिव्या चौहान को बेस्ट रिसर्च कम्पनी का अवार्ड दिया गया। तत्पश्चात संस्था के सभी कर्मचारियों को उनकी विशेषताओं के लिए उन्हें अवार्ड दिया गया। आई एफए के डायरेक्टर पुनीत राणा ने बताया की आगे भी संस्था का उद्देश्य सभी श्रेणी में बेस्ट चुनकर उन्हें अवार्ड देना है। जिससे उन्हें भविष्य में अच्छे काम करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। और उनकी कार्यकुशलता निखरेगी। निदेशक मयंक अग्रवाल ने बताया भविष्य में जल्दी ही आई एफए द्वारा विभिन्न श्रेणियों जैसे शिक्षा, पत्रकारिता, चिकित्सा, व्यापार, आदि में अवार्ड दिए जाएंगे, आगे होने वाली अवार्ड सेरेमनी सीबीएससी स्कूलों के लिए कि जाएगी, जिसके अंतर्गत विभिन्न विशेषताओं के साथ 25 स्कूल नोमिनेट किए जाएंगे। मिडिया प्रभारी विश्वास राणा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रीना राघव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋतु राणा, दिव्या चौहान, रित्विक चौहान, मनीषा राणा, परी, प्रतीक, अदिति, सुंदर आदि का विशेष योगदान रहा।

### अयोध्या में हनुमान जी महाराज के बिना श्रीराम की पूजा अधूरी


**अमेठी।** मान्यता है कि अयोध्या में हनुमान जी महाराज के बिना श्रीराम की पूजा अधूरी मानी जाती है। जिससे रामभक्त सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद रामलला के दर्शन पूजन करते हैं। इसी लिए हनुमान जी महाराज को अयोध्या का राजा कहा जाता है। हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने बताया कि सरयू नदी के दाहिने तट के सबसे ऊंचे टीले पर पहले एक गुफा थी। इसी गुफा से हनुमान जी महाराज रामकोट और राम जन्मभूमि की सुरक्षा करते थे। लेकिन अब गुफा के स्थान पर मंदिर में पवन पुत्र हनुमान महाराज विराजमान है। कहा जाता है कि तीन सौ साल पहले महंत अभयाराम दास के सहयोग से गुफा के ऊपर मंदिर का निर्माण कराया गया था। इसमें 76 सीढ़ियों को चढ़ने के बाद हनुमान जी महाराज के दर्शन होते हैं।

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सर पटाखा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा से बलात्कार करने वाले गांव के युवक विकास वर्मा को पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज हेमन्त कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरपतहां थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह घर से स्कूल जा रही नाबालिग बालिका गांव के सुनसान स्थान से गुजर रही थी, इसी बीच गांव का ही एक युवक विकास वर्मा उसे जबरदस्ती सरसों के खेत में खींच ले गया।

# विज्ञापन के क्षेत्र में रोजगार के अपार संभावनाएं

**मेरठ,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। यदि आप पत्रकारिता एवं जनसंचार का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए विज्ञापन के क्षेत्र में भी रोजगार प्राप्त करने के अपार अवसर है जिसमें आप अपना शानदार करियर बना सकते हैं प्राचीन काल से ही विज्ञापन का युग चला आ रहा है और यह अब अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है आजकल सभी अपने उत्पादों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना चाहते हैं जिससे कि उन्हें एक नई पहचान मिल सके और यह कार्य करने के लिए बहुत सी विज्ञापन एजेंसी अग्रणी भूमिका निभा रही है विज्ञापन का मूल परिणाम प्रसिद्धि, समृद्धि और ख्याति होता है जिन लोगों ने इस मूल मंत्र को समझकर अपने जीवन में अपनाया है उन्हें इस क्षेत्र में अपार सफलता प्राप्त हुई है विज्ञापन व्यवसाय में नई सोच एवं विचारों का होना जरूरी है भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है



और यहां पर लोकसभा, विधानसभा एवं स्थानीय चुनाव में लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का सबसे अच्छा एक मात्र साधन ही विज्ञापन है इन चुनाव में प्रत्येक दल विज्ञापन के माध्यम से अपने वोटर पर पकड़ बनाता रहा है आज के आधुनिक युग में विज्ञापन के कई माध्यम है जैसे माउथ पब्लिसिटी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आउटडोर मीडिया, सोशल मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन और इवेंट विज्ञापन आदि देखने को मिलते हैं इन सभी विज्ञापनों में अरबो रुपए का व्यापार प्रतिदिन होता है।

# मवाना तहसील रोड पर पैठ व्यापारियों का कब्जा, जाम

**मवाना,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना वीआईपी तहसील रोड पर रविवार को पैठ के व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है, जाम के चलते मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में पैठ के लरेगों ने वाहन खड़े कर कब्जा कर लिया और गेट के सामने दुकानें लगा दी गई, जिस कारण एम्बुलेंस जाने-आने में परेशानी हुई। इस मामले में एसडीएम अखिलेश यादव नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नोटिस दे चुके है लेकिन पालिका प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मवाना नगर में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक पैठ लगाई जाती है, जिसका ठेका नगर पालिका ने छोड़ा हुआ है। नागरिक बताते है कि ठेका केवल पालिका मैदान का है, जबकि पैठ की दुकानें प्रत्येक रविवार को तहसील जाने वाली वीआईपी रोड, सीएचसी गेट, नगर को जाने वाला रास्ता सभी पर पैठ के व्यापारियों का कब्जा रहता है। नगर पालिका ने ठेका



- **सीएचसी परिसर तक पहुंचे वाहन, गेट रहा बंद**
- **एसडीएम रोड जाम पर ईओ को दे चुके है नोटिस**

छोड़ने के बाद नागरिकों की परेशानी पर कभी ध्यान नहीं दिया। वीआईपी रोड दोनों ओर से जाम हो जाती है, जबकि वीआईपी रोड पर पैठ नहीं लगनी चाहिए। इस मामले को लेकर अनेक व्यापारी एसडीएम से लिखित में शिकायत कर चुके है। शिकायत के बाद एसडीएम अखिलेश यादव ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नोटिस देकर न्यायालय में तलब किया था लेकिन उस कार्रवाई का पालिका प्रशासन पर कोई असर नहीं हुआ।

नागरिक आरोप लगाते है कि पालिका के अफसर मेरठ निवास करते है, इस कारण उन्हें मूल सुविधाओं और वीआईपी रोड पर जाम रहने से कोई सरोकार नहीं है।

### मार्निंग वॉक करने वालों को परेशानी

रविवार देर शाम सात बजे तक पैठ के व्यापारी वीआईपी रोड पर गंदगी फैला देते हैं और सुबह सात बजे तक सफाई नहीं की जाती। मार्निंग वॉक करने वाले वरिष्ठ नागरिक इस बात की शिकायत करते रहते है कि गंदीग के कारण वीआईपी नाम की रोड से गुजरना मुश्किल हो जाता है। कई बार पालिका प्रशासन से कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पालिका प्रशासन को रविवार को देर रात इस रोड की सफाई करा देनी चाहिए चाहिए ताकि मार्निंग वॉक के समय बुजुर्ग लोग साफ वातावरण में सांस ले सके। पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि इस बारे में पालिका अफसरों से बात करके सफाई व्यवस्था और वीआईपी रोड पर दोनों ओर जाम ना रहे पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराई जायेगी।

# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, तहरीर दी

**मवाना,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। आदर्श कन्या इंटर कालेज भैंसा उर्फ भीष्मनगर की प्रबंध समिति फिर से बहाल हो गई है। कालेज की प्रबंध समिति बहाल होने के बाद अजब सिंह अध्यक्ष बन गए हैं। कालेज में प्रशासक कार्यकाल के दौरान का हिसाब मांगने को लेकर पूर्व प्रधानाचार्या व अध्यक्ष के बीच फिर विवाद हो गया। अध्यक्ष अजब सिंह पर जानलेवा हमला किया गया। घायल अध्यक्ष अजब सिंह ने जानलेवा हमला करने की तहरीर दी है, वहीं पूर्व प्रधानाचार्या ने भी कालातीत प्रबंध समिति के अध्यक्ष के खिलाफ मारपीट करने की तहरीर दी है। भीष्मनगर के कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उच्च न्यायालय के 12 दिसम्बर 2023 को जारी निर्णय में प्रबंध समिति को बहाल कर दिया गया और कालेज से प्रशासक को हटा दिया था। प्रबंध समिति ने अपनी सहमति से शिक्षिका दीपमाला को

- **आदर्श कन्या इंटर कालेज भैंसा का मामला**

कार्यवाहक प्रधानाचार्या बना दिया था। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजब सिंह ने पूर्व प्रधानाचार्या पूनम रानी से छह माह की फीस व बसों के किराये का हिसाब मांगा था, जो अभी तक नहीं दिया गया। तहरीर के अनुसार छह जनवरी 24 को पूर्व प्रधानाचार्या पूनम रानी ने उनके साथ विवाद करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने घायल अध्यक्ष की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए उनकी डाक्टरी कराई। उन्होंने तहरीर में पूर्वप्रधानाचार्या पूनम रानी के कालेज आने पर रोक लगाने की मांग की है। दूसरी ओर प्रधानाचार्या पद का दावा करते हुए पूनम रानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब से उन्होंने कालेज में पद भार ग्रहण किया है, उनके साथ प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। शनिवार छह जनवरी को कालेज में दोपहर डेढ़ बजे सभी बच्चों की छुट्टी कर दी। इसी बाबत पूछे जाने पर उनके साथ मारपीट की गई। आरोप लगाया कि उनका मोबाइल छीन लिया और उन पर हमला किया गया। तहरीर में आरोप लगाया कि उन्हें घसीटते हुए कालेज से बाहर निकाल दिया। मवाना पुलिस इन दोनों तहरीर की जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी। इस कालेज में सात अक्टूबर 23 को कालेज की प्रबंध समिति को भंग करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ द्वितीय प्रशासक के रूप में तैनात हुए थे।



गढ़ रोड स्थित अलंकृता गार्डन में फन एण्ड लर्न कंपनी की ओर से बच्चों द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं एक डेंटल कैंप भी लगाया गया। जिसमें डा. रेनु डागुर व डा. आशीष द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की और अच्छे स्वास्थ्य को परख सर्टिफिकेट दिए। प्रदर्शनी में विजेता शाह, मीनल व पूजा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। फोटो देशबन्धु

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस बेंदी के समीप चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने फायरिंग कर दी। गोली चलते ही पुलिस कर्मी सतर्क हो गए। उन्होंने भी जबावी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई और पुलिस ने उसे दबोच लिया। बदमाश को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए बदमाश का नाम नाम हिमांचल यादव पुत्र रामगोपाल बताया है। वह धोनई थाना नगला खंगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस तथा तीन खोखा कारतूस बरामद किए है। पकड़ा गया बदमाश शातिर अपराधी है। उस पर जनपद के साथ-साथ मैनपुरी आगरा जिले में भी डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है। उस पर गैंगस्टर लूट हत्या का प्रयास के मुकदमे दर्ज है।

**आयोजन** डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल बालक वर्ग का हुआ आगाज

# 24 राज्यों के लगभग नौ सौ विद्यार्थी ले रहे प्रतियोगिता में भाग

**मेरठ,** 7 जनवरी (देशबन्धु)। डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल, मेरठ के तत्वाधान में आयोजित कराई जा रही चार दिवसीय डी ए वी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल, 2024 अंडर 14, 17, 19 (बालक वर्ग) के फुटबॉल एवं हॉकी खेलों का आगाज दिनांक 7.1.2024 को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आर.पी. सिंह ( संयुक्त सचिव सीबीएसई), विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विरोत्तम तोमर, अथर अली, (सीनियर क्रिकेट कोच), डॉ अनुराग रस्तोगी (प्रधानाचार्य सम्राट अशोक इंटर कॉलेज), नमन भारद्वाज (अध्यक्ष खेल प्रोत्साहन संगठन) ने कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रतिस्पर्धा में उपस्थित होकर मंच को शोभायमान किया। सर्वप्रथम डॉ.अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी यूपी जोन ए तथा स्टेट कोऑर्डिनेटर डी ए वी स्पोर्ट्स)ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को नव चेतना से परिपूर्ण नई पौध, शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल, 2024 (बालक वर्ग) अंडर 14, 17, 19 मे 24 राज्यों के लगभग 900 स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। खेलों का आयोजन कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम, आई वी इंटरनेशनल स्कूल तथा आईआईएमटी अकेडमी में



- **अंडर 14, 17, 19 कैटेगरी में हो रहे मैच**
- **डीएवी का खेल के क्षेत्र में किया जाने वाला सहयोग प्रशंसनीय : डा.आरपी सिंह**

किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ खेलो-खेलो डीएवी के संग खेलो उत्साह पूर्ण गीत के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात डीएवी ध्वजा को ऊपर उठाते हुए एकता में अनेकता का प्रतिरूप मार्च-पास्ट द्वारा एकजुटता की भावना को साकार किया एवं खेल जगत के प्रति प्रतिबद्धता तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण की और विशिष्ट अतिथि ने प्रकाश प्रज्वलित करते हुए खेलों की शुरुआत करने की घोषणा की। डॉ.आर.पी.सिंह (संयुक्त सचिव सीबीएसई) ने अपने वक्तव्य में डीएवी की प्रशंसा करते हुए कहा कि डीएवी का खेल के क्षेत्र में किया जाने वाला सहयोग प्रशंसनीय है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थी अध्ययनशील होने के साथ-साथ खेल जगत में अपना नाम रोशन करते हैं तथा उनका विकास चहुंमुखी होता है। अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी, यूपी जोन ए तथा स्टेट कोऑर्डिनेटर डी ए वी स्पोर्ट्स) ने अपने संबोधन में कहा कि, डी ए वी का नाम सदैव खेल के क्षेत्र में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहता है। डी ए वी ने विद्यार्थियों में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव एक अहम भूमिका का निर्वाह किया है। इसी परिकल्पना को साकार करते हुए डी ए वी ने 2024 नव वर्ष का आरंभ नेशनल्स के माध्यम से करते हुए विद्यार्थियों में एक नए उत्साह का संचार किया है। खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल भावना का संचार करती हैं। डॉ.अल्पना शर्मा ने इस आयोजन में प्रतिभागी बनकर आए सभी छात्रों को शुभेच्छा प्रदान करते हुए, सभी राज्यों के प्रभारी अध्यापकों, समस्त राज्यों के अधिकारी वर्ग तथा मीडिया वर्ग का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा एक सूक्ति खेलेगा डीएवी, बढ़ेगा डीएवी, चमकेगा डीएवी कहकर अपने वक्तव्य को विराम दिया।

## ट्रक की टक्कर से सफाईकर्मी की मौत

**बहराइच,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में रविवार को गोंडा-लखनऊ मार्ग जरवल रोड बस स्टॉप के निकट ट्रक की टक्कर से जरवल टाउन में तैनात एक सफाई कर्मी की मौके पर मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जरवलरोड थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बंभौरा निवासी राजू वाल्मीकि निवासी जरवल नगर पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे। रविवार सुबह वह ड्यूटी के लिए बस स्टैंड पैदल जा रहे थे। गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के बस स्टॉप के पास ट्रक ने सफाई कर्मी को टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक सुबह पप्पू सिंह के मकान के पास चाय का ठेला लगता है। वहां चाय पीकर जरवल टाउन ड्यूटी जा रहा था।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## बहन इरा की शादी में पियानो बजाएंगे आजाद

**मुंबई,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के सबसे छोटे बेटे आजाद अपनी बहन इरा खान की शादी के उत्सव में पियानो पर प्रस्तुति देंगे। इरा उदयपुर में नुपुर शिखरे के साथ फेरे लेने के लिए तैयार है। शादी का उत्सव 7 जनवरी से 10 जनवरी तक चलेगा। सूत्रों के मुताबिक, आमिर ने कार्यक्रम स्थल पर शहनाई के साथ एक विशेष प्रदर्शन की भी व्यवस्था की है। सूत्र ने बताया, 'इरा और नुपुर की शादी का उत्सव 7 से 10 जनवरी तक होगा और आमिर बड़े पैमाने पर व्यवस्था की देखभाल कर रहे हैं। मेनू में गुजराती और महाराष्ट्रीयन व्यंजन शामिल होंगे।

## अमेरिका में जेएन.1 अब 62 फीसदी कोविड-19 मामलों के लिए है जिम्मेदार : सीडीसी

**न्यूयॉर्क,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) का अनुमान है कि ओमिक्रॉन के वंश से अत्यधिक संक्रामक जेएन.1 प्रमुख कोविड-19 वेरिएंट है, जो अमेरिका में 62 प्रतिशत एसएआर-कोव-2 मामलों का कारण बनता है। शुक्रवार को जारी सीडीसी के नवीनतम अनुमानों में 55 से 68 प्रतिशत कोविड मामलों के लिए है जेएन.1 वेरिएंट को जिम्मेदार माना गया है। कहा गया है कि क्रिसमस से पहले अमेरिका में 39 से 50 प्रतिशत मामले थे। पिछले सप्ताह कोविड-19 के लगभग 34,800 नए मामले दर्ज किए गए। पिछले डेटा अपडेट के बाद से 20.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और मौतें भी 12.5 फीसदी बढ़ी हैं। अपशिष्ट जल निगरानी डेटा से यह भी पता चलता है कि अमेरिका में कोविड-19 वायरल स्तर 'बहुत अधिक' है।



हालांकि, सीडीसी का कहना है कि फिलहाल इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेएन.1 अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है। एजेंसी ने यह भी नोट किया कि मौजूदा टीकों से जेएन.1 के खिलाफ सुरक्षा बढ़ने की उम्मीद है। सीडीसी के डेटा के मुताबिक, बुखार, खांसी और अन्य लक्षणों के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के स्तर भी बढ़े हैं। तेजी से फैलने के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जेएन.1 वेरिएंट को वीओआई के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो इस समय लगभग 41 देशों में मौजूद है। इसका पहली बार अगस्त में लक्ज़मबर्ग में पता चला था।

जेएन.1 अपने मूल बीए.2.86 की तरह है, लेकिन स्पाइक प्रोटीन में एक अतिरिक्त उत्परिवर्तन (एल455एस) है, जिसमें प्रतिरक्षा-विरोधी गुण हैं। सीडीसी ने कहा कि जेएन.1 के मामले लगातार बढ़ने से पता चलता है कि यह वेरिएंट या तो अधिक संक्रामक है या अन्य परिसंचारी वेरिएंट की तुलना में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने में सक्षम है। जेएन.1 के मामले दुनियाभर के अधिकांश क्षेत्रों में भी पाए गए हैं।

## अयोध्याः मंदिर निर्माण प्रक्रिया को विघ्नों से बचाने को चल रहा है वेद पाठ

**अयोध्या,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर निर्माण को सभी विघ्न बाधाओं से बचाने के लिए आज अर्थात् देवोत्थानी एकादशी से जन्मभूमि के निकट वेद पाठ चल रहा है। महाराष्ट्र के विद्वान इस पाठ को संपन्न करा रहे हैं। यह पाठ 22 फरवरी तक चलेगा। पांच बटुकों की टोली प्रतिदिन इसे संपन्न कराती रहेगी। इसमें से दो वेदपाठी और तीन याग्निक है। प्रत्येक पंद्रह दिन में टोली बदल जाती है। श्री सद्गुरू ग्रुप के अध्यक्ष यशवंत कुलकर्णी के निर्देशन में यह आयोजन चल रहा है। विद्वानों का कहना है कि सकारात्मकता का प्रसार करने और राम के समय की अयोध्या को स्थापित करने के लिए यह अनुष्ठान बहुत प्रभावी होगा। बटुक देवेंद्र परसर्निकर का कहना है कि इसमें सभी बटुक बिना दक्षिणा के सेवा भाव से आ रहे हैं। इसके अलावा ठाकुर जी को भी वेदों के मंत्र सुनाये जाते हैं। हर शनिवार को हनुमानगढ़ी में भी अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वेद अनुष्ठान का समय सुबह नौ से साढ़े बारह और शाम को तीन से साढ़े छः बजे तक का है। इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी भैया जी जोशी एवं विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री विनायक राव ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय, शहीद कोठारी बंधुओं की बहन पूर्णिमा कोठारी, नागपुर के महानगर संघचालक राजीव जी लोया आदि इसमें भाग ले चुके हैं।



### अयोध्या कार्यक्रम के लिए अमरोहा का मुस्लिम परिवार कर रहा है टोपियां तैयार

अमरोहा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रति अनुग्रहित भावों से भरा अमरोहा का एक हुनरमंद मुस्लिम परिवार टोपियां तैयार करने में जुटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर में भगवान राम के बालरूप प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। यह सभी सनातनियों और भगवान श्री राम के अनुयायियों के लिए गौरव का क्षण होने वाला है। इस दौरान कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भगवा टोपी बनाने का काम अमरोहा का बेग परिवार कर रहा है। अमरोहा के बटवाल मोहल्ले के निवासी नसीम बेग बताते हैं कि आप कल्पना नहीं कर सकते कि मुझे कितना फक्र महसूस महसूस हो रहा है कि जब 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर अमरोहा में निर्मित पचास हज़ार टोपियां अपनत्व आत्मीयता और सद्भाव की मिसाल कायम करेंगी।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली गयी भव्य शोभा यात्रा

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पडरौना के जूनियर हाईस्कूल स्कूल के प्रांगण से आज प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्री राम की जन्म से लेकर लव कुश की झांकियों के साथ पुरुष, महिलाएं, बच्चे डीजे पर झूमते हुए पूरे नगर का भ्रमण किए। पडरौना के जूनियर हाईस्कूल स्कूल के प्रांगण से श्री राम जी की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष ने शोभा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि पडरौना की धरती पर ऐसा पहला भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकली है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु इकठ्ठा हो कर झांकियों के साथ झूमते हुए पूरे नगर का भ्रमण किए। 22 जनवरी को सुबह के 10 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक अपने - अपने ग्राम सभा, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में सभी रामभक्त को एकत्र होकर भजन कीर्तन करना, बड़े पर्दे पर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव साथ में देखना, शंखध्वनि, घंटानाद एवम प्रसाद वितरण करते हुए सभी मंदिरों में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन, आरती-पूजा करना है ।

## डेडली में नजर आयेगी टाइगर श्रॉफ-वरुण धवन और जान्हवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। टाइगर श्रॉफ-वरुण धवन और जान्हवी कपूर की जोड़ी फिल्म 'डेडली' में नजर आयेगी। फिल्म डेडली का निर्माण करण जौहर कर रहे है, जबकि निर्देशन राज मेहता करेंगे। डेडली की कहानी अनुराग कश्यप लिख रहे हैं। फिल्म डेडली में पहली बार जान्हवी और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म में वरुण धवन विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे।





## अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फैमिली वेकेशन से अपनी बेटी मालती मैरी की मनमोहक तस्वीरें की शेयर

**लॉस एंजेलिस,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास इन दिनों अपनी फैमिली के साथ वेकेशन पर हैं। अभिनेत्री ने अपनी बेटी मालती मैरी की यॉट से एक मनमोहक झलक शेयर की है, जिसमें उनकी बेटी अपने पापा निक जोनस के साथ यॉट की स्टीयरिंग व्हील को पकड़कर गा रही है।

तस्वीरें और वीडियो में प्रियंका के साथ उनकी बेटी और पति निक जोनास भी शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर अपने वेकेशन की कई तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'साल 2023 मैंने ऐसे ही बिताया था और शायद अभी भी मैं ऐसे ही बिता रही हूं। यहां 2024 में शांति, राहत, परिवार, प्यार, खुशी और कम्युनिटी को हाइलाइट किया गया है। अपने प्रियजनों को लोगों को पास रखें। अगर हम ऐसा कर सकते हैं तो हम बहुत भाग्यशाली हैं, नया साल मुबारक हो। परिवार मेक्सिको में नए साल का जश्न मना रहा था। पहली तस्वीर में निक समुद्र किनारे मालती मैरी को पकड़े हुए थे और प्रियंका उनके बगल में बैठी हैं। अगली क्लिप में प्रियंका और मालती समुद्र को देख रही हैं। अन्य तस्वीर में जब अभिनेता ने सेल्फी ली तो मालती प्रियंका के करीब थी। उनकी आउटिंग की कई अन्य तस्वीरों में तीनों को एक यॉट पर दिखाया गया था, जब मालती यॉट की स्टीयरिंग व्हील पकड़कर गा रही थी और निक ने उसे पकड़ रखा था।



## कंगना रनौत ने कलाकार होने का सबसे अच्छा पहलू बताया

**मुंबई,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक कलाकार के सबसे अच्छे हिस्से का खुलासा करते हुए एक नोट लिखा। उन्होंने कहा कि जब भी कलाकार सार्वजनिक रूप से बाहर निकलते हैं तो प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करते हैं। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट में लिखा, 'एक चमत्कार है जो तब होता है जब वे किसी कलाकार को सार्वजनिक रूप से देखते हैं।' कंगना ने लिखा, 'एक कलाकार होने के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी लोग आपको हवाईअड्डे पर लाउंज में, विमान में, किसी दुकान, रेस्तरां या सड़कों पर घूमते हुए देखते हैं तो उनके चेहरे एक बड़ी मुस्कान के साथ चमकते हैं जैसे कि कोई चमत्कार हुआ हो।' उन्होंने आगे कहा, 'वे अक्सर चमकती आंखों के साथ मुस्कुराते हैं, कभी-कभी रोते भी हैं, कभी-कभी अपने शब्दों को लेकर लड़खड़ाते हैं या सेल्फी लेने की कोशिशों में कांप जाते हैं, अचानक आप भी उनकी आंखों के माध्यम से अपनी उपस्थिति की चमक महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि वास्तव में क्या हो रहा है और इसे करने का सबसे उपयुक्त तरीका क्या है। जो है ही नहीं उस पर नियंत्रण पाना असंभव है।' आगे कहा, 'एक सिनेमा स्टार का 'मिथ' अब तक का सबसे प्यारा झूठ है, मुझे मुस्कुराहट और आंसुओं के इस मूर्खतापूर्ण व्यवसाय पर आश्चर्य होता है।' कंगना अगली बार पीरियड ड्रामा इमरजेंसी में नजर आएंगी, जहां वह फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाएंगी।



## यूपी बोर्ड ने छात्रों की समस्याएं सुलझाने के लिए 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया

**प्रयागराज ( यूपी ),** 7 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी/यूपी बोर्ड) ने अपने छात्रों के लिए एक समर्पित 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया है। यह पोर्टल यूपी बोर्ड से संबद्ध 27 हजार से अधिक स्कूलों के करोड़ों वर्तमान और पूर्व छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए बनाया गया है। इसके जरिए 15 दिन के भीतर शिकायतों का समाधान किया जाएगा। यह किसी छात्र या उसके अभिभावक को यूपी बोर्ड के मुख्यालय या उसके क्षेत्रीय कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना किया जाएगा। यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने शनिवार को छात्रों के लिए एक समर्पित 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में हर साल 55 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होते हैं। इतने सारे उम्मीदवारों के कारण, उनके शैक्षिक रिकॉर्ड में त्रुटियों की संख्या भी आनुपातिक रूप से अधिक है। उम्मीदवारों को प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली और गोरखपुर में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर इन त्रुटियों को हल करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से इच्छुक और जरूरतमंद लोगों को पहली बार 13 विभिन्न प्रकार की सेवाएं/सुविधाएं ऑनलाइन प्रदान की जाएंगी।




समस्याओं का 15 दिन के भीतर समाधान न होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## श्रीनगर व जम्मू में मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात

**श्रीनगर,** 7 जनवरी (एजेंसियां)। श्रीनगर और जम्मू दोनों शहरों में रविवार को इस सीजन की अब तक की सबसे ठंडी रात देखी गई, जब न्यूनतम तापमान क्रमशः शून्य से 5.6 और 3.4 डिग्री नीचे गिर गया। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं के साथ तीव्र शुष्क शीत लहर ने कश्मीर में लोगों की तकलीफें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के बयान में कहा गया है कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 5.6, गुलमर्ग में माइनस 4.4 और पहलगाम में माइनस 6.5 रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 15.3 और कारगिल में माइनस 14.3 रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 3.4, कटरा में 6, बटोटे में 2.1, भद्रवाह में माइनस 0.2 और बनिहाल में माइनस 2.2 रहा। कड़ाके की ठंड की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे 'चिल्लई कलां' के नाम से जाना जाता है, 21 दिसंबर को शुरू हुई और 30 जनवरी को समाप्त होगी।





गर्मियों के महीनों के दौरान पीने और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की स्थानीय लोगों की उम्मीदें चिल्लई कलां के शेष हिस्से पर टिकी हैं। यदि चिल्लई कलां के शेष भाग के दौरान पर्याप्त बर्फबारी होती है, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा, अन्यथा आने वाली गर्मियां स्थानीय लोगों के लिए मुश्किलें लेकर आएंगी।

## भारत 6जी संचार की खोज में बढ़ रहा आगे

**नई दिल्ली,** 7 जनवरी (एजेसियां)। भारत ने हाल ही में दुनिया का सबसे तेज़ 5जी रोलआउट हासिल किया है। भारत संचार क्षितिज पर आगे 6जी या छठी जनरेशन की संचार तकनीक बनाने की दिशा में प्रगति शुरू करने में ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक अवधारणा चरण (कॉन्सेप्ट स्टेज) में होने के बावजूद, 6जी संयुक्त मानव-मशीन और मशीन-मशीन कनेक्टिविटी के अपने वादे के साथ पहले से ही धूम मचा रहा है और भविष्य की झलक पेश करता है। अगली जनरेशन 6जी, 5जी तकनीक पर आधारित होगी। नये संचार ऐप्लिकेशन को बढ़ाने और चलाने के लिए 5जी की तुलना में लगभग 100 गुना तेज गति के साथ अधिक विश्वसनीय, अल्ट्रा-लो विलंबता और किफायती समाधान प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2023 में दिल्ली के विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) क्षेत्र कार्यालय और इनोवेशन केंद्र का उद्घाटन किया था। पीएम ने यहां भारत 6जी विजन दस्तावेज़ का भी अनावरण किया और देश में 6जी आर एंड डी टेस्ट बेड लॉन्च किया। भारत 6जी विज़न दस्तावेज़ में भारत को 2030 तक 6जी प्रौद्योगिकी के डिजाइन, विकास और तैनाती में अग्रणी योगदानकर्ता बनने की परिकल्पना की गई है। पीएम ने देश में प्रौद्योगिकी अपनाने की तेज गति पर जोर देते हुए कहा था कि भारत में दुनिया के सबसे तेज 5जी रोलआउट के ठीक छह महीने बाद भारत 6जी पर चर्चा कर रहा है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सहयोगात्मक प्रयासों के साथ-साथ आईटीयू के 6जी विजन फ्रेमवर्क को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 6जी मानकीकरण को प्राथमिकता देने में भारत के दूरसंचार विभाग के प्रयासों के परिणामस्वरूप 6जी प्रौद्योगिकी के प्रमुख तत्वों के रूप में सर्वव्यापी कनेक्टिविटी, सर्वव्यापी इंटेलिजेंस और स्थिरता को सफलतापूर्वक अपनाया गया है और अंतरर्राष्ट्रीय




दूरसंचार क्षेत्र में भारत की स्थिति भी बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के लिए विशेष एजेंसी आईटीयू द्वारा छठी जनरेशन या 6जी तकनीक को %आईएमटी 2030% नाम दिया गया है। 22 जून 2023 को स्वीकृत 6जी फ्रेमवर्क के लिए आईटीयू की सिफारिश, 6जी अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) में एक आधार दस्तावेज के रूप में काम करेगी और दुनिया भर में 6जी प्रौद्योगिकी के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

